हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 05.02.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 191 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### नेपाल से तुर्की जा रहे विमान में आग कोलकाता में इमर्जेंसी लैंडिंग

**कोलकाता :** नेपाल की राजधानी काठमांडू से तुर्की के इस्तांबुल जा रही तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट की कोलकाता में बुधवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में आग लगने की सूचना मिलते ही कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। विमान में 236 यात्री सवार थे। सभी यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। विमान के कैप्टन ने कोलकाता एटीसी को बताया कि उनकी फ्लाइट के दाहिने इंजन में आग लगने की आशंका है। इसलिए विमान को इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी जाये। इसके बाद विमान को कोलकाता के दमदम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान की लैंडिंग के साथ ही एयरपोर्ट पर इमर्जेंसी सर्विसेज एक्टिव कर दी गयीं। एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया कि विमान की 14 :49 बजे लैंडिंग करायी गयी। विमान की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट टेक-727 काठमांडू से इस्तांबुल जा रही थी। उन्होंने बताया कि तुर्की एयरलाइंस यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था कर रही है। फिलहाल कोलकाता एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य है। फ्लाइट टीके727 को जांच पूरी होने तक ग्राउंडेड रखा गया है।

### जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**किश्तवाड़ :** किश्तवाड़ जिले के दिच्छर इलाके में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक और आतंकवादी को मार गिराया है। आज ही सुरक्षा बलों ने उधमपुर जिले में एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया था। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने किश्तवाड़ इलाके में घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद भागे आतंकियों से फिर संपर्क हो गया है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा कि किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवादियों की तलाश में निरंतर जारी अभियान के दौरान घने जंगलों और दुर्गम इलाकों में कई मुठभेड़ें हो चुकी हैं।

### राष्ट्रपति ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में किए दर्शन

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा दौरे के तीसरे दिन बुधवार को पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व उन्होंने पारंपरिक पितृ कर्म भी संपन्न किए। पुरी पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सबसे पहले श्वेतगंगा में पिंडदान किया, जो पितृ अनुष्ठानों से जुड़ा एक पवित्र स्थल है। इसके बाद वह श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। मंदिर दर्शन के दौरान ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपटि और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहे। दर्शन के उपरांत श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति को खंडुआ रेशमी वस्त्र और ओडिशा की पारंपरिक कला पट्टचित्र भेंट किया गया। इस पट्टचित्र में भगवान जगन्नाथ को केंद्र में रखते हुए दशावतार का सजीव चित्रण किया गया है।

# केंद्र का सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं अधिकार के लिए लड़ाई होगी : हेमन्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** कोयला नगरी धनबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस पूरे जोश और राजनीतिक संदेशों के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केंद्र सरकार पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे झारखंड लड़कर लिया गया, वैसे ही राज्य के हक-अधिकार के लिए भी हर मोर्चे पर संघर्ष किया जाएगा। सीएम ने कहा कि धनबाद कोयले के कारण दुनिया में अलग पहचान रखता है, लेकिन यहां की सार्वजनिक कंपनियों में आउटसोर्सिंग के जरिए निजी कंपनियों को घुसाकर बाहर से मजदूर लाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा, क्योंकि कंपनियों को डर है कि लोकल लोगों को रखने से आंदोलन होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देना ही होगा, नहीं तो अपना हक-अधिकार लेकर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी मेहनत और बलिदान के बाद झारखंड राज्य मिला है, इसलिए झारखंड विरोधी ताकतों को दोबारा खड़ा होने का मौका नहीं देना है। गांव और शहर के बीच किसी तरह का भेद नहीं होना चाहिए, क्योंकि गांव भी हमारा है और शहर भी हमारा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य को पटरी पर लाने का प्रयास किया है, लेकिन केंद्र में बैठी सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इसके बावजूद झारखंड चुप नहीं बैठेगा। अधिकार के लिए राजनीतिक लड़ाई भी होगी और जरूरत पड़ी तो कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। सीएम सोरेन ने आरोप लगाया कि झारखंड को जानबूझकर गरीब और कमजोर बनाया गया, ताकि दूसरे राज्यों का विकास किया जा सके। वहां इमारतें और सड़कें बनें, इसके लिए मजदूर झारखंड से भेजे गए। उन्होंने कहा कि अगर नीति-निर्धारकों का नजरिया झारखंड के प्रति सही होता, तो यह राज्य देश में अग्रणी राज्यों में होता। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को लंबे समय तक गरीबी, यातनाएं और अशिक्षा झेलनी पड़ीं। यही वजह थी कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अलग राज्य का बिगुल फूंका। अनगिनत बलिदानों के बाद झारखंड अस्तित्व में आया, लेकिन वर्षों तक झारखंड विरोधी ताकतें सत्ता में रहीं और राज्य को कमजोर किया गया। मुख्यमंत्री ने धनबाद की क्रांतिकारी धरती को नमन करते हुए कहा कि यह वह भूमि है, जहां से आदिवासी-मूलवासी, किसान और मजदूरों को नेतृत्व मिला। भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, तिलका मांझी, बिनोद बिहारी महतो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और बलिदान ने झारखंड को अलग पहचान दी। सीएम ने दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज का दिन राज्य को संवारने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि झारखंड को मजबूत, आत्मनिर्भर और न्यायपूर्ण राज्य बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ें।

## मनरेगा ग्रामीण जीवन की रीढ़, महिला भागीदारी से मिली नई ताकत : मंत्री




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मनरेगा झारखंड के ग्रामीण जीवन की रीढ़ बन चुका है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस योजना को नई शक्ति प्रदान की है।

वो रांची में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन Sharing the Experience and Success Stories and Felicitating the Best Performing Mahila Mate को संबोधित कर रही थीं, जहां उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला मेट्स को सम्मानित किया गया।

मंत्री ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस योजना के तहत जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था, ग्रामीण सड़क, तालाब, कुएं और अन्य स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण कर गांवों में विकास की मजबूत नींव रखी जा रही है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि मनरेगा के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका मिले और पंचायत स्तर पर निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और अधिक सशक्त हो। उन्होंने कहा कि महिला मेट्स ने जमीनी स्तर पर जवाबदेही, पारदर्शिता और कार्यकुशलता का नया मानक स्थापित किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मान समारोह उन महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गांवों के विकास को आगे बढ़ाया और मनरेगा को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया।कार्यक्रम के दौरान महिला मेट्स ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं, जिससे राज्य में समावेशी, सशक्त एवं टिकाऊ ग्रामीण विकास की दिशा में नई प्रेरणा मिली।

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में जोरदार बहस सीएम ममता बनर्जी ने खुद रखा अपना पक्ष



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में एसआईआर पर जोरदार बहस चल रही है। ममता बनर्जी की एसआईआर संबंधी याचिका पर यह सुनवाई चल रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद कोर्ट रूम में मौजूद हैं। सुनवाई शुरू होने के बाद सबसे पहले ममता का पक्ष वकीलों ने रखा। शुरूआत में मुख्यमंत्री आगे की पंक्ति में नहीं बैठीं थी, लेकिन सुनवाई शुरू होने के कुछ ही समय बाद ममता बनर्जी ने अपनी सीट बदल ली। वह पहली पंक्ति में आकर बैठ गयी। वरिष्ठ वकील कपिल सिबल वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल हुए हैं, जबकि श्याम दीवान कोर्ट रूम में बहस की शुरूआत की।

श्याम दीवान ने कोर्ट में कुछ दस्तावेज पेश किया हैं और न्यायाधीशों से उसे देखने का अनुरोध किया है। उनका अनुरोध है कि इसे ऑनलाइन प्रकाशित किया जाए। यह बताने का अनुरोध किया गया है कि तार्किक विसंगति किस कारण से कही जा रही है। तार्किक विसंगति का कारण बताने का अनुरोध किया गया है। राज्य सरकार का कहना है कि अंतिम सूची प्रकाशित करने के लिए 11 दिन शेष हैं। सुनवाई 7 फरवरी तक चलेगी। अभी 32 लाख लोगों की सुनवाई बाकी है। चार दिनों में सुनवाई पूरी करने के लिए प्रतिदिन 15 लाख लोगों की सुनवाई करनी होगी। लोग चार से पांच घंटे तक लाइन में इंतजार कर रहे हैं। इन सबके बीच मुख्यमंत्री ने बोलने की कोशिश की।

कपिल सिबल के भाषण के बीच में ही मुख्यमंत्री ने बोलना शुरू किया। तब जजों ने उन्हें बोलने की अनुमति दी। मुख्यमंत्री ने न्यायाधीशों को धन्यवाद दिया। उन्होंने गुहार लगाई- हमें न्याय नहीं मिल रहा है। पूरा देश बेनजीर भुट्टो जैसी स्थिति का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री ने न्यायाधीश के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा-मुझे न्याय नहीं मिल रहा है। मैंने राष्ट्रीय चुनाव आयोग को छह बार पत्र लिखा है।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन खत्म, युमनाम खेमचंद ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**इंफाल :** हिंसाग्रस्त मणिपुर को लंबे राष्ट्रपति शासन के बाद अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया है। मार्शल आर्ट के धुरंधर मैतेई समुदाय के युमनाम खेमचंद सिंह ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर आज शपथ ली। इससे पहले आज उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

धायक दल की मंगलवार को बैठक हुई, जिसमें खेमचंद को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में भाजपा विधायक दल की डेढ़ घंटे बैठक चली, जिसमें खेमचंद के नाम पर सहमति बनी थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, पर्यवेक्षक तरुण चुघ की उपस्थिति में भाजपा मुख्यालय में विस्तार से हुई विधायक दल की बैठक में कई



नामों पर विचार हुआ था।

### बीरेन सिंह की पसंद को नहीं मिली तवज्जो

चर्चा है कि कुकी बनाम मैतेई समुदाय के बीच संतुलन साधने के लिए नई सरकार में कुकी समुदाय को उपमुख्यमंत्री की कुर्सी मिलेगी। हालांकि, मुख्यमंत्री के मामले में लिए गए निर्णय से साफ है कि पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की पसंद को तवज्जो नहीं मिली। बीरेन सात बार के विधायक मैतेई समुदाय के ही गोविंद दास को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कुकी बनाम मैतेई में खूनी संघर्ष के बीच बीरेन ने कई बार केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शों की अवहेलना की। हालांकि, बीरेन को राज्यसभा भेजने का आश्वासन दिया गया है।

मणिपुर में अगले साल मार्च में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नए सीएम के सामने सबसे बड़ी चुनौती मैतेई बनाम कुकी संघर्ष के बीच ऐसा संतुलन साधना है, जिससे विधानसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान न हो। पार्टी चाहती है कि आगामी चुनाव से पहले मणिपुर में जमीनी स्तर पर शांति बहाली हो।

खेमचंद सिंह ने शपथ लेने के बाद कहा कि उनका नेतृत्व मणिपुर को शांति, विकास और सुशासन के पथ पर ले जाएगा। बीजेपी ने दिल्ली में विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से एनडीए विधायक दल का नेता चुना था। खेमचंद सिंह मेइती समुदाय से हैं। उनके साथ दो उपमुख्यमंत्री भी शपथ लेने वाले हैं - नेमचा किपगेन (कुकी समुदाय) और लोसि दीखो (नागा समुदाय)। इससे जातीय संतुलन बनाए रखने की कोशिश दिखती है। नए गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम भी शपथ ग्रहण में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू था। मई 2023 में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच भड़की जातीय हिंसा को संभालने को लेकर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

## लोकसभा में हंगामे के चलते पीएम मोदी नहीं दे सके जवाब

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में शाम पांच बजे बोलने वाले थे। पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देना था। लेकिन जोरदार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी। पीठासीन संध्या राय ने लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी और पीएम मोदी का संबोधन टल गया।

इसे लेकर अब बीजेपी ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री जहां बैठते हैं, विपक्ष के लोग वहां तक चढ़ गए थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की महिला सदस्यों ने पीएम की चेयर का घेराव किया और उनकी मंशा प्रधानमंत्री पर हमले की थी। मनोज तिवारी ने विपक्षी सदस्यों पर सदन में बवाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की महिला सांसदों को हमारे वरिष्ठ मंत्री ने समझाया



और वापस जाने का निवेदन करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नहीं आ सकते। लेकिन महिला सांसद सुनने को तैयार नहीं थीं। मनोज तिवारी ने दावा किया कि विपक्ष के सांसद मारपीट करने वाले हाव-भाव के साथ आए थे। वहीं, सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक चिराग पासवान की अगुवाई वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद राजेश वर्मा ने भी लोकसभा में हुए घटनाक्रम को लेकर बयान दिया है। राजेश वर्मा ने कहा है कि विपक्ष के कुछ सांसद हाथों में बैनर-पोस्टर लिए ऐसे दौड़ रहे थे, जैसे वह सड़क पर हों। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों ने ऐसा माहौल बना दिया, कि हम हाथापाई पर उतर जाएं।

एलजेपीआर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्ष की महिला सांसद ट्रेजरी बेंच की तरफ बढ़ीं। उन्होंने कहा कि विपक्षी महिला सांसद जहां पीएम बैठते हैं, उससे दो कतार पीछे तक पहुंच गईं और निशिकांत दुबे की तरफ बढ़ने लगीं। अश्विनी वैष्णव और अन्य मंत्री उन्हें समझाने लगे, लेकिन वो महिला सांसद आगे बढ़ रही थीं। बाद में कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा ने सभी से वापस आने को कहा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जैसा मैंने कहा, पीएम मोदी संसद में नहीं आएंगे। राहुल गांधी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वो डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

कांग्रेस की महिला सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि जोतिमणि, गनीबेन ठाकुर और हम निशिकांत दुबे की ओर बढ़े। प्रधानमंत्री तब सदन में नहीं थे। हमने निशिकांत दुबे से कहा कि निशिकांत क्या बोल रहे थे महिलाओं को लेकर, इधर आओ इधर आओ। इस पर निशिकांत वहां से जाने लगे। हमने ये कहा कि भाग रहा है, भाग रहा है। इस दौरान एनडीए की महिला सांसद भी उधर से आने लगी थीं। बाद में टेंशन डिफ्यूज किया गया और हम सभी वापस लौट आए।

### पीएम मोदी डरे हुए हैं, इसीलिए संसद नहीं आए : राहुल

**नयी दिल्ली :** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण नहीं हो सका। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, इसलिए सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और बयान भी साझा किया। इस वीडियो में वो पहले ही ये बात कह चुके थे। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम मोदी लोकसभा नहीं आएंगे। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। साझा किए गए वीडियो में राहुल गांधी दोपहर के समय कहते दिख रहे हैं कि उन्हें लगता है कि पीएम सदन में नहीं आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पीएम आते तो वह उन्हें एक किताब सौंपते और उस पर चर्चा की मांग करते। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा चल रही थी, जिसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देना था। लेकिन सदन में लगातार हंगामा जारी रहा। पीठासीन सभापति संध्या राय ने शाम पांच बजे कार्यवाही शुरू करते समय सांसदों से सदन चलने देने की अपील की, फिर भी विरोध जारी रहा।

## जेफरी एपस्टीन फाइलों में ट्रंप, क्लिंटन गेट्स, मस्क समेत कई दिग्गजों के नाम

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के चर्चित सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन की जारी की गई गोपनीय फाइलों के अशों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, बिल गेट्स, एलन मस्क और पूर्व प्रिंस एंड्रयू जैसी हस्तियों के नाम शामिल है। एपस्टीन के कथित पीड़ित यह जानकर हैरान हैं कि न्याय विभाग ने बिना संपादित की हुई न्यूड तस्वीरें जारी कर दीं। हालांकि उन्हें बाद में हटा दिया गया। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया कि यह जानकारी सबसे पहले द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबरों में दी गई। दोषी बाल यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी अब तक लाखों फाइलें जारी की जा चुकी हैं। यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। ताजा रहस्योद्घाटन में पूर्व में जारी की गई फाइलों में किए गए दावों में विरोधाभास दिखता है। मसलन अरबपति टेक उद्योगपति एलन मस्क की एक ई-मेल में एपस्टीन के आइलैंड पर एक वाइल्ड पार्टी में शामिल होने की कथित इच्छा। मस्क ने आइलैंड पर जाने या ऐसी किसी पार्टी में शामिल होने से इनकार किया है। फाइलों में अनगिनत अजीब खुलासे हैं। इसमें मार्था स्टीवर्ट का एपस्टीन का मोबाइल फोन का नंबर पाने की कोशिश करना और केटी कूरिक का उसकी पार्टी की तारीफ करना। यही नहीं, नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस की बेवफाई के बारे में कुछ अजीब टिप्पणियां। सेलिब्रिटी डॉक्टर पीटर एटिया के भद्दे मजाक। न्यूयॉर्क जायंट्स के सह-मालिक स्टीव टिश का महिलाओं के पीछे पड़ने का दावा। इन व्यक्तियों के फाइलों में नाम शामिल होने का यह मतलब नहीं है कि उन्होंने एपस्टीन के अपराधों में हिस्सा लिया। बिल गेट्सः ताजा रहस्योद्घाटन में बिल गेट्स और एपस्टीन के रिश्तों पर खास चर्चा है। मगर यह साफ नहीं है कि एपस्टीन के ई-मेल अकाउंट में सेव किए गए 2013 के ड्राफ्ट मैसेज किसने लिखे। ऐसा लगता है कि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर को धोखे में रखकर उनकी भावनाओं का दस्तावेजीकरण किया गया। ड्राफ्ट में गेट्स और उनकी तत्कालीन पत्नी मेलिंडा के बीच वैवाहिक कलह का जिक्र है।

## एक नजर

### दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बरही :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री स्व अजीत पवार के निधन पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की बरही इकाई की ओर से न्यू कॉलोनी बरही में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष पूर्व विस प्रत्याशी महेश ठाकुर ने सर्वप्रथम अजीत पवार जी के चित्र पर पुष्प अर्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद बारी बारी से पुष्प अर्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर महेश ठाकुर ने कहा कि अजीत दादा मृदुलभाषी एवं मधुरभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। सभी कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। मौके पर बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्यशी सह जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर दिपेश ठाकुर, रामकुमार रविदास, प्रेमचन्द राम, चन्दन रविदास, गोपाल भुइयां, विश्वनाथ रविदास, गोपी कुमार, सूरज कुमार सहित अन्य लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### विधायक ने पथ एवं पुल निर्माण का किया शिलान्यास



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत अंतर्गत जरजरा चौक से गरसूला जाने वाली मुख्य सड़क पर तेतरिया नाला में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया।विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि इस पुल के बन जाने से क्षेत्र वासियों के लिए एक बड़ी समस्या का समाधान होगा। बताते चले की बीते बरसात में भारी वर्षा के कारण यह पुल बाढ की तेज धारा में पूरी तरह से बह गया था।फिलहाल नाले में मिट्टी डालकर आवागमन जारी था।वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरसुल्ला से लेकर ग्राम बिहड़ गांव के आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया लोगों का मांग था किया।पुल एवं पथ का निर्माण का कार्य करवाया जाए। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से मुखिया चरका करमाली , विजय यादव, सुनील उरांव, मेघन यादव, शराफत अली , शंकर साव, सिकंदर सोरेन, विनोद बेदिया, प्रकाश सिंह, कार्तिक उरांव, जुगेश बेदिया , संजय साव, राजेंद्र बेदिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने लापता दो नाबालिग छात्र को किया बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माउंट कारमेल इंग्लिश मीडियम विद्यालय, रुगुड़साई स्थित छात्रावास से लापता हुए दो नाबालिग छात्रों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों के साथ-साथ विद्यालय प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार इराज पिंगुवा ( 12 ) और समीर जेराई ( 13 ), छात्र 02 फरवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे छात्रावास से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। बच्चों के वापस नहीं आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, परंतु जब कोई जानकारी नहीं मिली तो जगन्नाथपुर थाना में लिखित आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर थाना में सनहा संख्या (20/26 एवं 21/26, ) तीन फरवरी 2026 को दर्ज किया गया और मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा को दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जगन्नाथपुर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसने तुरंत जांच एवं खोज अभियान शुरू किया।

# सुदूरवर्ती क्षेत्र हेन्देगिर में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिवशक्ति महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहन संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हेन्देगिर बस्ती में आगामी बैठक 20 फरवरी से आयोजित होने वाली पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिव शक्ति महायज्ञ 2026 एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को विधिवत ध्वजारोहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पुजारी सतेंद्र दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज पूजन के साथ की गई। इसके पश्चात यज्ञ समिति के सदस्यों ने विधि-विधानपूर्वक धर्म ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के दौरान क्षेत्र हर-हर महादेव और जय



श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ध्वजारोहण के बाद श्रद्धालुओं द्वारा पूरे बस्ती का भ्रमण करते हुए देवी-देवताओं का आह्वान किया गया तथा ग्रामीणों को महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्या नीतू मुंडा, शिवशंकर मुंडा, रविशंकर जायसवाल, सोमा मुंडा, महादेव गंझु, दिनेश गंझु, कुलदीप सिंह, बिशुन मुंडा, रामकिसून मुंडा, संजय ठाकुर, पप्पू सिंह, शिबू मुंडा, डमरू गंझु समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। यज्ञ समिति ने बताया कि महायज्ञ के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## विभावि के कुलपति के पहल पर विद्यार्थी भेजे गए गुजरात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** गुजरात के गांधीनगर में दस दिवसीय शैक्षिक परिभ्रमण तथा संगोष्ठी में सम्मिलित होने के लिए विभावि के शिक्षाशास्त्र विभाग के २२ विद्यार्थियों का दल मंगलवार को प्रस्थान किया। विभाग के द्वारा इन विद्यार्थियों का चयन किया गया। इन विद्यार्थियों के नेतृत्व हेतु विभागीय प्राध्यापक डॉ रजनीश कुमार तथा डॉ अमिता कुमारी को उपदेशक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। ये विद्यार्थी भारतीय अध्यापक शैक्षिक संस्थान, गांधी नगर, गुजरात तथा गुजरात विद्यापीठ जाएंगे। अपने झारखंड राज्य की संस्कृति को दशार्ने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी वहां करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति महोदय मंगलवार को विधिवत पूरी टीम को शुभकामनाएं देकर गंतव्य के लिए रवाना किया। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ तनवीर यूनुस, शिक्षक डॉ विनीता बांकीरा, डॉ कुमारी भारती सिंह अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भी पूरे दल को शुभकामनाएं दी। दल के उपदेश तथा सभी विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे।

## चौपारण में शब-ए-बारात अकीदत व अमन के साथ संपन्न, मस्जिदें व कब्रिस्तान रोशनी से जगमगाए





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के 26 पंचायत व 269 गांव में शब-ए-बारात त्यौहार शांतिपूर्ण, अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। मगरिब की अजान होते ही मस्जिदों को सजा दिया गया एवं कब्रिस्तान रोशनी से जगमगा उठा। मस्जिदों में अकीदतमंदों ने महफिलें पाक का आयोजन करवाया। कुरान की तिलावत की और नफ़्ल नमाज अदा की। इलाकों में शब-ए-बारात की रात कब्रिस्तानों और दरगाहों पर अकीदतमंदों की आवाजाही देखने को मिली। वहां उन्होंने फातिया पढ़कर अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी, और रोजा रखा। प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के गांव कमलवार में भव्य मिलाद शरीफ की महफिल सजाई गई। जिसमें कोडरमा से तशरीफ लाए हाफीज जमाल ने अपने नात शरीफ एवं शायरी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी नात, हर तरफ कुफ्र ने कोहराम मचा रखा है, मैने हर हाल में ईमान बचा रखा है, जैसे अन्य कलाम को लोगो ने खूब सराहा। वही हाफीज हकीम ने नात शरीफ पढ़कर माहौल को इबादत व अकीदत से साराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मदरसे के बच्चे-बच्चियों ने भी नात शरीफ पढ़कर और विभिन्न प्रकार के नाटक प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। वहीं इमाम मुमताज आलम साहब ने शब-ए-बरात की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रात अल्लाह की रहमतों और बरकतों की रात होती है, जिसमें बंदों की मगफिरत होती है और दुआएं कबूल की जाती हैं। महफिल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। सभी ने अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की। मिलाद शरीफ कार्यक्रम की संपूर्ण मीडिया कवरेज पत्रकार अक्सर अंसारी द्वारा की गई। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में हसन एवं उनके मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि अतहर हुसैन, मकसूद अंसारी, शाहबाज अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बड़कागांव के 300 विद्यार्थी आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित

- विद्यालय सचिव व प्रबंधकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड में संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष एवं मॉडर्न हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इब्राहिम की अध्यक्षता में पुनः जिला शिक्षा पदाधिकारी को संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि प्रखंड के सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 300 बच्चों का अभी भी आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठने से संबंधित परीक्षा प्रपत्र फॉर्म बीते दिनों राज्य सरकार एवं जिला उपायुक्त के निदेर्शानुसार ठंड एवं शीतकालीन अवकाश घोषित किये जाने के कारण जैक पोर्टल पर सबमिट नहीं हो पाया। जिसको लेकर अभी तक विद्यालय सचिव एवं प्रबंधकों में नाराजगी है। वहीं बच्चों के भविष्य का सवाल है । बच्चों के अभिभावक रोजाना विद्यालय प्रबंधन समिति पर दबाव बना रहे हैं । चूंकि अभी तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हो या जिला शिक्षा पदाधिकारी या फिर जैक बोर्ड सचिव हो, कहीं से भी इन बच्चों के लिए परीक्षा में बैठने से संबंधित किसी भी तरह का कोई सूचना एवं आश्वासन नहीं मिली है। ज्ञात हो कि इसी मामले को लेकर बड़कागांव के वंचित विद्यालयों के सचिव एवं प्रबंधकों ने 22 जनवरी को झारखंड अधिविध परिषद रांची, जैक सचिव को संयुक्त ज्ञापन सौंपा था। जिस पर अभी तक कोई पहल नहीं हो पाया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष एवं मॉडर्न हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इब्राहिम, संत मेरी स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश टेटे, शांति आश्रम स्कूल के प्रधानाध्यापक गुलेश्वर साव, गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक लखन महतो, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक तारकेश्वर कुमार, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## कपिल केशरी बने एनएचआरए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय संगठन सचिव बने राजकुमार यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी का विस्तार करते हुए बरही के प्रतिष्ठित समाजसेवी कपिल प्रसाद केशरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पूर्व के प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव को प्रोन्नति देते हुए राष्ट्रीय संगठन सचिव का पद पर मनोनीत किया गया। दोनों पदाधिकारियों का मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं प्रदेश संयोजक भरत यादव के संयुक्त अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन ने किया है। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन करते हुए राष्ट्रीय कमेटी ने दोनों पदाधिकारियों को संगठन विस्तार एवं मजबूती के लिए कार्य करेंगे। मनोनयन के बाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी तथा राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हेंदी गई है, उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय




महासचिव संजय कुमार सुमन, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पांडेय, प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव,महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय,महासचिव मंजू सिंह, विधि प्रभारी उदय सिंहा, विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, सचिव प्रो हीरामन साव जगदीश दास,प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव, प्रमंडल अध्यक्ष हीरा देवी, कामिनी देवी, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, महासचिव प्रभाकर पाठक, मो तैयब, मनोज कुमार, महेश प्रसाद, शरीफुल हक आदि ने बधाई दी है।

## बजट में झारखंड को मिला केवल आश्वासन, जमीनी राहत नदारद : किशोरी राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** नव झारखंड फाउंडेशन की केंद्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी किशोरी राणा ने केंद्र सरकार के बजट 2026 पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे झारखंड के लिए निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य को वास्तविक राहत देने के बजाय केवल "लॉलीपॉप थमाने" जैसा है। उनके अनुसार, इस बजट पर "एक आंख में काजल और दूसरी में सुरमा" वाली कहावत पूरी तरह सटीक बैठती है, जिसमें दिखावा तो बहुत है, लेकिन जमीनी सच्चाई से कोई सीधा सरोकार नहीं दिखता। किशोरी राणा ने कहा कि झारखंड आज गंभीर बेरोजगारी,



बड़े पैमाने पर पलायन और युवाओं के भविष्य के संकट से जूझ रहा है। खनिज संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद राज्य के युवा रोजगार की तलाश में महानगरों और अन्य राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सैकड़ों प्रवासी मजदूरों की मौत हो चुकी है, जबकि कई मजदूर विदेशों में फंसे रहे, जिन्हें बाद में सरकारी हस्तक्षेप से सुरक्षित वापस लाया गया। इसके बावजूद केंद्र सरकार झारखंड की वास्तविक स्थिति को समझने और स्वीकार करने में विफल रही है। उन्होंने बजट में झारखंड के नाम पर घोषित योजनाओं को अप्रत्यक्ष और भ्रमित करने वाला बताया। नगर आर्थिक क्षेत्र योजना के लिए प्रस्तावित पांच हजार करोड़ रुपये, पूर्वोदय पहल, परिवहन व्यवस्था और खनन से जुड़ी नीतियां कागज पर आकर्षक लग सकती हैं, लेकिन इससे आज का बेरोजगार युवा तत्काल रोजगार से नहीं जुड़ पाएगा। उनके अनुसार, इन योजनाओं का लाभ भविष्य में मिलने की बात कही जा रही है, जबकि वर्तमान संकट के समाधान के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। किशोरी राणा ने रांची स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के उन्नयन की घोषणा को सकारात्मक कदम बताया, लेकिन सवाल उठाया कि झारखंड को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), मेगा औद्योगिक पैकेज और विशेष रोजगार मिशन जैसी प्रत्यक्ष विकास योजनाओं से वंचित क्यों रखा गया। उन्होंने कहा कि संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद झारखंड को बार-बार नजरअंदाज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह बजट झारखंड के लिए प्रत्यक्ष विकास का नहीं, बल्कि केवल भविष्य के वादों का बजट है, जिसमें आज की पीड़ा का कोई ठोस इलाज नहीं है और सिर्फ आने वाले कल के सपने दिखाए गए हैं। अंत में किशोरी राणा ने केंद्र सरकार से मांग की कि झारखंड जैसे संसाधन-सम्पन्न लेकिन पिछड़े राज्य के लिए विशेष आर्थिक पैकेज, स्थायी रोजगार योजनाएं और पलायन रोकने की ठोस नीति तत्काल लाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया, तो राज्य के युवाओं का सरकार से भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी स्वयं सरकार की होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बीडीओ ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण




**बरही :** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। बरही क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा ली जा रही है। पहली पाली में मैट्रिक की जबकि दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा चल रही है। इसी क्रम में बुधवार को बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन की समग्र स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा परीक्षा कक्षों, नियंत्रण कक्ष एवं केंद्र परिसर में तैनात कर्मियों की उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने केंद्राधीक्षक एवं अन्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की सुविधा ना हो तथा निर्धारित परीक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए, और कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि प्रखंड प्रशासन द्वारा मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा के सफल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक सुरक्षा तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी की जा रही है।

### एसजीएफआई जूडो खिलाड़ी रिया कुमारी सम्मानित, खेलो झारखंड में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया बरही का मान



**बरही :** खेलो झारखंड प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही की आठवीं कक्षा की छात्रा रिया कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय सहित पूरे बरही का नाम रोशन किया है। रिया डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही की पहली छात्रा हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की एसजीएफआई जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रभारी इंचार्ज नरसिंह शर्मा ने रिया को एसजीएफआई जूडो प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के कई जूडो खिलाड़ी विगत वर्षों से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। रिया को एसजीएफआई प्रमाण पत्र मिलने पर जूडो कोच प्रिंस मिश्रा, शारीरिक शिक्षक राजेश सिंह व एनसीसी अधिकारी डॉ दीपक शरण, मुकेश कुमार, अमित चतुवेर्दी, ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चपरी के पास दर्दनाक हादसा, कार पलटने से 8वीं के छात्र की मौत, दो युवक घायल



**चौपारण :** प्रखंड के सेल्हारा रोड स्थित चपरी के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलट गई और पीछे बैठे एक किशोर का दरवाजा खुलने से बाहर गिरकर खंभे से टकराने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पाण्डेयबारा भुइयां टोली निवासी पूजन भुइयां के 13 वर्षीय पुत्र राजा भुइयां के रूप में हुई है। वह उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाण्डेयबारा का आठवीं कक्षा का छात्र था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं इस दुर्घटना में कार में सवार दो अन्य युवक विकास भुइयां और टिंकू भुइयां भी घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार काफी तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### सुरक्षा में लापरवाही बनी हादसे की वजह, पानी टंकी से गिरकर युवक की मौत



**चौपारण :** प्रखंड के चैथी पंचायत भवन के समीप निमार्णाधीन पानी टंकी से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की शाम की बताई जा रही है। मृतक की पहचान चैथी निवासी रामस्वरूप ठाकुर के छोटे पुत्र गोंगा उर्फ धनेश्वर ठाकुर के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार पानी टंकी निर्माण कार्य करा रहे संवेदक द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी दुर्घटना का कारण बना। निर्माण स्थल पर अब तक सुरक्षा के लिए गेट नहीं लगाया गया है। साथ ही टंकी निर्माण के दौरान खड़ा किया गया बांस भी नहीं हटाया गया, जिससे वहां आसपास के युवाओं का जमावड़ा लगा रहता था। बताया जाता है कि मंगलवार शाम को धनेश्वर ठाकुर अपने दोस्तों के साथ पानी टंकी पर चढ़ गया था। इसी दौरान वह बांस के सहारे नीचे उतर रहा था। तभी अचानक बांस टूट गया और वह नीचे गिर पड़ा। गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अन्य युवकों ने तत्काल उसे सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। चैथी पंचायत की मुखिया गुलाबी यादव ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना संवेदक की जिम्मेदारी होती है, लेकिन इसमें गंभीर लापरवाही बरती गई। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक नजर

### हाई कोर्ट ने खारिज की फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका

**रांची** : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) द्वारा उगाही के रूप में वसूली गई लेवी की राशि को शेल कंपनी के माध्यम से निवेश किए जाने से जुड़े मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने आरोपित फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका खारिज कर दी है। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने बुधवार को फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे नामंजूर कर दिया। सुनवाई के दौरान फुलेश्वर गोप की ओर से अदालत को बताया गया कि वह शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक अवश्य थे, लेकिन कंपनी में उनकी हिस्सेदारी मात्र पांच प्रतिशत थी। प्रार्थी पक्ष ने यह भी दलील दी कि कंपनी में पीएलएफआई द्वारा वसूली गई लेवी की कोई राशि निवेश नहीं की गई है तथा फुलेश्वर गोप का प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। वहीं राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से अदालत को बताया गया कि शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड एक शेल कंपनी थी, जिसके माध्यम से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई द्वारा अवैध रूप से अर्जित लेवी की राशि को विभिन्न कार्यों में निवेश किया जाता था।

### जयदेव प्रसाद सिंह पर करोड़ों के गबन का आरोप, एफआईआर की तैयारी में एसीबी

**रांची** : एसीबी ने झारखंड स्टेट आदिवासी को-ऑपरेटिव वेजिटेबल मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) के तत्कालीन प्रबंध निदेशक जयदेव प्रसाद सिंह के विरुद्ध पद के दुरुपयोग और करोड़ों रुपये के सरकारी धन के गबन की पुष्टि कर दी है। पीई में पुख्ता सबूत मिलने के बाद, एसीबी ने 29 जनवरी 2026 को लोकायुक्त को पत्र लिखकर जयदेव प्रसाद सिंह के खिलाफ नियमित प्राथमिकी दर्ज करने की आधिकारिक अनुमति मांगी है। इसके साथ ही जांच रिपोर्ट की एक प्रति मंत्रिमंडल निगरानी एवं सचिवालय विभाग को भी भेज दी गई है ताकि विभाग को पूरे मामले की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके। यह मामला 2021 से चल रहा है। लोकायुक्त की अनुशंसा पर तत्कालीन डीजी एसीबी के आदेशानुसार 19 फरवरी 2021 को प्रारंभिक जांच दर्ज की गई थी। जांच के दौरान वेजफेड में हुई वित्तीय अनियमितताओं की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय दल का गठन किया गया था।

### हाई कोर्ट ने सीयूजे झारखंड के रजिस्ट्रार को आज पेश होने का दिया आदेश

**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके रजिस्ट्रार को कल (गुरुवार) को सुबह 10:30 बजे अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है. हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने पीएचडी प्रवेश मामले में यूनिवर्सिटी के शपथ-पत्र को 'झूठा' बताते हुए प्रथम दृष्टया कोर्ट को गुमराह करने का माना है. दरअसल, याचिकाकर्ता अमित कुमार चौबे ने इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग में वर्ष 2023-24 सत्र के लिए पीएचडी सीटों पर प्रवेश नीति को चुनौती दी है. यूनिवर्सिटी ने अपने 22 अगस्त 2025 के पूरक शपथ-पत्र में दावा किया था कि वर्ष 2023-24 सत्र में तीन ओबीसी सीटें खाली थीं, जो सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को नहीं दी जा सकती थीं. इन्हें अगले सत्र में कैरी फॉरवर्ड कर दिया गया.

# प्रेस समाज का सजग प्रहरी, लोकतंत्र का चौथा स्तंभ : राज्यपाल संतोष गंगवार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची प्रेस क्लब द्वारा जे. के. इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी, अगरु, रातू में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मीडिया समाज का सजग प्रहरी है। इसे लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि जनचेतना को जागृत करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का सशक्त आधार है। राज्यपाल ने कहा कि मीडिया से जुड़े साथी दिन-रात परिश्रम कर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि आपसी सौहार्द, समन्वय और आत्मीयता को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट हमें धैर्य, रणनीति और टीमवर्क का महत्व सिखाता है। दो दिन पूर्व राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद के दौरान भी झारखंड में खेल प्रतिभाओं की असीम संभावनाओं पर चर्चा हुई थी। यदि कम आयु से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिले तो राज्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां छू सकता है।

राज्यपाल ने खेलों के विकास में मीडिया की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब मीडिया खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रमुखता देता है, तो वह हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बनती है। उन्होंने पत्रकारों से अपने पुराने संबंधों का भी स्मरण किया। उन्होंने टूर्नामेंट की सफलता की कामना करते हुए हाल ही में समपन्न रांची प्रेस क्लब चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### चांसलर पोर्टल की समस्याओं को लेकर राधाकृष्ण किशोर ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची** : राज्य के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चांसलर पोर्टल से जुड़ी दिक्कतों को लेकर बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल सह झारखंड विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने राज्यपाल को बताया कि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के अंतर्गत ए।के। सिंह कॉलेज के छात्रों को चांसलर पोर्टल में कई तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के कारण छात्रों को पंजीयन (रजिस्ट्रेशन), शैक्षणिक कार्यों और अन्य जरूरी प्रक्रियाओं में परेशानी हो रही है। मंत्री ने राज्यपाल से आग्रह किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए जाएं, ताकि चांसलर पोर्टल से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान हो सके और छात्रों को बिना परेशानी काम करने की सुविधा मिले। राज्यपाल ने मामले को गंभीर बताते हुए छात्रों के हित में जरूरी कदम उठाने की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उच्च शिक्षा से जुड़े तकनीकी सिस्टम को बेहतर बनाने और समस्याओं को समय पर दूर करने की कोशिश की जाएगी।

## दिग्गजों के साथ मेयर पद के लिए रोशनी खलखो ने भरा पर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी के नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार रोशनी खलखो ने आज गाजे-बाजे और समर्थकों के भारी हुजूम के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान रांची की सड़कों पर भगवा लहर और ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी।

रोशनी खलखो के नामांकन में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उनके साथ नामांकन जुलूस में राज्य के कई कद्दावर चेहरे नजर आए। जिसमें सी।पी। सिंह, नवीन जायसवाल समेत भाजपा के कई जिला स्तरीय पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता भी इस दौरान मौजूद रहे। नामांकन के लिए निकलने से पहले समर्थकों की भारी भीड़ जमा हुई।

## खादगढ़ा बस स्टैंड में बसों में आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : खादगढ़ा बस स्टैंड में छह बसों में आग लगने की घटनाओं के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपित अर्जुन भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सिकिदरी का रहने वाला है। उसके कब्जे से एक माचिस का डब्बा और एक लाइटर बरामद हुआ है। नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गत एक फरवरी को खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी छह बसों में आग लगने की घटना हुई थी। इसके बाद 2 फरवरी को बस टर्मिनल के सामने खड़ी एक सिटी बस में भी आग लगी, जिसे समय रहते बुझा दिया गया। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में आग लगने से पहले एक संदिग्ध व्यक्ति को हाथ में कपड़ा लेकर बस में प्रवेश करते हुए देखा गया। इसके तुरंत बाद बस धू-धू कर जलने लगी। इसी आधार पर एक फरवरी की घटना के फुटेज की पुनः जांच की गई, जिसमें पाया गया कि उसी व्यक्ति ने पहली बस के पास भी आग लगने से कुछ मिनट पहले गुजरा था। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी अर्जुन भोक्ता को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया और उससे गहन पूछताछ जारी है।

## राज्य में अंधापन निवारण कार्यक्रम को मजबूती, 3.10 लाख रुपये की योजना स्वीकृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अंधापन निवारण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस योजना के अंतर्गत अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम की स्थापना से जुड़े मानव संसाधन के वेतन भुगतान के लिए 3।10 लाख रुपये की राशि के व्यय को स्वीकृति दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि राज्य में नेत्र रोगों की रोकथाम और समय पर इलाज के लिए अंधापन निवारण कार्यक्रम अहम भूमिका निभाता है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को समय पर जांच, उपचार और आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मानव संसाधन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वेतन भुगतान को जरूरी माना गया है।

योजना के तहत स्वीकृत राशि का उपयोग कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारियों के वेतन भुगतान में किया जाएगा, जिससे कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। विभागीय स्तर पर यह माना गया है कि प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता से कार्यक्रम के क्रियान्वयन में गति आएगी और लक्षित आबादी तक स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से पहुंच सकेंगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि योजना का संचालन तय वित्तीय नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। खर्च की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी और समय पर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस योजना से राज्य में अंधापन के मामलों की रोकथाम में मदद मिलेगी और विशेष रूप से ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। सरकार का लक्ष्य है कि आंखों से जुड़ी बीमारियों के कारण किसी को भी स्थायी दृष्टिहीनता का सामना न करना पड़े और लोगों को बेहतर जीवन गुणवत्ता मिल सके।

## सिल्ली में महिला पंचायत प्रतिनिधियों को मिला तीन दिवसीय प्रशिक्षण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : पंचायती राज विभाग द्वारा सिल्ली प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सशक्त पंचायत नेत्री अभियान विषय पर तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सुमानडीह पंचायत मुखिया सह मास्टर ट्रेनर अंजना देवी एवं विजेता कश्यप के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बड़ा चांगडु. बांसारूली, बन्ता हजाम उत्तरी, बन्ता हजाम दक्षिणी, बिसरिया, दोवाडू, गोड़ाडीह पंचायत के महिला जनप्रतिनिधि शामिल हुये। मास्टर ट्रेनर अंजना देवी ने बताया की यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत महिला प्रतिनिधियों की क्षमता वृद्धि, नेतृत्व विकास और प्रशासनिक समझ को मजबूत करने के उद्देश्य, सरकार की योजनाओं, पंचायतों की भूमिका, पारदर्शिता, जनभागीदारी तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई।

# स्वास्थ्य पर राजनीति पीड़ादायक, रिम्स-2 के निर्माण में सभी दल सहयोग करें: डॉ इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में की जा रही राजनीति पर गहरी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने राजनीतिक दलों के नेताओं से जनहित से जुड़े विषयों को राजनीति से ऊपर रखने की अपील की है।

बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान-टू (रिम्स-2) के निर्माण में सहयोग करें, जिससे कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि रांची स्थित राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार लाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान इस बात पर गंभीर मंथन किया गया कि रिम्स में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रोगी प्रवाह प्रबंधन (पेशेंट फ्लो मैनेजमेंट) को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े।

मंत्री ने कहा कि आज राज्य की जनता का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ा है और यही कारण है कि इतिहास में पहली बार रिम्स में हजारों की संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।



स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, मेरा स्पष्ट उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हर मरीज को बेहतर इलाज मिले और वह स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों को अपनाया जा रहा है, डॉक्टरों की बहाली की जा रही है, पैथोलॉजी लैब को सशक्त किया जा रहा है। साथ ही मैनपावर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सुविधाओं और आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि मरीजों को आधुनिक, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

रिम्स-2 के निर्माण को लेकर उठ रहे राजनीतिक सवालों पर मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका न कोई निजी स्वार्थ है, न किसी की जमीन पर नजर और न ही कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा। उन्होंने कहा, मैं विपक्ष के सभी नेताओं से विनम्र आग्रह करता हूं कि रिम्स-2 के निर्माण में मुझे सहयोग करने दें। मेरी केवल एक ही मंशा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पैसों की कमी कभी बाधा न बने।

मंत्री ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य के कई मरीज गंभीर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। वहां उन्हें भारी रकम खर्च करनी पड़ती है और कई बार इलाज के बावजूद जान नहीं बच पाती। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो परिजनों को अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार भी दूसरे राज्यों में करना पड़ता है, जो बेहद पीड़ादायक और चिंताजनक स्थिति है।

उन्होंने कहा, मैं आप सभी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि रिम्स-2 के निर्माण में सहयोग करें, ताकि हम लाखों लोगों की जान बचा सकें और राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने एक बार फिर सभी नेताओं से अपील की कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील और मानवीय विषय को राजनीति से ऊपर रखें और जनता की जान बचाने के इस प्रयास में एकजुट होकर साथ दें।

## संक्षिप्त खबरें

### कांटाटोली-सिरमटोली फ्लाईओवर की प्रगति पर जिला प्रशासन सख्त, किया स्थल निरीक्षण



**रांची** : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, सदर रांची कुमार रजत ने कांटाटोली-सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फ्लाईओवर निर्माण से जुड़े भू-अर्जन, भवन शिफ्टिंग, यूटिलिटी शिफ्टिंग और ट्रैफिक प्रबंधन से संबंधित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों और कार्यकारी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं पर भी चर्चा की गई और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा कांटाटोली-सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर परियोजना की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो और आम लोगों को जल्द राहत मिल सके।

### सांसद ने की होली पर रांची-हटिया से प्रमुख शहरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने की मांग



**रांची** : राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने होली पर्व के अवसर पर रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से देश के विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और संभावित असुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। डॉ. वर्मा ने पत्र में उल्लेख किया है कि रांची, झारखंड की राजधानी होने के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। इन्हीं कारणों से रांची और हटिया से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि होली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है, जबकि वर्तमान ट्रेन सेवाएं इस अतिरिक्त दबाव को संभालने में अक्सर असमर्थ रहती हैं। इसके परिणामस्वरूप यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा सूची, अत्यधिक भीड़ और गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। राज्यसभा सांसद ने मांग की है कि होली के अवसर पर रांची-हटिया से जम्मू, एनार्कुलम, अहमदाबाद, इंदौर, प्रयागराज, सिकंदराबाद, नई दिल्ली, गोरखपुर, बीकानेर, लखनऊ और जयपुर जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनें या अतिरिक्त फेरे संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को राहत मिलेगी, यात्रा व्यवस्था सुचारू होगी और पर्यटन व व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. वर्मा ने रेल मंत्रालय से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

### झारखंड में पछुआ हवा से बढ़ी ठंड तापमान में 3-4 डिग्री गिरावट के आसार

**रांची** : झारखंड में उत्तर-पश्चिमी (पछुआ) हवा के प्रभाव से बुधवार को दिनभर ठंड का अहसास बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में राज्य के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सुबह और रात के समय ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे का कुहासा छा सकता है, हालांकि दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो जाएगा। विभाग की ओर से गुरुवार को गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में कहीं-कहीं घने कुहासे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले बुधवार को भी राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग के कुछ इलाकों में घने कुहासे की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया था। कुहासे के कारण सुबह के समय दृश्यता प्रभावित होने की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे सुबह के समय हल्की ठंड महसूस की गई। वहीं दोपहर में धूप निकलने के कारण हल्की गर्मी का भी अहसास हुआ। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। साथ ही घने कुहासे के दौरान वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और आवश्यक सावधानियां अपनाने का आग्रह किया गया है।

### श्याम भक्ति में डूबा खाटूधाम, श्याम मित्र मंडल ने किया अखंड ज्योति पाठ



**रांची** : राजस्थान के प्रसिद्ध खाटूधाम स्थित श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी द्वारा बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बाबा को पेड़ा, मेवा एवं फल का भोग अर्पित किया गया। श्रृंगार एवं पाठ व्यवस्था की जिम्मेदारी श्याम सुंदर शर्मा, प्रताप मोदी, स्नेहा पोद्दार, अन्नपूर्णा सरावगी, नेहा सरावगी, राजीव केडिया, शोभा सिंघानिया, वेद भूषण जैन, विजयश्री साबू, सरिता कटारुका, सरिता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, रानू पोद्दार, नेहा अग्रवाल एवं डोली झुनझुनवाला ने संयुक्त रूप से निभाई। सभी ने मिलकर देवी-देवताओं एवं गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया। पाठ वाचक मनोज सेन ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात देवी-देवताओं एवं बाबा श्री श्याम के भजनों से दरबार में भक्तिमय वातावरण बन गया। उपस्थित सभी श्याम प्रेमियों ने एक-एक कर अखंड ज्योति में आहुति अर्पित की तथा अपनी मनोकामनाओं की अर्जी बाबा के चरणों में लगाई। भोजन प्रसादी की व्यवस्था राजकुमार सिंघानिया, राजीव केडिया, जय प्रकाश मित्तल, दीपक ठाकुर, अमित सरावगी, ऋषभ जैन, विनय छापड़िया एवं विनय मंत्री द्वारा की गई। पाठ के मध्य सुंदर एवं सुव्यवस्थित प्रसादी वितरण किया गया। देर शाम तक संगीतमय अखंड ज्योति पाठ से श्याम मित्र मंडल का भवन भक्तिरस में डूबा रहा। पाठ के समापन के बाद आरती संपन्न हुई, तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने रात्रि में खाटू श्याम जी के दरबार में दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं वहीं रात्रि विश्राम किया।

## एक नजर

### नगरपालिका चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने बनाया नियंत्रण कक्ष

**सिमडेगा :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 की घोषणा के उपरान्त निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग, रांची कार्यालय में नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी, दिशा-निर्देश एवं सूचनाएँ प्राप्त की जा सकेंगी। निर्वाचन से जुड़े किसी भी प्रकार के प्रश्न, शिकायत या जानकारी हेतु आम नागरिक दूरभाष संख्या 8987791131 एवं 8987791132 पर संपर्क कर सकते हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयावधि में आवश्यक मार्गदर्शन किया जा सकेगा।

### निगम चुनाव नहीं लड़ेंगे जुगल किशोर पूनम को दिया समर्थन

**पलामू :** रामनवमी कमिटी मेदिनीनगर के अध्यक्ष जुगल किशोर ने नगर निगम चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। शारीरिक रूप से फिट नहीं रहने और झामुमो आलाकमान के निर्देश पर उन्होंने यह निर्णय लिया। बुधवार को नावाटोली स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने औपचारिक ऐलान किया। उन्होंने इस चुनाव में झामुमो समर्थित उम्मीदवार पूनम सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया है। जुगल किशोर ने कहा कि स्वास्थ्य कारणों और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी जो भी निर्णय लेगी, वे उसके साथ पूरी मजबूती से खड़े रहेंगे और आने वाले चुनाव में पूनम सिंह के समर्थन में पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने जुगल किशोर के इस निर्णय को समर्पण का प्रतीक बताते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि जुगल किशोर का यह कदम पार्टी और संगठन के लिए प्रेरणादायी है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। महापौर पद की प्रत्याशी पूनम सिंह ने पार्टी नेतृत्व और जुगल किशोर से मिले समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरने और मेदिनीनगर के समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगी।

### अवैध बालू का परिवहन कर रहे तीन हाईवा और दो डंपर जब्त

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिला के चक्रधरपुर क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात को बिना वैध चालान के बालू ले जा रहे तीन हाईवा और दो डंपर वाहनों को जब्त किया। यह कार्रवाई चक्रधरपुर-सोनुआ मुख्य मार्ग पर की गई, जिससे अवैध बालू कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। जब्त किए गए वाहनों में हाईवा संख्या जेएच 06एल 3272, जेएच 05 बीजेड 3932 और ओडी 09ए 6361, जबकि डंपर संख्या जेएच 05एफ 3261 और जेएच 05वाई 1734 शामिल हैं। इन सभी वाहनों में करीब 2500 सीएफटी बालू लदा हुआ पाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, पोड़ाहाट, चक्रधरपुर के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पांचों वाहनों को चक्रधरपुर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जब्त बालू और वाहनों से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंपा जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और बिना अनुमति बालू परिवहन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विश्व कैंसर दिवस पर कोडरमा में विशेष कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम

# समय पर पहचान और सही इलाज से कैंसर पर संभव है नियंत्रण : डॉ रमण कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा को गैर संचारी रोग कोषांग अंतर्गत विश्व कैंसर दिवस को लेकर एक विशेष कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम सिविल सर्जन सभागार में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह नोडल पदाधिकारी गैर संचारी रोग कोषांग डा. रमण कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, इस अवसर पर कैंसर से संबंधित पोस्टर प्रदर्शित किया गया साथ ही उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर दुनिया भर में मृत्यु के शीर्ष कारणों में से एक है। सही समय पर पता लगने और इलाज से कई मामलों में जीवन बचाया जा सकता है। इस दिन के संदेश का मुख्य उद्देश्य यह दिखाना कि कैंसर सिर्फ बीमारी नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, भावनात्मक और स्वास्थ्य चुनौती भी है। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर पता लगाना और बेहतर उपचार को बढ़ावा देना है तथा लोगों को कैंसर और उसके जोखिमों के प्रति जागरूक करना, रोकथाम, प्रारंभिक पता लगाना और समय-समय पर जांच की आवश्यकता पर जोर देना है। कैंसर के इलाज और देखभाल तक समान पहुँच की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कैंसर पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए समर्थन और सहानुभूति वर्तमान में जरूरत है। वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. मनोज कुमार ने कहा कि उचित जीवनशैली, धूम्रपान एवं अल्कोहल को त्याग कर और समय पर जांच से इन मामलों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए जागरूकता और शुरूआती पहचान सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। भारत में तंबाकू और अल्कोहल का उपयोग कैंसर का सबसे सामान्य कारण है और अगर लोग इन आदतों को छोड़ दें तो 40% तक कैंसर के मामले कम किया जा सकता है। कैंसर का नाम सुनते ही मन में डर आना स्वाभाविक है, लेकिन सही जानकारी, जागरूकता और समय पर इलाज से बहुत से मामलों में बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए नियमित जांच और चिकित्सक से परामर्श लेना महत्वपूर्ण है। इस दौरान सदर में ओरल कैंसर का स्क्रीनिंग दंत चिकित्सक डा. नीलमणि कुमार और डा. प्रियाश्री के द्वारा किया गया । वर्तमान में सदर अस्पताल में प्रत्येक मंगलवार को कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डा. प्रवीर सिंह मुण्डा अपनी सेवाये प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर जिला व प्रखण्ड स्तर के प्रबंधन इकाई के कर्मी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा- 2026 के सुचारु एवं शांतिपूर्ण हुई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** जिले में संचालित मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उर्सलाईन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय सामटोली, संत अन्ना बालक प्राथमिक विद्यालय, संत मेरीज उच्च विद्यालय सामटोली, गवर्नमेंट मध्य विद्यालय घोचोंटोली एवं प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सिमडेगा परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान केंद्र में परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तथा केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।

## नगर परिषद अध्यक्ष पद हेतु रामविलास बड़ाईक ने किया नामांकन, विकास को बताया पहली प्राथमिकता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी रामविलास बड़ाईक ने आज पूरे उत्साह और समर्थकों की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो नगर के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। रामविलास बड़ाईक ने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, गरीब व मध्यम वर्ग के हितों की रक्षा के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर परिषद को भ्रष्टाचार-मुक्त और जनहितैषी संस्था के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक पुरी ने कहा कि रामविलास बड़ाईक एक अनुभवी, कर्मठ और जमीन से जुड़े नेता हैं। उनके नेतृत्व में नगर परिषद को नई दिशा मिलेगी और शहर का सुनियोजित विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर प्रत्याशी के समर्थन में जुटने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि रामविलास बड़ाईक जनता की समस्याओं को समझने वाले और उन्हें हल करने की क्षमता रखने वाले नेता हैं। उनका अनुभव और सेवा भाव नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता उन्हें भरपूर समर्थन देगी। वहीं, पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव जनता की आवाज होता है। उन्होंने रामविलास बड़ाईक को समर्थन देते हुए कहा कि नगर के बेहतर भविष्य के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

## कैंसर से लड़ने वालों के लिए मानसिक और भावात्मक समर्थन अत्यंत आवश्यक है : रश्मि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** विश्व कैंसर दिवस को लेकर बुधवार को मारवाड़ी युवा मंच के प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में एड्डी बांग्ला रोड स्थित एडुकेयर कोचिंग सेंटर में पोस्टर जागरूकता अभियान के माध्यम से बच्चों ने कैंसर से बचाव और उसके उपाय को लेकर जागरूकता अभियान चलाया, इस अवसर पर बच्चों ने स्वस्थ्य आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू- शराब से दूरी और समय-समय पर नियमित जांच की अपील की। बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से हेल्दी फूड का सेवन करने तथा पैकेट फूड एवं जंक फूड से दूर रहने की वकालत की। इस अवसर पर एडुकेयर कोचिंग सेंटर के निर्देशक रश्मि लड्ढा ने कहा कि:- कैंसर से लड़ने वालों के लिए सामाजिक और भावात्मक समर्थन अत्यंत आवश्यक है। मिशन कैंसर जागरूकता अभियान के माध्यम से पूरे देश भर एवं झुमरी तिलैया के कई इलाकों में निःशुल्क लोगों की जांच भी समय-समय पर कराई जाती है। जिसमें सैकड़ो के लोगों की जांच करवाई जा चुकी है और समय रहते हुए उनमें कैंसर के लक्षण पाए जाने पर उन्हें इलाज करने का मौका मिला है जिसकी उन्होंने काफी सराहना की। उन्होंने लोगों से अपील की की तंबाकू और शराब का सेवन न करें।प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में कैंसर के इलाज के लिए सेल थेरेपी और नई तकनीकी के रिसर्च से इलाज हो रहा है जो कि मरीज के लिए नहीं उम्मीद जाग रही है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही कैंसर से बचाव का सबसे बड़ा प्रभावित तरीका है। महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन उपलब्ध हो गई है। जो लगभग 18 वर्ष से 40 वर्ष तक की महिलाओं को लगाया जाता है। इस वैक्सीनेशन के उपयोग के लिए आज हमें जागरूक होना होगा।

## कोडरमा के परसाबाद बाजार में तनाव, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद मुख्य बाजार में बीती रात प्रतिबंधित मांस और उसके अवशेष मिलने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परसाबाद सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने इस कृत्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर परसाबाद बाजार से गुजरने वाली मुख्य सड़क को घंटों जाम रखा। ग्रामीणों का कहना था कि प्रतिबंधित अवशेष को जानबूझकर मुख्य बाजार क्षेत्र में फेंका गया है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सहित जयनगर थाना की पुलिस तथा आसपास के पांच थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण इस बात पर अड़े रहे कि जब तक मामले का खुलासा नहीं होता और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती, तब तक वे सड़क जाम नहीं हटाएंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस घटना में संलिप्त लोगों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सड़क जाम के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिससे आम लोगों, राहगीरों और वाहनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देर रात पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुदीप सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाया और मामले में त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# आयुष ग्राम बिच्छिपहरी में स्वास्थ्य शिविर, ग्रामीणों को मिला निःशुल्क उपचार व योग का लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** प्रखंड के आयुष ग्राम बिच्छिपहरी (बेकोबार उतरी) में मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में एक दिवसीय आयुष ग्राम स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। शिविर का विधिवत उद्घाटन स्थानीय मुखिया पार्वती देवी द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष पद्धति (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) को बढ़ावा देने से लोगों को जड़ से बीमारियों को खत्म करने में मदद मिलेगी। शिविर का सफल संचालन कोडरमा प्रखंड के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। ॉ. प्रह्लाद एवं डॉ. अरुण कुमार सिंहः इन्होंने आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी पद्धतियों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जाँच की और उन्हें उचित परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयाँ वितरित कीं।

### पपहरा में आयुष ग्राम शिविर का आयोजन 156 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र पपहरा मे कोडरमा जिला के तत्वाधान में आयुष ग्राम शिविर का आयोजन बुधवार को आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही सहयोगी चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार, डॉ वेद प्रकाश सिंह, डॉ राहुल कुमार का योगदान रहा। डॉ ब्रजेश कुमार के द्वारा एक-एक जड़ी बूटी के पौधे के लाभ एवं उपयोग करने का तरीका को बताते हुए साथ में दवा भी दिया गया। यह शिविर जिला आयुष कोडरमा के मार्गदर्शन में चलाया गया,जिसमें 156 मरीज का इलाज किया गया। जिसमें सबसे ज्यादा जोड़ों का दर्द, गैस,कब्ज, बवासीर माइग्रेन, चक्कर का रोगी पाया गया। इस आयुष ग्राम स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक की सेवा के साथ-साथ योग शिक्षक सुधीर कुमार, सुनील कुमार के द्वारा योग की जानकारी एवं लाभ बताते हुए कराया गया तथा सहिया सुवंती यादव, गीता देवी,शशि कुमारी, सीमा देवी का सहयोग सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### मैट्रिक परीक्षा केंद्र में वीक्षक के द्वारा मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने का लगा गंभीर आरोप

**कोडरमा :** डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के उच्च विद्यालय फुलवरिया में झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा केंद्र है। परीक्षा केंद्र में तैनात वीक्षक रमाशंकर सिंह बिना वजह का विद्यार्थी को मारपीट कर देना एवं दुर्व्यवहार करना दुर्भाग्य की बात है। उक्त मामला को लेकर मैट्रिक परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी विशाल कुमार, अंजली कुमारी, अंशु कुमारी, राजीव कुमार,आशीष कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से लिखित आवेदन देकर उपायुक्त महोदय से कार्रवाई की मांग किए हैं अपने आवेदन में विद्यार्थी ने कहा परीक्षार्थी केंद्र कोड 26015 में हिंदी विषय की परीक्षा दे रहे थे। बेवजह शिक्षक रमाशंकर सिंह जो उच्च विद्यालय फुलवरिया के शिक्षक हैं। हम लोग के साथ मारपीट करते हुए अपशब्द का प्रयोग किया जिससे हमारी परीक्षा में बाधा उत्पन्न हो गया तथा प्रश्नों को हल करने में भय लगने लगा। मीडिया में आकर विद्यार्थी ने कहा उक्त मामला को जल्द संज्ञान में लिया जाए। प्रतिलिपि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा, अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी डोमचांच, परीक्षा केंद्र अधीक्षक उच्च विद्यालय फुलवरिया को भी दिए।

### शबे-ए-बरात की फजीलत पर मस्जिद-ए-बिलाल खैरानटोली में हुआ विशेष कार्यक्रम



**सिमडेगा :** मस्जिद ए बिलाल खैरानटोली, सिमडेगा में शबे-ए-बरात के मौके पर एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शबे-ए-बरात की फजीलत और अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मस्जिद-ए-बिलाल के इमाम मौलाना मेराज उद्दीन साहब कासमी और मौलाना मिन्हाज साहब कासमी ने कहा कि शबे-ए-बरात वह मुकद्दस रात है, जिसमें अल्लाह की रहमत हर बंदे के लिए आम होती है। उन्होंने बताया कि इस रात सिर्फ अल्लाह से ही नहीं, बल्कि इंसानों से भी माफी मांगना जरूरी है, क्योंकि दिल में नफरत या कीना रखने वालों की मगफिरत नहीं होती। ?उलेमा ने कहा कि शाबान वह महीना है, जिसमें साल भर के आमाल अल्लाह के हुजूर पेश किए जाते हैं। दिल में दुश्मनी रखने वाला, मां-बाप का नाफरमान और शराब पीने वाला शबे-ए-बरात की खास रहमतों से महरूम रह सकता है, जब तक कि वह सच्चे दिल से तौबा न कर ले। ?इस मौके पर यह भी बताया गया कि मगरिब के बाद 6 रकात नफ्ल नमाज (दो-दो करके) पढ़ने का मामूल है, जिसमें लंबी उम्र, बलाओं से हिफाजत और रिज्क में बरकत की दुआ की जाती है। नबी-ए-करीम का इस रात जन्नतुल बकी जाना साबित है, इसी कारण मुसलमान अपने मरहूमीन की मगफिरत के लिए कब्रिस्तान जाते हैं। उलेमा ने यह भी कहा कि शाबान के महीने में कसरत से रोजे रखना सुन्नत है और शबे-ए-बरात के अगले दिन का रोजा रखना अफजल माना गया है। उन्होंने बताया कि इफ्तार का समय शाम 5:43 बजे था। ?कार्यक्रम में सदर हाजी लुकमान हैदर साहब, मोहम्मद शफी साहब समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। अंत में सामूहिक दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### शांतिपूर्ण माहौल में जारी रही नामांकन प्रक्रिया अध्यक्ष पद के लिए 9 अभ्यर्थियों ने किया पर्चा दाखिल

**सिमडेगा :** जिले में नगरपालिका आम निर्वाचनझ2026 के तहत दिनांक 04 फरवरी 2026 को जिले में नाम निर्देशन पत्र दाखिले की प्रक्रिया पूरे उत्साह, अनुशासन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। विभिन्न नामांकन केंद्रों पर अध्यक्ष पद एवं वार्ड पार्षद पद के लिए अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र विधिवत रूप से दाखिल किए। अध्यक्ष पद के लिए परियोजना निदेशक, आईटीडीए, सिमडेगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में कुल 09 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 05 तक की नामांकन प्रक्रिया प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई। इस दौरान वार्ड संख्या 01 से 05, वार्ड संख्या 02 से 07, वार्ड संख्या 03 से 02, वार्ड संख्या 04 से 06 एवं वार्ड संख्या 05 से 03 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। इसी क्रम में वार्ड संख्या 06 से 10 के लिए नामांकन प्रक्रिया अंचल अधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में पूरी की गई। इन वार्डों में क्रमशः वार्ड संख्या 06 से 04, वार्ड संख्या 07 से 11, वार्ड संख्या 08 से 10, वार्ड संख्या 09 से 08 तथा वार्ड संख्या 10 से 05 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड संख्या 11 से 15 के लिए नामांकन भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सिमडेगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में हुआ, जहां वार्ड संख्या 11 से 06, वार्ड संख्या 12 से 05, वार्ड संख्या 13 से 03, वार्ड संख्या 14 से 03 एवं वार्ड संख्या 15 से 02 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। वहीं वार्ड संख्या 16 से 20 के लिए नामांकन जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुआ। इस दौरान वार्ड संख्या 16 से 02, वार्ड संख्या 17 से 05, वार्ड संख्या 18 से 05, वार्ड संख्या 19 से 08 एवं वार्ड संख्या 20 से 10 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण एवं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। सभी नामांकन केंद्रों पर प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

### अकीदत के साथ मनाई गई शब-ए-बरात

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर में मंगलवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने शब-ए-बरात का पर्व पूरी अकीदत, श्रद्धा और धार्मिक भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर मस्जिदों, कब्रिस्तानों और घरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। लोगों ने पूरी रात अल्लाह की इबादत में गुजारी और अपने जाने-अनजाने में हुए गुनाहों की माफी के लिए खुदा से दुआ मांगी। शब-ए-बरात को लेकर शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज, कलाम पाक की तिलावत और नफिल नमाज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जाकिरनगर स्थित शिया जामा मस्जिद में 12वें इमाम हजरत महदी अलैहिस्सलाम की विलादत के अवसर पर विशेष महफिल सजी, जहां धार्मिक तकरीरों के साथ दुआ और इबादत का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शब-ए-बरात के मौके पर मुस्लिम समाज के लोग अपने मरहूम परिजनों की कब्रों पर पहुंचकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ करते हैं। इसी परंपरा के तहत साकची, मानगो, जाकिरनगर, धातकीडीह, जुगसलाई, बारीनगर और बमार्माइंस कैरेज कॉलोनी स्थित कब्रिस्तानों में देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। कब्रिस्तानों में मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर रोशनी की गई तथा फूलों की चादर चढ़ाई गई। कब्रिस्तान जाने वाले रास्तों पर विभिन्न समितियों की ओर से रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जाकिरनगर कब्रिस्तान में वक्फ मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी की ओर से नमाज-ए-मगरिब के बाद सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व फातिहाख्वानी की गई। दुआ के दौरान समाज के लोगों ने अपने मरहूम परिजनों की मगफिरत के साथ-साथ उन मरहूमीन के लिए भी विशेष प्रार्थना की, जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है। कार्यक्रम का उद्देश्य इंसानियत, भाईचारे और आपसी संवेदना की भावना को मजबूत करना बताया गया। वहीं बिष्टुपुर में शब-ए-बरात के अवसर पर शोहदा-ए-करबला कमेटी की ओर से कुरानख्वानी और फातेहा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनवर अली, अब्बास अंसारी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मरहूमीन की मगफिरत के लिए दुआ की।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से रिटायर रेलकर्मी की हुई मौत

**सरिया** : बुधवार की दोपहर सरिया धनवार मुख्य मार्ग बागोडीह चौक के नजदीक ट्रैक्टर की चपेट में आने से छोटकी सरिया निवासी सह रिटायर रेलकर्मी चंद्रिका मंडल 70 की घटना स्थल पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगो ने उसे तत्काल देवकी हॉस्पिटल लेते गए लेकिन डॉक्टर ने भी मौत की पुष्टि कर दी। घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक अपनी स्कूटी में पेट्रोल भराकर निकल रहे थे इसी बीच सड़क पर बन रहे नाले के कारण वो गिर पड़े इसी बीच पीछे से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया । सरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### राजेश सिंह के घर से लगी आग, 5-6 लाख का नुकसान



**सरिया** : थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के कुलोडीह गांव में मंगलवार देर रात करीब 10 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई। राजेश सिंह पुत्र मथुरा सिंह के घर में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। इस हादसे में पूरा घर जलकर राख हो गया और लगभग 5 से 6 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेता अजय यादव तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। साथ ही स्थानीय प्रशासन को फोन कर सूचना दी गई। करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल विभाग की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, तब तक ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया था।सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक नागेंद्र महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में उनका साथ देने का आश्वासन दिया।प्रशासन और स्थानीय लोग इस घटना से स्तब्ध हैं। आग की वजह की जांच जारी है, जबकि प्रभावित परिवार को तत्काल सहायता प्रदान करने की मांग उठ रही है।

### दक्षिण पूर्व रेलवे में कई ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव को रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

**पश्चिमी सिंहभूम**: चक्रधरपुर रेलवे बोर्ड की ओर से दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत चलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव की मंजूरी दे दी गई है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। बुधवार को रेलवे प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अलग-अलग ट्रेनों के लिए यह ठहराव फरवरी 2026 के मध्य से चरणबद्ध रूप से लागू होगा। मंजूरी के अनुसार टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस (18183) और बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (18184) को अनारा स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस अनारा में सुबह 10.09 बजे पहुंचेगी और 10.10 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस दोपहर 14.37 बजे पहुंचेगी और 14.38 बजे रवाना होगी। यह सुविधा 10 फरवरी 2026 से प्रभावी होगी। डिघा-आसनसोल एक्सप्रेस (13505) और आसनसोल-डिघा एक्सप्रेस (13506) को चंद्रकोणा रोड, गड़बेटा, सालबनी, छातना और ओंडाग्राम स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव दिया गया है। इन स्टेशनों पर दोनों ट्रेनों के ठहराव 15 फरवरी 2026 से लागू होंगे। इससे पश्चिम मेदिनीपुर और बांकुड़ा क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

# गोड्डा में अदाणी का 'लाइट इंडिया प्रोजेक्ट' पावर ट्रांसमिशन के लिए तैयार होंगे हजारों कुशल युवा

- देश भर में रोशनी फैलाने के मिशन में साथ दे रही खास ट्रेनिंग
- हजारों को मिलेगी ट्रेनिंग, लाखों घर होंगे रौशन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** अदाणी समूह की एक और नई पहल ने रोजगार पाने की राह आसान की है। अब तक जहां अदाणी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड घर-घर रौशनी पहुंचाने के मिशन में लगी हुई थी, अब फील्ड में काम करने वाले जरूरी मैन पावर को ट्रेनिंग देने का काम भी करेगी। ट्रेनिंग देने के इस मिशन को नाम दिया गया है ह्यलाइट इंडिया प्रोजेक्टह्न, मतलब भारत में रौशनी फैलाने की परियोजना। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम झारखंड के गोड्डा में अदाणी पावर प्रोजेक्ट के पास ही शुरू हुआ है।

**हजारों की जरूरत, चंद ही मौजूद**

इस मिशन के पीछे अदाणी का उद्देश्य उन लोगों को ट्रेनिंग देना है जो देशभर में इलेक्ट्रिफिकेशन के काम को तेजी से कर सके। बिजली के वितरण के लिए सबसे जरूरी काम उन टावरों को लगाने का है जिन पर हाई टेंशन तारों को बिछाया जाता है। इन टावरों को लगाने के लिए खास तरह की दक्षता की जरूरत होती है। ऐसा काम करने वालों की संख्या फिलहाल बहुत सीमित है।

**गैंग में होता है काम, लेकिन संख्या बहुत कम**

टावर लगाने के काम में जिस कौशल की जरूरत है फिलहाल उसकी बहुत कमी है। यह काम एक खास समूह द्वारा किया जाता है, जिसे ₹गैंग₹ कहा जाता है। हर गैंग में 30-35 लोग होते हैं। कुल मिलाकर देशभर में, इस काम में लगभग 18,000-20,000 लोग (600-650 गैंग) लगे हुए हैं। ये लोग एक प्रोजेक्ट से दूसरे प्रोजेक्ट में काम करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जाते रहते हैं। टावर लगाने के ये प्रोजेक्ट खेतों, जंगलों, नदियों, नालों, राजमार्गों, कृषि भूमि आदि से होकर गुजरते हैं। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ता है गैंग के सदस्य भी उस हिसाब से बदलते रहते हैं। पिछले कुछ सालों में पावर ट्रांस्मिशन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में जबरदस्त तेजी आई है। इस वजह से मौजूद मैन पावर नाकाफी साबित हो रही है। फिलहाल जितने लोग इस काम में लगे हैं जरूरत लगभग उससे दुगने लोगों की है। कम मैन पावर होने से कई प्रोजेक्ट वक्त से पीछे चल रही हैं।

**ट्रेनिंग मिलने से बढ़ेगी देश में मैनपावर और कमाई**

टावर लगाने का काम काफी खास है। इसके लिए खास कौशल की जरूरत हो है क्योंकि 40-70 मीटर और कभी-कभी इससे भी अधिक ऊँचाई पर काम करना होता है। ₹गैंग₹ के 90% से अधिक सदस्य पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड - तीन राज्यों से आते हैं। फिलहाल टावर निर्माण का काम पारंपरिक तरीके से अपने वरिष्ठ कर्मचारी के साथ मिलकर काम करके सीखे जाते हैं। इसलिए "गैंग" के सदस्य आमतौर पर एक ही गाँव या जिले से होते हैं।

## उपायुक्त ने हाट पलाश मार्ट का निर्माण 10 दिनों में पूरा करने का दिया निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिला में साकची स्थित निमार्णाधीन जमशेदपुर हाट पलाश मार्ट का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यकारी एजेंसी को अगले 10 दिनों के भीतर निर्माण कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर जमशेदपुर हाट पलाश मार्ट का निर्माण ग्रामीण स्तर पर प्रचलित हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय उत्पादों को स्थायी मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस हाट के माध्यम से स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री में सुविधा मिलेगी, वहीं ग्राहकों को भी एक ही स्थान पर विविध स्थानीय उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि जमशेदपुर हाट पलाश मार्ट के दुकानों के आवंटन, संचालन और रखरखाव के लिए एक उपयुक्त समिति का गठन किया जाए, जिससे इसका सुचारू और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक सुजीत बारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कार्तिक मंडल हत्याकांड में पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 3 फरवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे ऐसी सूचना प्राप्त हुई कि कटहलबाड़ी भट्टा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो में मार पीट की घटना हुई थी जिसमें जख्मी कार्तिक मंडत पिता स्व० राम मंडल की मृत्यु ईलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पतात राजमहत में हो गई। इसकी सूचना वरीय पदाधीकारी को दी गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहेबगंज के द्वारा अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कर्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिकी अभियुक्त सुचिन घोष, तपन घोष व झकसु घोष तिनों का पिता स्व० तेनू घोष, साकिन कटहलबाड़ी भट्टा, थाना राधानगर जिला साहेबगंज को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में राधानगर थाना कांड संख्या 35/2026, दिनांक 03.02.2026 धारा 190/191 (2)/193 (3)/115 (2) /117 (2) /103(1) /74/352, बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त को 04 फरवरी 2026 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी की जा रही है। मौके पर छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक राजमहल प्रभाग राजीव रंजन, थाना प्रभारी पुअनि अमर कुमार मिंज राधानगर थाना, थाना प्रभारी पुअनि हसनैन अंसारी राजमहल थाना, थाना प्रभारी पुअनि मृत्युंजय कुमार पांडे तीनपहाड़ थाना, सशस्त्र बल, मौजूद थे।

## जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिला स्तर पर प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न कोषांगों में प्रतिनियुक्त चार्ज पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी चंद्रजीत खलको द्वारा बताया गया कि जिले में जनगणना कार्य के सफल संचालन हेतु कोषांगों का गठन, नोडल पदाधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों का नामांकन पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही ग्राम सूची का सत्यापन, क्षेत्राधिकार से संबंधित आवश्यक संशोधन, मलीन बस्तियों एवं बाह्य विकास नक्शों का सत्यापन कर निदेशालय को उपलब्ध करा दिया गया है। जनगणना कार्य हेतु चार्ज पदाधिकारियों के कार्यालयों का पता भी निदेशालय को प्रेषित किया जा चुका है, जिससे आवश्यक जनगणना किट उपलब्ध कराई जा सके। समीक्षा के क्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा तथा पूरा कार्य उटटर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। प्रत्येक प्रखंड में न्यूनतम छह मास्टर ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि 14 मई 2026 से 15 जून 2026 तक सभी प्रगणकों की नियुक्ति पूर्ण की जानी है तथा लगभग 700 से 800 व्यक्तियों पर एक प्रगणक की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि जनगणना कार्य के लिए सभी प्रगणकों को निदेशालय द्वारा आवश्यक जनगणना किट उपलब्ध कराई जाएगी तथा कार्य निष्पादन हेतु उन्हें 4GB RAM युक्त स्मार्ट डिवाइस का उपयोग करना अनिवार्य होगा। वहीं उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारभूत प्रक्रिया है, इसलिए प्रत्येक स्तर पर शुद्ध एवं सटीक आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी चार्ज पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि जनगणना कार्य सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## पूर्व विधायक के लिए स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में रघुनाथपुर उर्फ चंचकी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमीन की ओर से आयोजित स्वागत समारोह सह जनसभा में पाकुड़ विधानसभा के पूर्व विधायक, अकिल अख्तर ने पाकुड़ से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार रहा है। जनता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, सड़क, पानी और बिजली जैसी समस्याओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि स्कूल और अस्पताल मौजूद होने के बावजूद जमीनी स्तर पर सुविधाओं का घोर अभाव है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईएमआईएम पार्टी की राजनीति सत्ता या पद के लिए नहीं, बल्कि जनसेवा, इंसाफ और बराबरी के लिए है। पार्टी ने अल्पसंख्यक, पिछड़े और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया और बिना भेदभाव के विकास की बात कही। वहीं जनसभा में मौजूद अफीफ अमसल ने स्थानीय प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि पाकुड़ के युवाओं के लिए ठोस रोजगार योजनाएँ कब लागू होंगी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कब होगा और जनता की शिकायतों पर जवाबदेही कब तय की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेगी और होने वाले रक्फ़ में हर बूथ में एआईएमआईएम के कार्यकर्ता मौजूद रह कर रक्फ़ संबद्धित हर समस्या का समाधान किया जाएगा और रक्फ़ से पाकुड़ विधानसभा के जनता को डरने की कोई जरूरत नहीं है।

## जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्राथमिकताओं एवं डेटा एनालिटिक्स परियोजना पर कार्यशाला का सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** स्वास्थ्य विभाग साहिबगंज एवं जेएसआईआर और टी इंडिया फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से साहेबगंज जिले में नियमित टीकाकरण डेटा गुणवत्ता एवं डेटा प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में साहेबगंज जिले के टीकाकरण कार्यक्रम की प्रमुख प्राथमिकताओं, जीरो डोज बच्चों की पहचान एवं कवरेज सुनिश्चित करने की कार्ययोजना, तथा डेटा एनालिटिक्स परियोजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डेटा एनालिटिक्स परियोजना के अंतर्गत रणनीतिक हस्तक्षेपों, बेसलाइन असेसमेंट, नियमित मॉनिटरिंग, लाभार्थियों की ट्रैकिंग एवं सहभागिता, तथा रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही, सत्रों की योजना बनाम आयोजित सत्र पूर्ण टीकाकरण प्राप्त बच्चों की स्थिति तथा सुधार के लिए आवश्यक प्रमुख संकेतकों को साझा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डेटा आधारित निर्णय लेने, सटीक रिपोर्टिंग तथा पारदर्शी निगरानी प्रणाली के महत्व से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे क्षेत्र स्तर पर कार्यरत कर्मियों की क्षमता में वृद्धि हो सके। भविष्य में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्राप्त जानकारियों को धरातल पर लागू करने का संकल्प लिया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी साहेबगंज द्वारा इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शांतिपूर्ण माहौल में हो रही मैट्रिक-इंटरमीडिएट की परीक्षा



**साहिबगंज**: जिले के मंडरो प्रखंड में झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मिजाचौकी परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रही। केंद्र अधीक्षक रजनीकांत द्विवेदी ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 368 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 366 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्र पर दंडाधिकारी की तैनाती के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सकी। केंद्र अधीक्षक ने सफल एवं सुचारू परीक्षा आयोजन के लिए प्रशासन, पुलिस बल एवं विद्यालय कर्मियों का सहयोग की सराहना किया।

### नगर पालिका आम निर्वाचन-2026 को लेकर उपायुक्त ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**साहिबगंज**: नगर पालिका आम निर्वाचन-2026 की विधिवत घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम एवं प्रस्तावित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग एवं आवागमन व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही मतगणना के दिन सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति, पास प्रणाली, मीडिया कॉर्नर तथा मतगणना एजेंटों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने यह भी कहा कि सभी तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### महाराजपुर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया



**साहिबगंज**: रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार एवं आरक्षी सुनील कुमार मुर्मू के द्वारा जागरूकता 4 फरवरी 2026 को अभियान महाराजपुर रेलवे स्टेशन के पास ग्राम महाराजपुर, जिला साहिबगंज में चलाया गया। जिसमें लोगों/जनता को जब गेट बंद रहे तो यातायात नहीं करने, ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने, रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने, रेल लाइन के किनारे जानवर नहीं चराने, चलती ट्रेन पर नहीं चढ़े और ना ही उतरे, रेलवे सहायता टोल फ्री नंबर 139 एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।

### कपाली नप वार्ड-16: शिक्षिका पूजा महतो ने अंतिम दिन भरा नामांकन, सरल छवि से बढ़ी उम्मीदें



**चांडिल** : कपाली नगर परिषद के अनारक्षित महिला सीट वाले वार्ड-16 से शिक्षिका पूजा महतो ने बुधवार को अंतिम दिन चांडिल अंचल कार्यालय स्थित सहायक निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में सादगीपूर्ण तरीके से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पूजा महतो वर्तमान में कपाली क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। उनकी शिक्षित, सरल और सामाजिक छवि को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा है। स्थानीय मतदाताओं का मानना है कि पूजा महतो ईमानदार और सक्रिय नेतृत्व का बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक उनकी उम्मीदवारी से वार्ड-16 का चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है और बदलाव की बयार साफ नजर आ रही है। नामांकन के बाद पूजा महतो ने कहा कि सड़क , बिजली, पानी और नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन बेहतर बनाने को लेकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि जनता इस बार साफ छवि और काम करने वाले के पक्ष में वोट करेंगे और जीत के प्रति आश्वस्त हूं।

### ग्राम प्रधान पर हमले की योजना बना रहे छह अपराधी गिरफ्तार

**गोड्डा**: जिले के महागामा अनुमंडल अंतर्गत ललमटिया थाना क्षेत्र के हाहाजोर गांव में मंगलवार की रात्रि में ग्राम प्रधान जानकी लोहार के घर में आधा दर्जन अपराधियों ने घुसकर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। इस संबंध में ललमटिया थाना में प्राथमिक दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में ग्राम प्रधान जानकी लोहार ने बताया कि वे रात में सो रहे थे, तभी छत पर कुछ लोगों की बातचीत की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। जब उन्होंने ऊपर जाकर देखा तो करीब पांच-छह लोग छत पर घूम रहे थे, जिनके हाथों में धारदार हथियार और पिस्टल थे।

# भारत ने फिर दिखाया सामर्थ्य

भारत और अमेरिका के मध्य अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ टैरिफ वॉर अब समझौते के साथ समापन की ओर अग्रसर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से भारत पर टैरिफ घटाने के ऐलान के साथ ही शेयर बाजार में उछल आया और निवेशकों के चेहरे खिल उठे। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी मजबूती दिखी। यूरोपियन यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के बाद से अनुमान लगाया जा रहा था कि अमेरिका दबाव में आ गया है और उसे भारत की व्यापार चिंताओं का सम्मान करना ही पड़ेगा और अंततः ऐसा हुआ भी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे बात की। वह सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के शक्तिशाली नेता हैं। हमने एक नहीं कई मुद्दों पर बात की जिसमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना भी शामिल था। मोदी के लिए दोस्ती और उनके सम्मान के चलते और उनकी मांग पर तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसमें अमेरिका भारत पर लगाए गए टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है। जैसे ही सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया, वैसे ही भारत में भी हलचल तीव्र हो गई। एनडीए संसदीय दल की बैठक में अमेरिका के साथ हो रहे समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने बहुत समय तक धैर्य रखा, जिसका परिणाम हम सभी के सामने है। अमेरिका की ओर से की गई इस घोषणा से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच व्यापारिक तनाव को कम करने में सहायता मिलेगी। भारत सर्वाधिक लाभ में: भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापार समझौता हुआ है उसका सर्वाधिक लाभ भारत को मिलने जा रहा है। टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के बाद भारत इस मामले में पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अधिक लाभ में आ गया है। चीन और पाकिस्तान की तुलना में भारत पर अब कम टैरिफ है। इंडोनेशिया, बांग्लादेश और वियतनाम भारत से अधिक टैरिफ वाले देश बन चुके हैं। वर्तमान समय में बांग्लादेश और वियतनाम पर 20, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लगा हुआ है। समाचार यह भी है कि अब भारत भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा रहा है कि इसे संभावित रूप से शून्य तक ले जाया जा सकता है। यह भारत की वर्तमान व्यापार नीति में बाजार पहुंच के सबसे बड़े बदलावों में से एक है। जैसे ही भारत अमेरिकी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलेगा कई अमेरिकी वस्तुएं भारतीय उपभोक्ताओं के लिए काफी सस्ती हो जाएंगी। भारतीय बाजार में लैपटॉप, गैजेट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की कीमतें कम हो सकती हैं। घरेलू उपकरणों की पहुंच आसान हो जाएगी।निर्यात के मोर्चे पर भी भारत को बहुत लाभ होने जा रहा है। अमेरिका से टैरिफ कम हो जाने के बाद हमारे टैक्स्टाइल, आभूषण और रत्न निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इन सेक्टर्स के अलावा भारत का चमड़ा और फुटवियर उद्योग अमेरिका को हर वर्ष 1.18 अरब, केमिकल उद्योग 2.34 अरब और इलेक्ट्रिक और मशीनरी उद्योग 9 अरब डॉलर का निर्यात करता है। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारत और अमेरिका के मध्य द्विपक्षीय व्यापार अगले कुछ वर्षों में 500 अरब डॉलर की ओर 5 गुना गति से बढ़ेगा और नए व्यापार समझौते से भारी आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। अमेरिका के साथ डील फाइनल हो जाने के कारण अब एक नई सप्लाई चेन मिल गई है जिसका लाभ भी भारत को मिलेगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद भारत की जीडीपी वृद्धि बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो सकती है। टैरिफ कटौती से भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश, वातावरण और वाह्य संतुलन को समर्थन मिलेगा। गोल्डमैन एक्स का मानना है कि अगर यह टैरिफ लागू रहता है तो इससे भारत की अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ होगा। अब ट्रेड पॉलिसी को लेकर अनिश्चितता कम हो जाएगी। उद्योग जगत इसे भरोसा बढ़ाने वाला कदम मान रहा है और एफआईआई की वापसी से बाजारों में सकारात्मक वातावरण बनने की संभावना बताई जा रही है।

## सूडोकु नवताल- 7696

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7695 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# भारत के संबंध में वैश्विक स्थिति को कैसे बदल रहे हैं व्यापार समझौते

**डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

भारतीय उत्पादन और सेवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा इंटीग्रेट करने और निवेश अवसरों को बढ़ावा देकर घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने के लिए भारत की नई अंतरराष्ट्रीय व्यापार रणनीति देश के मौजूदा और नए विकसित आर्थिक ढांचे का इस्तेमाल करना चाहती है, साथ ही मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से इसे रीडिजाइन भी कर रही है। सप्लाई चेन में रुकावटें, बढ़ते व्यापार प्रतिबंध, फिर से उभरते टैरिफ के खतरे और भू-राजनीतिक तनाव- ये सभी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। इसे देखते हुए भारत को भरोसेमंद, लंबे समय के सहयोगी के तौर पर देखा जा रहा है।

भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रति दृष्टिकोण वैश्विक व्यापार माहौल के साथ बदल रहा है क्योंकि रुझान बताते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों में संरक्षणवादी नीतियां ज्यादा आम हो रही हैं और एशिया-प्रशांत में वाणिज्य ज्यादा क्षेत्रीय हो रहा है। मोदी सरकार की नई रणनीति में अपने मौजूदा आर्थिक ढांचे को फिर से व्यवस्थित करना और उसका इस्तेमाल करना दोनों शामिल हैं। मोदी सरकार की तरफ से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में मैन्युफैक्चरिंग का देश की जीडीपी में 20% से भी कम योगदान था, जबकि सेवाओं का 50% से ज्यादा था। इसलिए, भारत की रणनीति घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और मैन्युफैक्चरिंग में निर्यात की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना है, साथ ही भारतीय सेवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था में इंटीग्रेट करने को ऑप्टिमाइज करना है।

मोदी सरकार के तहत भारत ने कई महत्वपूर्ण पॉलिसी बदलाव किए हैं जो पिछले कुछ सालों में देश की अर्थव्यवस्था की दिशा को प्रभावित कर रहे हैं, ताकि अंदरूनी समस्याओं को सुलझाया जा सके और बाहरी माहौल में होने वाले बदलावों के हिसाब से खुद को ढाला जा सके।

मेक इन इंडिया 2.0 पहल के ट्रेड रिफॉर्म्स का मकसद 27 अलग-अलग इंडस्ट्रीज को मजबूत करना और देश को दुनिया के लिए एक भरोसेमंद एक्सपोर्टर के तौर पर स्थापित करना है।

लंबे समय तक चलने वाले विदेशी निवेश को आकर्षित करना और "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम को आगे बढ़ाना इस कोशिश के दो मुख्य लक्ष्य हैं। अंतरराष्ट्रीय निवेश, विकास और स्थिरता के लिए बेहतरीन जगह के तौर पर देश की प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने के लिए, सरकार रेगुलेटरी रिफॉर्म्स को बढ़ावा दे रही है, खास इंसेंटिव दे रही है और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का विस्तार कर रही है।

साल 2030 तक अपने एक्सपोर्ट को $2 ट्रिलियन तक बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भारत ने साल 2023 में अपनी विदेश व्यापार नीति को फिर से डिजाइन किया। FTP एक लचीली और गतिशील रणनीति है जो एक ऐसा ढांचा तैयार करती है जो व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देता है, प्रक्रियात्मक बाधाओं को कम करता है, व्यापार के डिजिटलीकरण को सक्षम बनाता है और भारतीय व्यवसायों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है। इसका मकसद एक ऐसा रिस्पॉन्सिव और अनुकूलनीय ढांचा बनाना है जिसे तय पॉलिसी चक्रों का इंतजार किए बिना बदला जा सके। इस व्यापार रणनीति के अनुरूप, मोदी सरकार के 2026 के केंद्रीय बजट में भारत को एक वैश्विक उत्पादन और सोर्सिंग बेस के रूप में स्थापित करने के लिए नई पहलें शामिल थीं, जो मुख्य रूप से रक्षात्मक व्यापार रुख से हटकर अधिक आक्रामक, दूरदर्शी दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही हैं।

भारत की बदलती व्यापार नीतियों का लक्ष्य सिर्फ एक्सपोर्ट और निवेश पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अर्थव्यवस्था को वैश्विक नेतृत्व के लिए फिर से स्थापित करना है। व्यापक मुक्त व्यापार समझौतों और सरल टैरिफ प्रणालियों के साथ उत्पादों और सेवाओं के उद्योग में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। भारत हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग, श्रम-गहन एक्सपोर्ट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत मुक्त व्यापार समझौतों पर ध्यान केंद्रित करके साल 2032 तक $10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने की नींव रख रहा है। इन सुधारों का मकसद लंबे समय में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना और नौकरियां पैदा करना भी है, खासकर भारत के युवाओं के लिए। ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष महामहिम उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की। यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, जिसका वैश्विक जीडीपी में 25% हिस्सा है, और भारत की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, एक भरोसेमंद साझेदारी और अभूतपूर्व बाजार पहुंच स्थापित कर रही हैं। 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय निर्यात को यूरोपीय संघ में तरजीही प्रवेश दिया गया है, जिससे विकास की अपार संभावनाएं खुल रही हैं।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते का मूल लक्ष्य भारत और 27 यूरोपीय संघ के सदस्यों के बीच व्यापार की पूवार्नुमेयता, सामर्थ्य और सुगमता में सुधार करना है।

कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-गहन उद्योगों में 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को FTA के तहत तरजीही पहुंच से बहुत फायदा होगा, FTA MSMEs के लिए नए अवसर खोलेगा और महिलाओं, कारीगरों, युवाओं और पेशेवरों के लिए रोजगार पैदा करेगा। इसके अतिरिक्त, पारस्परिक बाजार पहुंच के साथ FTA का सावधानीपूर्वक कैलिब्रेटेड ऑटो उदारीकरण भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात के लिए दरवाजे खोलेगा और संवेदनशील कृषि उत्पादों और डेयरी क्षेत्र को बिना किसी बाजार पहुंच के सुरक्षित रखेगा।

यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक भागीदारों में से एक है, जिसमें उत्पादों और सेवाओं में द्विपक्षीय वाणिज्य समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ रहा है। 6.4 लाख करोड़ रुपये (75.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपये (60.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के आयात के साथ 2024-2025 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार कुल 11.5 लाख करोड़ रुपये (136.54 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा। साल 2024 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच सेवाओं में व्यापार कुल 7.2 लाख करोड़ रुपये (83.10 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक और युवा, जोशीली कामकाजी आबादी के साथ भारत इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का फायदा उठाकर रोजगार बढ़ाने, इनोवेशन को बढ़ावा देने, कई तरह के उद्योगों में मौके खोलने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कॉम्पिटिटिवनेस को बेहतर बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

कमोडिटी और सेवाओं में ट्रेड, ट्रेड रेमेडीज, कस्टम्स और ट्रेड फैसिलिटेशन जैसे पारंपरिक सेक्टर के अलावा, भारत-एव ट्रेड पैक्ट में रटए२ और डिजिटल ट्रेड जैसे नए क्षेत्र भी शामिल हैं। इसके अलावा, एव सदस्य देशों में जहां पारंपरिक मेडिकल तरीकों को रेगुलेट नहीं किया जाता है, वहां भारत ने भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के प्रैक्टिशनर्स को अपने टाइटल के तहत काम करने का अधिकार हासिल कर लिया है।

विविधीकरण और आगे का रास्ता भारत का 22वां मुक्त व्यापार भागीदार एव है। भारत ने साल 2025 में न्यूजीलैंड के साथ एक व्यापार समझौते के पूरा होने की घोषणा की और ओमान और यूनाइटेड किंगडम के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। एव व्यापार समझौता, वङ के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता और EFTA अनिवार्य रूप से भारतीय कंपनियों, निर्यातकों और उद्यमियों को पूरे यूरोपीय बाजार तक पहुंच प्रदान करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए बयानों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार सौदा अब तक का सबसे अच्छा सौदा होगा और भारतीय कंपनियों को बहुत मदद करेगा। यह देखते हुए कि भारत का माल निर्यात कुछ ही महत्वपूर्ण देशों और वस्तुओं पर केंद्रित है और इन समूहों के बाहर की मात्रा अपेक्षाकृत कम है, विविधीकरण आवश्यक है। वर्ष 2024 में भारत के माल निर्यात का 39% अमेरिका और एव को गया, जो इसके दो सबसे बड़े निर्यात गंतव्य हैं। ये बाजार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए भी मुख्य गंतव्य हैं और भारत के सेवा निर्यात के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। भारत एक ऐसा भविष्य का व्यापारिक माहौल बना रहा है जो अपने मजबूत स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ एकीकृत करने और राष्ट्र के अधिक वैश्विक आर्थिक एकीकरण की ओर बढ़ने के साथ-साथ कई लॉजिस्टिकल और बुनियादी ढांचे के मुद्दों को कुशलता से संबोधित करने का प्रयास करता है।

# मणिपुर में नई सरकार की वापसी और खेमचंद सिंह की सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा

**अजय कुमार**

करीब एक साल तक राष्ट्रपति शासन में रहने के बाद मणिपुर में फिर से चुनी हुई सरकार बनने जा रही है और इस बार सत्ता की कमान युमनाम खेमचंद सिंह के हाथों में होगी। यह बदलाव सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि उस राज्य के लिए एक नई शुरूआत का संकेत है, जो मई 2023 से जातीय हिंसा, विस्थापन और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुआ संघर्ष धीरे-धीरे इतना गहरा हो गया कि पूरा राज्य घाटी और पहाड़ के दो हिस्सों में बंटता दिखने लगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान गई, 60 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और करीब 350 गांवों में सामान्य जीवन ठप हो गया। हजारों घर, स्कूल, चर्च और मंदिर जला दिए गए, जिससे सामाजिक ढांचा ही नहीं, आर्थिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हुईं।

हिंसा के चलते राज्य का प्रशासन लगभग पंगु हो गया था। राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन बाधित हुआ, कई महीनों तक इंटरनेट बंद रहा और व्यापारिक गतिविधियां ठप पड़ गईं। अनुमान है कि इस संकट से मणिपुर की अर्थव्यवस्था को करीब 10 से 12 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पर्यटन उद्योग पूरी तरह रुक गया और छोटे व्यापारियों की आजीविका पर सीधा असर पड़ा। स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुईं, क्योंकि कई जिलों में डॉक्टरों और दवाइयों की आपूर्ति बाधित रही। शिक्षा का हाल यह रहा कि हजारों बच्चों की पढ़ाई महीनों तक बंद रही और कई स्कूल राहत शिविरों में बदल दिए गए।

इसी हालात में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर कुकी समुदाय ने पक्षपात का आरोप लगाया। धीरे-धीरे बीजेपी के भीतर भी असंतोष बढ़ा। अक्टूबर 2024 में पार्टी के करीब डेढ़ दर्जन विधायकों ने केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बदलने की मांग की। दबाव इतना बढ़ा कि फरवरी 2025 में बीरेन सिंह को इस्तीफा देना पड़ा और इसके बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति शासन एक साल से ज्यादा नहीं चल सकता, इसलिए केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर यह मजबूरी बन गई कि नई सरकार का गठन किया जाए। इसी राजनीतिक और संवैधानिक दबाव के बीच युमनाम खेमचंद सिंह का नाम सामने आया।

खेमचंद सिंह का चयन केवल पार्टी के भीतर संतुलन साधने का फैसला नहीं है, बल्कि सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखकर लिया गया कदम माना जा रहा है। वे मैतेई समुदाय से आते हैं, जिसकी आबादी मणिपुर में करीब 53 प्रतिशत है, लेकिन उन्हें कुकी और नागा समुदायों के बीच भी स्वीकार्यता वाला नेता माना जाता है। हिंसा के दौरान वे उन गिने-चुने मैतेई नेताओं में थे, जिन्होंने कुकी राहत शिविरों का दौरा किया और विस्थापित परिवारों से मुलाकात की। नागा बहुल उखरुल जिले में कुकी गांव के राहत शिविर में उनकी मौजूदगी को मानवीय संदेश के तौर पर देखा गया। उस समय जब घाटी और पहाड़ के बीच भरोसे की दीवार सबसे ऊंची थी, खेमचंद की यह पहल एक अलग संकेत थी कि वे केवल अपनी जाति की राजनीति नहीं करना चाहते।

राजनीतिक अनुभव के लिहाज से भी खेमचंद सिंह को मजबूत दावेदार माना गया। वे 2017 और 2022 में सिंगजामेई सीट से विधायक चुने गए। 2017 में पहली बार सत्ता में आने पर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया और उन्होंने पूरे पांच साल सदन की कार्यवाही संभाली। 2022 में वे मंत्री बने और ग्रामीण विकास, पंचायती राज, नगर प्रशासन, आवास और शिक्षा जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी निभाई। मणिपुर की राजनीति में करीब दो दशक से सक्रिय रहने वाले खेमचंद को संगठन और प्रशासन दोनों की समझ रखने वाला नेता माना जाता है। पार्टी नेतृत्व को लगा कि संकट के दौर में एक ऐसा चेहरा जरूरी है, जो अनुभव के साथ-साथ अपेक्षाकृत विवाद रहित भी हो।

मणिपुर विधानसभा का अंकगणित भी इस फैसले को मजबूती देता है। 60 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के पास फिलहाल 37 विधायक हैं। 2022 के चुनाव में पार्टी को 32 सीटें मिली थीं, लेकिन बाद में जेडीयू के पांच विधायक बीजेपी में शामिल हो गए। एक सीट फिलहाल रिक्त है। इसके अलावा एनपीएफ के 5, जेडीयू के 1 और 3 निर्दलीय विधायक सरकार का समर्थन कर रहे हैं। इस तरह एनडीए के पास कुल 46 विधायकों का समर्थन है, जबकि विपक्ष 14 पर सिमटा है। संख्या के लिहाज से सरकार मजबूत है, लेकिन मणिपुर की राजनीति में असली चुनौती बहुमत नहीं, सामाजिक भरोसा है।

राज्य में आज भी करीब 50 हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक केवल 25 से 30 प्रतिशत विस्थापित परिवार ही स्थायी रूप से अपने घर लौट पाए हैं। घाटी और पहाड़ी इलाकों के बीच आवाजाही पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है। कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के बिना लोगों का आना-जाना संभव नहीं है। सबसे बड़ी चिंता अवैध हथियारों की है। अनुमान है कि हिंसा के दौरान हजारों हथियार लूटे गए या अवैध रूप से जमा किए गए, जिनमें से अब तक केवल एक हिस्सा ही वापस लिया जा सका है। यह स्थिति शांति बहाली के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा मानी जा रही है।

नई सरकार के सामने प्राथमिक चुनौती पुनर्वास और सुरक्षा की होगी। हजारों परिवार जिनके घर जल गए, उनके लिए स्थायी आवास, मुआवजा और रोजगार की व्यवस्था करना आसान काम नहीं है। केंद्र सरकार ने पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज देने की बात कही है, लेकिन जमीन पर इसका असर तभी दिखेगा, जब प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम करे। स्वास्थ्य और शिक्षा को भी दोबारा पटरी पर लाना होगा। आंकड़ों के मुताबिक हिंसा के कारण 100 से ज्यादा स्कूल और दर्जनों स्वास्थ्य केंद्र आंशिक या पूरी तरह बंद हो गए थे। इन्हें दोबारा चालू करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

बीजेपी की रणनीति यह भी मानी जा रही है कि मुख्यमंत्री मैतेई समुदाय से होंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री पद पर कुकी और नागा समुदाय से प्रतिनिधित्व देकर संतुलन बनाया जाएगा। यह फामूर्ला सियासी तौर पर जरूरी है, क्योंकि 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी का लक्ष्य लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना है। लेकिन चुनावी गणित से पहले सामाजिक गणित को दुरुस्त करना ज्यादा जरूरी है। संवाद की प्रक्रिया शुरू करना, रास्ते खोलना, राहत शिविरों को धीरे-धीरे खाली कराना और प्रशासन पर भरोसा लौटाना सरकार की प्राथमिकता होगी।

खेमचंद सिंह की पृष्ठभूमि उन्हें बाकी नेताओं से अलग बनाती है। वे पेशे से ताइक्वांडो खिलाड़ी और शिक्षक रहे हैं। 1977 में उन्होंने इस खेल की शुरूआत की और करीब 20 साल तक सक्रिय खिलाड़ी रहे। दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण लेकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और भारतीय ताइक्वांडो टीम के कप्तान भी बने। बाद में वे खेल प्रशासक बने और ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया में उपाध्यक्ष रहे। असम ताइक्वांडो एसोसिएशन की स्थापना से लेकर मणिपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष तक का सफर उन्हें अनुशासन और संगठन की अहमियत सिखाता है। उनके समर्थक मानते हैं कि खेल से आई यही सोच उन्हें राजनीति में भी संतुलित बनाती है।

खेमचंद सिंह को स्वच्छ छवि वाला नेता माना जाता है। विधानसभा अध्यक्ष और मंत्री रहते हुए उन पर किसी बड़े भ्रष्टाचार या गंभीर विवाद का आरोप नहीं लगा। हिंसा के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से शांति की अपील की और कहा कि यह संघर्ष बच्चों के भविष्य को बर्बाद नहीं करना चाहिए। यही बातें बीजेपी नेतृत्व को यह भरोसा दिलाती हैं कि वे सख्ती और संवेदना के बीच संतुलन बना सकते हैं।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

**ललित गर्ग**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां "देर आए, दुरुस्त आए" की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दशार्ता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया। 50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और "मेक इन इंडिया" को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को "निरंतर धैर्य का परिणाम" बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाजी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका।

यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दशार्ता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय विपक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वाताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी।

## दैनिक पंचांग

**5 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.09 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मीन | 08.42 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 10.12 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.52 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.50 बजे से |
| शुक्र | मकर में | कर्क | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.20 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.32 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.43 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृश्चिक | 00.57 ब.से |
| | | धनु | 03.13 बजे से |
| | | मकर | 05.18 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 36 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 00.23 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 22.58 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 00.04 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 12.11 बजे तदनन्तर बालव 00.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 59' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872611 **जूलियन दिन** 2461076.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सावान **तारीख** 16 **विशेष** द्विजप्रिय संकष्टी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### निगम चुनाव नहीं लड़ेंगे जुगल किशोर पूनम को दिया समर्थन

**पलामू** : रामनवमी कमिटी मेदिनीनगर के अध्यक्ष जुगल किशोर ने नगर निगम चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। शारीरिक रूप से फिट नहीं रहने और झामुमो आलाकमान के निर्देश पर उन्होंने यह निर्णय लिया। बुधवार को नावाटोली स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने औपचारिक ऐलान किया। उन्होंने इस चुनाव में झामुमो समर्थित उम्मीदवार पूनम सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया है। जुगल किशोर ने कहा कि स्वास्थ्य कारणों और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी जो भी निर्णय लेगी, वे उसके साथ पूरी मजबूती से खड़े रहेंगे और आने वाले चुनाव में पूनम सिंह के समर्थन में पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने जुगल किशोर के इस निर्णय को समर्पण का प्रतीक बताते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि जुगल किशोर का यह कदम पार्टी और संगठन के लिए प्रेरणादायी है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। महापौर पद की प्रत्याशी पूनम सिंह ने पार्टी नेतृत्व और जुगल किशोर से मिले समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरने और मेदिनीनगर के समग्र विकास के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगी। मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, रामनाथ चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धर्म नीति के अनुसार होनी चाहिए भारत की राजनीति : कृष्ण प्रिया

**पलामू** : मेदिनीनगर के रेडमा में नवनिर्मित श्री परशुराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और शिव पुराण कथा में शामिल होने के लिए वृंदावन से आई देवी कृष्ण प्रिया ने सनातन धर्म की मजबूती के लिए एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने लोगों से गौहत्या पर रोक लगाने की अपील की। देवी कृष्ण प्रिया ने धर्म नीति के अनुसार भारत की राजनीति पर बल दिया। उन्होंने यह बातें बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अधर्म का नाश करने के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र का भी होना जरूरी है। सनातन धर्म का महान आस्तित्व है और इसे परिभाषित नहीं किया जा सकता। इसे हवा, जल, प्रकाश, पेड़ पौधे सहित अन्य में महसूस किया जा सकता है। उन्होंने बढ़े पाप पर चर्चा करते हुए कहा कि आज पूरे देश में आध्यात्मिक कार्यक्रम ज्यादा होते हैं लेकिन इन आयोजनों में कही गई बातों का अनुसरण लोग नहीं करते। जो सदाचारी लोगों में होनी चाहिए वह नजर नहीं आती। धार्मिक कथा को ढंग से लोग नहीं सुनते। आचरण में नहीं उतारते। अनुदान देते हैं लेकिन अपने आप को धर्म के प्रति समर्पित नहीं करते। इसी कारण नैतिकता का पतन होता है और पाप बढ़ता है।

### भगवत् कृपा : एक अनमोल उपहार जो हमारे जीवन को बनाता है परिपूर्ण

**रामगढ़**: भगवत् कृपा एक ऐसा उपहार है जो भगवान की ओर से हमें मिलता है, और यह उपहार हमारे जीवन को परिपूर्ण बनाने में मदद करता है। लेकिन क्या इसका कोई मूल्य है? क्या भगवान ने इसके लिए कोई शर्त रखी है? आइए, इस विषय पर विस्तार से चर्चा करें। भगवान की कृपा का कोई मूल्य नहीं है, क्योंकि वे बिनु हेतु सनेही हैं, अर्थात वे बिना किसी कारण के प्रेम करते हैं। उनकी कृपा अकारण है, और वे किसी से कुछ नहीं लेते। लेकिन, भगवान की कृपा पाने के लिए हमें कुछ शर्तों को पूरा करना होता है। भगवान की कृपा पाने के लिए हमें अपने मन को शुद्ध करना होता है, और अपने कर्मों को सुधारना होता है। हमें अपने जीवन में सच्चाई, न्याय, और दया को अपनाना होता है। हमें अपने मन को भगवान की ओर मोड़ना होता है, और उनकी शरण में जाना होता है। भगवान की कृपा पाने के लिए हमें अपने अहंकार को छोड़ना होता है।

# विकसित भारत 2047 की नींव रखने वाला बजट : भाजपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी 2026 को संसद में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर भाजपा रामगढ़ जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी विशेष रूप से मौजूद रहे।प्रेस वार्ता में जिला कार्यक्रम संयोजक रंजन फौजी, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वरिष्ठ नेता संतराज पासवान, मंडल अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय एवं संजय कुमार साह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी ने कहा कि बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने वाला है।यह बजट रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे विकसित भारत का बजट बताते हुए कहा कि इसमें लोकल से ग्लोबल तक की सोच स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। राहुल अवस्थी ने बजट के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत निर्धारित किया है। बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए कैपेक्स को 12.2 लाख करोड़ रखा गया है। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की घोषणा की गई है। सके साथ ही चैंपियन एसएमई के लिए विशेष पैकेज और रेयर अर्थ सेक्टर के लिए भी प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटे करदाताओं को राहत देते हुए एकमुश्त विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना लाई जाएगी। वहीं, विदेश यात्रा और विदेश में पढ़ाई पर लगने वाले टीसीएस में भी कटौती की गई है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने कहा कि बजट 2026-27 राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में पहली बार ऑरेंज इकोनॉमी को विशेष महत्व दिया गया है। ऑरेंज इकोनॉमी का आशय क्रिएटिव सेक्टर से है, जिसमें एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, एवीजीसी और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऑरेंज इकोनॉमी सेवाओं पर आधारित विकास को बढ़ावा देगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी। सरकार ने स्कूल और कॉलेज स्तर पर स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने, क्रिएटिव सेक्टर को रोजगार, निर्यात और नवाचार का मजबूत स्तंभ बनाने तथा इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन से जोड़ने की दिशा में अहम घोषणाएं की हैं। संजीव कुमार बावला ने कहा कि यह बजट ऑरेंज इकोनॉमी को क्रिएटिव जॉब्स का नया इंजन बनाने और भारत को वैश्विक स्तर पर एक क्रिएटिव हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## चार श्रम संहिताओं के खिलाफ मजदूरों का बिगुल, 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**भुरकुंडा** : आगामी 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी मजदूर हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से एनसीओइए सीटू की एक महत्वपूर्ण जीबी बैठक बरका-सयाल एरिया कार्यालय, रीवर साइड में आयोजित की गई। बैठक में बरका-सयाल, अरगड्डा, हजारीबाग, रजरप्पा क्षेत्र के अलावा केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना और केंद्रीय अस्पताल नई सराय के पदाधिकारी व प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की शुरूआत शहीद बेदी पर माल्यार्पण एवं झंडोत्तोलन के साथ की गई। इसके पश्चात सदस्यीय अध्यक्षीय मंडल द्वारा प्रस्ताव रखा गया, जिसके बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत बरका-सयाल एरिया सचिव रामनरेश सिंह ने किया। इस जीबी बैठक में ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन सीटू के महासचिव एवं जेबीसीसीआई सदस्य डीडी रामनंदन, एनसीओइए सीटू के महासचिव आरपी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह तथा केंद्रीय उपाध्यक्ष पीड़ी सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एनसीओइए सीटू के महासचिव आरपी सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नए श्रम कोड लागू कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कानूनों को इतना जटिल बना दिया गया है कि मजदूर संगठनों के लिए संघर्ष करना कठिन हो गया है। इसका उद्देश्य कोयला मजदूरों की आवाज को दबाना है। आरपी सिंह ने कहा कि सरकार ने नए कानूनों के माध्यम से बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का रास्ता खोल दिया है, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 1972 से पहले जैसी मजदूरों की स्थिति दोबारा लौटने वाली है, जहां निजी कंपनियों के अधीन मजदूर गुलामी जैसी जिंदगी जीने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब सरकार जमीन तो ले लेगी, लेकिन बदले में रोजगार की गारंटी नहीं देगी, जबकि पहले जमीन के बदले नौकरी और मुआवजा दोनों का प्रावधान था।

## रामगढ़ की धरती पर इतिहास रचेगा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2026

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाला 'सांसद सामूहिक विवाह उत्सव 2026' 08 फरवरी 2026 को रामगढ़ की ऐतिहासिक धरा पर एक ऐसा सामाजिक कीर्तिमान रचने जा रहा है, जो इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। इस भव्य आयोजन में 101 जोड़ों का जीवन नई रोशनी से भर जाएगा और समाज के सामने सेवा का एक अमिट उदाहरण प्रस्तुत होगा। सांसद मनीष जायसवाल की यह अनूठी सेवा पहल यात्रा की शुरूआत हजारीबाग सदर विधायक के रूप में 14 दिसंबर 2023 को शुरू हुई थी, जब उन्होंने अपने दो जुड़वा भाइयों के विवाह की रजत जयंती पर 25 बेटियों के हाथ पीले कराए थे। उस आयोजन की सफलता और आत्मिक संतोष ने उन्हें इसे व्यापक रूप देने की प्रेरणा दी। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2026 का आयोजन रामगढ़ के फुटबॉल ग्राउंड, छावनी परिषद में होगा। यहाँ से 101 गाड़ियों में सजे दूल्हों की एक विशाल महा-बारात निकलेगी, जिसकी अगुवाई स्वयं सांसद मनीष जायसवाल और प्रसिद्ध गायक व सांसद मनोज तिवारी 'मृदुल' करेंगे। गाजे-बाजे, ढोल-ताशे और पारंपरिक नृत्य-संगीत के साथ यह बारात सुभाष चौक और झंडा चौक होते हुए सिद्धू-कान्हु मैदान पहुँचेगी। सिद्धू-कान्हु मैदान में 101 आकर्षक विवाह मंडप तैयार किए जा रहे हैं। सुबह 10:00 बजे से विवाह की रस्में शुरू होंगी, जहाँ देश-दुनिया में विख्यात राघवेंद्र कुमार गौतम उर्फ. राघव पंडित एवं उनकी टीम के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों पंडितों के खास समूह द्वारा 'म्यूजिकल फेरे' एवं मंगलाचरण के साथ शादी संपन्न कराया जाएगा। सांसद जायसवाल ने इन जोड़ों की गृहस्थी बसाने के लिए उपहार स्वरूप टोटो (ई-रिक्शा) सहित करीब 37 प्रकार के आवश्यक सामान देने का संकल्प लिया है।

## कल्याण गुरुकुल के वरीय प्राचार्य को दी गई भावपूर्ण विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : कल्याण गुरुकुल खूंटी की वरीय प्राचार्य केशव चंद मोहंती को बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में भावपूर्ण विदाई दी गई। सात वर्षों तक संस्थान में सेवा देने के बाद उनकी प्रोन्नति क्वालिटी एश्योरेंस एंड स्टैंडर्ड के पद पर हुई है। इस अवसर पर नए प्राचार्य भूपेन्द्र शर्मा का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केसी मोहंती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा के उप प्रमुख संतोष कुमार कर उपस्थित थे। अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरीय प्राचार्य केशव चंद मोहंती, नए प्राचार्य भूपेन्द्र शर्मा, पत्रकार अनिल मिश्रा, पत्रकार अजीत जायसवाल, समाजसेवी भोला मांझी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। विदाई संबोधन में केशव चंद मोहंती ने कहा कि उन्होंने हमेशा कर्म को ही धर्म मानकर कार्य किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने कल्याण गुरुकुल का प्रभार संभाला, उस समय तीसरा बैच चल रहा था, जबकि आज यहां से 103 बैच सफलतापूर्वक पास होकर निकल चुके हैं। उन्होंने संस्थान के विकास में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यहां के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला। मुख्य अतिथि संतोष कुमार कर ने मोहंती के कृतित्व और व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गुरुकुल ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। पत्रकार अनिल मिश्रा ने कहा कि कुछ लोग स्थान बदलने के बाद भी अपनी पहचान और कार्यों के माध्यम से हमेशा याद किए जाते हैं, मोहंती उन्हीं में से एक हैं। पत्रकार अजीत जायसवाल ने भी उनके समर्पण और अनुशासन की प्रशंसा की और कहा कि मोहंती ने खूंटी के गुरुकुल ने सफलता का नया सोपान गढ़ा है।

## पूजा-अर्चना के बाद नीलू देवी ने किया नामांकन जीत पर वार्ड के सुंदरीकरण का संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : रामगढ़ नगर परिषद चुनाव के तहत वार्ड नंबर 22 से वार्ड पार्षद पद की प्रत्याशी नीलू देवी ने नामांकन से पूर्व प्रसिद्ध बंजारी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड पार्षद चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पूजा-अर्चना के दौरान नीलू देवी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं चुनाव में जीत की कामना की। नामांकन के बाद नीलू देवी ने कहा कि जीत हासिल होने पर वार्ड नंबर 22 का समग्र सुंदरीकरण कराया जाएगा तथा मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता, सड़क, नाली, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि वार्ड के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नीलू देवी ने कहा कि वह वार्ड के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता की सेवा करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वह वार्ड के लोगों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगी। इस मौके पर उमा देवी, आरती देवी, गुड़िया देवी, कुमारी रिक्ता, रानी देवी, यशोदा देवी, ईशा देवी, नवीन पांडे, बृज किशोर पांडे, नारायण पांडे, विपिन पांडे, नित्यानंद सिंह, प्रदीप कुमार भुईया सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं वार्डवासी मौजूद थे। नामांकन के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल बना रहा। नीलू देवी के समर्थकों ने कहा कि वह एक अनुभवी और सक्षम नेता हैं, जो वार्ड नंबर 22 का विकास कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि नीलू देवी की जीत वार्ड के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# जिंदल फाउंडेशन की पहल : प्राकृतिक खेती को मिला बढ़ावा, 70 किसानों को मिला वर्मी कम्पोस्टिंग किट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातू** : जिंदल फाउंडेशन, पतरातू द्वारा क्षेत्र में प्राकृतिक एवं सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। फाउंडेशन ने प्रोड्यूसर ग्रुप से जुड़े 70 किसानों के बीच वर्मी कम्पोस्टिंग किट का वितरण किया, जिससे वे स्वयं जैविक खाद का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक संतोष कुमार, मीनू सिंह, रूपेश कुमार और कुमार राहुल उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखती है। प्रत्येक वर्मी कम्पोस्टिंग किट में पॉलीथीन शीट, रोज कैन तथा 1 किलोग्राम केंचुए शामिल थे। इस किट के माध्यम से किसान आसानी से अपने खेतों में वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर सकेंगे, जिससे उन्हें रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। जिंदल फाउंडेशन का यह प्रयास कम लागत वाली प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल उत्पादन में वृद्धि करने तथा किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फाउंडेशन का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए क्षेत्र में एक टिकाऊ कृषि मॉडल को स्थापित करना है। कार्यक्रम का संचालन शोम्या ने किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने जिंदल फाउंडेशन के इस पहल की सराहना की और कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा समर्थन है। किसानों ने आशा व्यक्त की कि इस पहल से उनकी आय में वृद्धि होगी और वे एक स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ेंगे। जिंदल फाउंडेशन द्वारा की गई यह पहल न केवल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान करेगी। यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई दिशा और नए अवसर प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव : प्रिया करमाली ने पूजा-अर्चना के बाद किया नामांकन



**रामगढ़** : रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी प्रिया करमाली ने नामांकन से पूर्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल टूटी झरना मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर जीत की कामना की। पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, राजू चतुवेर्दी, मनोज गिरी, संजय शाह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद प्रिया करमाली ने नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ने हेतु जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़ पहुंचकर विधिवत रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव बावला सिंह, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने प्रत्याशी का उत्साहवर्धन किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रिया करमाली के नेतृत्व में रामगढ़ नगर परिषद का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का व्यापक समर्थन भाजपा समर्थित प्रत्याशी को मिल रहा है और आगामी नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में उनकी जीत तय है। पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक आस्था, उत्साह और चुनावी जोश का माहौल बना रहा। वहीं जिला परिषद परिसर में भी चुनावी हलचल और कार्यकताओं का उत्साह स्पष्ट रूप से नजर आया। प्रिया करमाली ने कहा कि वह रामगढ़ नगर परिषद के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता की सेवा करना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वह नगर परिषद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए काम करेंगी।

### आंचल यादव बनीं समाज की शान, बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत



**भुरकुंडा** : यदुवंशी परिवार सम्मान सहयोग ने मिस ग्लैमर का खिताब जीतने वाली आंचल यादव को उनके आवास पर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह उनके परिवार और समाज के लिए एक गर्व का क्षण था। आंचल यादव, राजद नेता डॉ. जवाहिर यादव की सुपुत्री हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में संगठन के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों ने आंचल यादव को भगवान श्रीकृष्ण का चित्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि आंचल यादव की यह उपलब्धि समाज की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपनी मेहनत से यदुवंशी समाज के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। समारोह में कन्हैया सिंह यादव, शंकर यादव, शक्ति यादव, पप्पू यादव, प्रदीप यादव, टीलू यादव और राजेंद्र यादव सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आंचल यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आंचल यादव की इस उपलब्धि ने समाज में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया है। उनकी इस सफलता से समाज की बेटियों को आगे बढ़ने का मार्ग मिलेगा और वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होंगी। इस सम्मान समारोह ने यह साबित कर दिया कि समाज अपनी बेटियों की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए हमेशा तैयार है। आंचल यादव की इस उपलब्धि को सलाम करते हुए, हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### स्वस्थ जीवनशैली ही कैंसर से बचाव की सबसे बड़ी ढाल: डॉ खान



**भुरकुंडा** : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जेडआई खान, विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, और प्राचार्य विवेक प्रधान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ खान ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी अचानक नहीं होती, बल्कि हमारा शरीर पहले ही कई संकेत देता है, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। यही लापरवाही आगे चलकर बीमारी को गंभीर बना देती है। उन्होंने कैंसर स्क्रीनिंग और नियमित स्वास्थ्य जांच पर जोर देते हुए कहा कि समय पर पहचान होने से इलाज संभव हो जाता है। इसलिए कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि उसे समझने की आवश्यकता है। डॉ खान ने विशेष रूप से छात्राओं को स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के प्रति सजग रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित व्यायाम और योग को जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ओरल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनका मुख्य कारण पान, गुटखा और तंबाकू का सेवन है। स्वस्थ आदतें कैंसर से बचाव की सबसे बड़ी ढाल होती हैं। उन्होंने हैंडवॉशिंग, संतुलित आहार, मजबूत इम्युनिटी, स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि इन आदतों को अपनाने में कोई खर्च नहीं आता, लेकिन इससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जब हम छोटे-छोटे लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं, तब वही समस्या आगे चलकर बड़ी बन जाती है। स्वस्थ आदतें, नशे से दूरी और समय पर जांच कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा हैं। यदि हम आज सजग होंगे, तो कल अपने किसी प्रिय को पीड़ा से बचा सकेंगे। धन्यवाद ज्ञापन मुख्तार सिंह ने दिया। इस अवसर पर करुणा राजगढ़िया, दीपिका तिवारी, साधना सिन्हा, कुमुल कुमार, नीलू श्रीवास्तव, विजय शर्मा, प्रियंका कुमारी उपस्थित थे। इस सेमिनार का उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। डॉ खान ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए हमें अपने जीवनशैली में बदलाव लाना होगा और नियमित स्वास्थ्य जांच करानी होगी। सेमिनार के अंत में, उपस्थित लोगों ने कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए शपथ ली और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार और समुदाय में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाएंगे और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

# ट्रेड डील से टेक्सटाइल शेयरों में बंपर तेजी कई स्टॉक्स में लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सटाइल कंपनियों के शेयर मंगलवार को बाजार खुलते ही रॉकेट बन गए हैं। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने से गारमेंट एंड अपैरल कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। अमेरिका ने भारत से होने वाले एक्सपोर्ट पर टैरिफ को घटाकर 18 पर्सेंट कर दिया है। टैरिफ घटने के बाद गोकलदास एक्सपोर्ट्स, किटेक्स गारमेंट्स, वेलस्पन लिविंग, इंडो काउंट इंडस्ट्रीज, पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज, अरविंद लिमिटेड और केपीआर मिल के शेयरों में 20 पर्सेंट तक की तेजी देखने को मिली है।

**20 प्रतिशत के अपर सर्किट पर इन कंपनियों के शेयर-** गोकलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, किटेक्स गारमेंट्स और इंडो काउंट इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 20 पर्सेंट के अपर सर्किट पर पहुंच गए हैं। गोकलदास एक्सपोर्ट्स के शेयर 20 पर्सेंट की तेजी के साथ 696.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं। वहीं, किटेक्स गारमेंट्स के शेयरों में भी 20 पर्सेंट का अपर सर्किट लगा है और कंपनी के शेयर 196.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। इंडो काउंट इंडस्ट्रीज के शेयर 20 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 286.90 रुपये पर पहुंच गए हैं।



**इन कंपनियों के शेयरों में भी अच्छी तेजी-** वेलस्पन लिविंग, पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज, अरविंद लिमिटेड और केपीआर मिल के शेयरों में भी तूफानी तेजी देखने को मिली है। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने के बाद मंगलवार को वेलस्पन लिविंग के शेयर 18 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 144.80 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। केपीआर मिल लिमिटेड के शेयर भी 15 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 989.50 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।

### अब वियतनाम और बांग्लादेश से भी कम टैरिफ

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने के बाद इंडियन एक्सपोर्ट पर 18 पर्सेंट का टैरिफ लगेगा, जो कि वियतनाम और बांग्लादेश जैसे दूसरे बड़े गारमेंट एक्सपोर्ट हब से कम होगा। वियतनाम और बांग्लादेश से होने वाले एक्सपोर्ट पर 20 पर्सेंट का टैरिफ लग रहा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यूएस रेडीमेड गारमेंट इंपोर्ट्स में बांग्लादेश की बाजार हिस्सेदारी 9 पर्सेंट थी, जबकि वियतनाम का मार्केट शेयर 19 पर्सेंट है। भारत की बाजार हिस्सेदारी 6 पर्सेंट है। टैरिफ घटने के बाद भारत की बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

## ट्रंप के टैरिफ कटौती का असर, एक्सपर्ट बोले 25500 के पार जाएगा निफ्टी 50

आखिरकार लम्बे इंतजार के बाद भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ हटा लिया गया है। वहीं, टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है। बता दें, मौजूदा समय में अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। यानी अमेरिका ने भारत पर 32 प्रतिशत टैरिफ घटाया है। ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर अधिक टैरिफ लगा दिया था।शेयर बाजार के लिए बजट 2026 के बाद एक और बड़ी खबर है। इस पॉजिटिव असर मार्केट पर आज साफ देखने को मिल सकता है। स्टॉक मार्केट से जुड़े एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी खबर है। उनका कहना है कि मार्केट नेशनल इकनॉमी को ही दर्शाता है। ऐसे में निफ्टी की गैप-अप ओपनिंग हो सकती है। लेकिन जल्द ही यह 25500 को क्रॉस कर सकता है। एक्सपर्ट्स फार्मा, आईटी, ऑटो, टेक्सटाइल, गेम्स और ज्वेलरी आदि कंपनियों के शेयरों में हलचल देखने को मिल सकती है। स्ब्ट ग्लोबल सिक्योरिटीज की सीनियर रिसर्च एक्सपर्ट सीमा श्रीवास्तव कहती हैं, एक बार दोनों सरकारों की तरफ से पूरी जानकारी सामने आ जाए।

# तेल की कीमतों में 5 प्रतिशत की गिरावट

### क्या अमेरिका और ईरान के बीच बन गई बात? भारत पर क्या असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमतें 5 फीसदी गिर गई हैं। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने के संकेत हैं। बाजारों में यह प्रतिक्रिया तब आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान वाशिंगटन के साथ बातचीत कर रहा है। इन बयानों से एक ओपीइसी सदस्य से जुड़े संघर्ष




की चिंताएं कम हो गईं। यह गिरावट ऐसे समय में आई जब कमोडिटी बाजारों में भी नरमी देखी गई। ब्रेंट क्रूड और यूएस क्रूड दोनों ही भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण कई महीनों की ऊंचाई से नीचे आ गए।

पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी डॉलर भी मजबूत हुआ है। मजबूत डॉलर ने अमेरिका के बाहर के खरीदारों के लिए डॉलर-मूल्य वाले तेल को महंगा बना दिया। ओपीइसी ने भी उत्पादन अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जिससे तेल बाजार में पर्याप्त आपूर्ति की चिंताएं बढ़ गईं। तेल की कीमत में 5 फीसदी की गिरावट के बाद ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 0528 एमटी पर 65.94 डॉलर प्रति बैरल पर था। वहीं यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 61.88 डॉलर प्रति बैरल पर था।

## 2025 को समाप्त अवधि के दौरान दर्ज किया 31,326 करोड़ का नया बिज़नेस प्रीमियम

**मुंबई, एजेंसी।** देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 31,326 करोड़ का नया बिज़नेस प्रीमियम दर्ज किया, जो 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त इसी अवधि में 26,256 करोड़ था। नियमित प्रीमियम में 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। गौरतलब है कि एसबीआई लाइफ का सुरक्षा संबंधी नया बिज़नेस प्रीमियम 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,411 करोड़ रहा। सुरक्षा संबंधी व्यक्तिगत नया बिज़नेस प्रीमियम 31 दिसंबर 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 651 करोड़ रहा। व्यक्तिगत नया बिज़नेस प्रीमियम 22,545 करोड़ रहा, जिसमें 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त इसी अवधि के मुकाबले 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई लाइफ का कर पश्चात मुनाफा, 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 1,666 करोड़ रहा, जिसमें 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अवधि के मुकाबले 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 31 दिसंबर, 2025 तक 1.91 पर मज़बूत बना हुआ है, जबकि नियामकीय अनिवार्यता 1.50 है। एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 16 प्रतिशत बढ़कर 31 दिसंबर, 2025 को 5,11,708 करोड़ हो गया, जो 31 दिसंबर, 2024 को 4,41,678 करोड़ था, जिसमें डेट-इक्विटी मिश्रण 59:41 है। डेट इन्वेस्टमेंट (ऋण निवेश) का 94.97 प्रतिशत एएए और सॉवरेन इंस्ट्रूमेंट में है। कंपनी के पास 3,53,506 प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का विविधीकृत नेटवर्क है और देश भर में 1,176 कार्यालयों के साथ इसकी व्यापक उपस्थिति है। इसमें मज़बूत बैंकएश्योरेंस चैनल, एजेंसी चैनल और अन्य शामिल हैं, जिनमें कॉर्पोरेट एजेंट, ब्रोकर, पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) व्यक्ति, बीमा विपणन फर्म, वेब एग्रीगेटर और डायरेक्ट बिज़नेस शामिल हैं।

## सुर्खियों में आई ह्युंडई और आईसीसी की साझेदारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** आईसीसीमेन्स टी20 वर्ल्ड 2026 के लिए उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में ह्यूंडई मोटर कंपनी की आईसीसी के साथ मल्टी-ईयर प्रीमियर पार्टनरशिप के तहत ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) ने दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया है। यह एक व्यापक, हाई-इम्पैक्ट राष्ट्रव्यापी ब्रांड कैंपेन है। भारत में क्रिकेट के प्रति गहरे जुनून का जश्न मनाने और साथ ही फैंस एवं ग्राहकों के साथ ह्यूंडई के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया यह इंटीग्रेटेड कैंपेन ऑन-ग्राउंड अनुभवों, यादगार पलों, डीलरशिप एक्टिवेशन और मास-मीडिया आउटरीच तक फैला है। इसमें खेल, मोबिलिटी और फैनडम को अभूतपूर्व तरीके से साथ लाया गया है। एच एम आई एलके ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान के नेतृत्व में यह कैंपेनआईसीसी के साथ ह्यूंडई के जुड़ाव को और मजबूत करता है, साथ ही क्रिकेट के लिए भारत के कभी न खत्म होने वाले प्यार और जुनून के साथ ब्रांड के गहरे कनेक्शन को भी दिखाता है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए और आईसीसीमेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया को सफलता की शुभकामनाएं देते हुएह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसश्री तरुण गर्ग ने कहा, भारत में क्रिकेट निरंतरता, विश्वास और आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। ये ऐसे मूल्य हैं जो ह्यूंडई में हमारे साथ गहराई से जुड़े हैं। आईसीसीके प्रीमियर पार्टनर के तौर पर एच एम आई एल को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले 'दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर' ब्रांड कैंपेन लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है। यह कैंपेन एक ऐसी सच्चाई से प्रेरित है जिसे नकारा नहीं जा सकता।

# ब्रांडमैन रिटेल लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

### कुल इश्यू आकार - 10 अंकित मूल्य के अधिकतम 48,91,200 इक्विटी शेयर

**मुंबई, एजेंसी।** ब्रांडमैन रिटेल लिमिटेड, भारत में प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के लिए एक तेज़ी से उभरता रिटेल एवं डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म, बुधवार, 4 फ़रवरी, 2026 को अपना इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) खोलने जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 86.09 करोड़ जुटाने का है। इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे।

इस इश्यू का आकार 10 अंकित मूल्य वाले 48,91,200 इक्विटी शेयरों का है, जिनका प्राइस बैंड 167 से 176 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग 15 एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स और मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स शुरू कर नए रिटेल नेटवर्क के विस्तार हेतु पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण, नए ईबीओएस और एमबीएस की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, मौजूदा ईबीओएस और एमबीएस की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं तथा सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों के लिए किया जाएगा। एंकर बिडिंग मंगलवार, 03 फ़रवरी, 2026 को होगी। इश्यू बुधवार, 04 फ़रवरी, 2026 को खुलेगा और शुक्रवार, 06 फ़रवरी, 2026 को बंद होगा। इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर ग्रीटेक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड हैं तथा रजिस्ट्रार टू द इश्यू बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड हैं। ब्रांडमैन रिटेल लिमिटेड के प्रमोटर, प्रबंध निदेशक एवं चेयरमैन श्री अरुण मल्होत्रा ने कहा, हमारे इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग का शुभारंभ ब्रांडमैन रिटेल लिमिटेड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वर्षों के दौरान कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय फुटवियर और परिधान ब्रांड्स के विविध पोर्टफोलियो तथा मल्टी-चैनल ऑपरेटिंग मॉडल के माध्यम से संगठित रिटेल क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। फ्रेश इश्यू से प्राप्त धनराशि का उपयोग रिटेल नेटवर्क के विस्तार, मौजूदा आउटलेट्स के नवीनीकरण तथा कार्यशील पूंजी को सुदृढ़ करने में किया जाएगा, जिससे परिचालन दक्षता बढ़े और सभी चैनलों में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। ग्रीटेक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड होल टाइम डायरेक्टर श्री सुमीत हरलालका ने कहा, मजबूत बुनियादी आधार, विविध बिक्री चैनल मिश्रण और संगठित फुटवियर एवं परिधान क्षेत्र में स्थापित उपस्थिति के साथ यह एक रिटेल-केंद्रित कंपनी है। अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ मजबूत संबंधों और प्रमुख बाजारों में बढ़ते रिटेल नेटवर्क के बल पर कंपनी ने परिचालन में निरंतर वृद्धि प्रदर्शित की है।

# एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़' कर रहा है वापसी सीज़न 9 में पांच ख़ास सेलिब्रिटी होम टूर के साथ

### साथ ही, 'एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़ लुकबुक' भी जारी की है, जो कस्टमर्स को अपने घरों के लिए कलर और डेकॉर आइडिया समझाने में मदद करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी पेंट और डेकॉर कंपनी एशियन पेंट्स अपने लोकप्रिय होम डेकॉर और स्टोरीटेलिंग सीरीज़, एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज़ के 9वें सीज़न के साथ वापसी कर रही है। इस सीज़न में भारत की मशहूर हस्तियों के पांच घरों को दिखाया जाएगा, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा-ज़हीर इकबाल, गौतम गंभीर, कीर्ति सुरेश-एंटनी थट्टिल, अर्चना पूरन सिंह-परमीत सेठी, और अमन व प्रिया गुप्ता शामिल हैं। हालांकि हर घर स्टाइल, बनावट और पर्सनैलिटी में अलग होता है, लेकिन हर घर में प्यार, सच्चाई और भावनात्मक लगाव ज़रूर देखने को मिलता है। दर्शक ऐसी जगहों में प्रवेश करते हैं जो ऊर्जा और अपनेपन से भरपूर है, जहां उनमें रहने वाले लोगों के जीवन की झलक मिलती है। अर्चना और परमीत दर्शकों को मढ़ में स्थित अपने एंग्लो-स्पेनिश स्टाइल से इंस्पायर्ड घर में आमंत्रित करते हैं। यह घर समय के साथ-साथ परिवार के अपनेपन, भावनाओं और यादों के साथ धीरे-धीरे विकसित हुआ है। कीर्ति और एंटनी का ऊर्जा से भरपूर कोच्चि अपार्टमेंट रंगों और भावनाओं के साथ उनके नैचुरल लगाव को दर्शाता है। सोनाक्षी और ज़हीर अपने पेंटहाउस सादा के दरवाज़े जब खोलते हैं, तो एक ऐसा घर सामने होता है, जो कई तरह के भावों को समेटे हुए है। यहां जोशभरी बातें भी



होती हैं और शांत, यादों से भरे कोने भी हैं। एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगल ने कहा, एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज के नौवें सीज़न के साथ, हमें उस यात्रा को जारी रखने पर गर्व है जिसके लिए एशियन पेंट्स दशकों से प्रतिबद्ध है। इससे लोगों को अलग नज़रिए से देखने में मदद मिलेगी। लोग समझ पाएंगे कि हम भारतीयों को अपने घरों को सिर्फ़ रहने की एक जगह के रूप में नहीं, बल्कि हमारे व्यक्तित्व की छवि प्के रूप में देखना चाहिए। 1 बिलियन से अधिक व्यूज़, जो लगातार बढ़ रहे हैं, के साथ एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज भारत का सबसे पसंदीदा और देखा जाने वाला होम डेकोर शो बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में, यह सीरीज़ एक ऐसा मंच बन चुकी है, जो कस्टमर्स को रंग, डेकॉर और डिज़ाइन के बारे में गाइड करती है। इससे कस्टमर्स को न सिर्फ़ आसान चॉइस और ट्रेंड्स की जानकारी मिलेगी, बल्कि यह भी समझ आएगा कि सोच-समझकर लिए गए डिज़ाइन डिसीज़न कैसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बना सकते हैं। एक ऐसे ब्रांड के रूप में जो लंबे समय से रंग और डिज़ाइन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, हम हर काम पूरी ज़िम्मेदारी से करते हैं। गौतम का शांत, रोशनी से भरपूर घर उनकी सार्वजनिक पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग है। ऐसा लगता है मानो उनका घर शांति और सुकून भरे पलों के लिए बनाया गया है।

# सोना-चांदी की लगी है सेल...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोना और चांदी में पिछले तीन दिनों में भारी गिरावट आई है। सोना जहां प्रति 10 ग्राम डेढ़ लाख रुपये से नीचे आ गया है तो वहीं चांदी भी ढाई लाख रुपये से नीचे आ गई। इसी बीच रिच डैड पुअर डैड किताब के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में गिरावट को लेकर एक पोस्ट की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिए उन्होंने अमीर और गरीब के बीच में अंतर समझाया है। कियोसाकी की यह पोस्ट सोना और चांदी में आई गिरावट में खरीदारी को लेकर है। उन्होंने लिखा है, अमीर और गरीब लोगों में फर्क देखिए। जब



वॉलमार्ट में सेल लगती है, तो गरीब लोग दौड़कर सब कुछ खरीद लेते हैं। लेकिन जब शेयर बाजार या किसी भी वित्तीय बाजार में गिरावट आती है, जिसे क्रैश कहते हैं, तो गरीब लोग घबराकर बेच देते हैं। वहीं अमीर लोग इसी मौके का फायदा उठाते हैं और खूब खरीदते हैं।

कियोसाकी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि सोना, चांदी और बिटकॉइन में गिरावट किसी सेल से कम नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा है कि ऐसे में इन चीजों को खरीदारी करनी चाहिए। पोस्ट में उन्होंने लिखा है, अभी सोना, चांदी और बिटकॉइन के बाजार में गिरावट आई है, यानी एक तरह की सेल लगी है। मैं भी पैसे लेकर तैयार हूं, ताकि जब ये चीजें सेल पर हों, तो और खरीद सकूं। आप क्या करेंगे?

# पटेल रिटेल लिमिटेड का क्यू3 एफवाय26 राजस्व 36 प्रतिशत बढ़ा, मुनाफ़ा 96 प्रतिशत उछला

**मुंबई, एजेंसी।** पटेल रिटेल लिमिटेड एक विविधीकृत रिटेल एवं फूड प्रोसेसिंग कंपनी, ने क्यू3 एवं 9एम एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय रिपोर्ट्स की घोषणा की।

पटेल रिटेल लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री धनजी पटेल ने कहा, क्यू3 एफवाय26 और नौ माह की अवधि के दौरान मिले मज़बूत और निरंतर प्रदर्शन से हम उत्साहित हैं, जो हमारी परिचालन रणनीति की प्रभावशीलता और निष्पादन पर हमारे फोकस को दर्शाता है। बेहतर लाभप्रदता, मार्जिन में विस्तार और स्थिर नकदी सृजन हमारे एकीकृत रिटेल एवं फूड प्रोसेसिंग मॉडल की मजबूती को रेखांकित करते हैं। घरेलू रिटेल और निर्यात-दोनों ही सेगमेंट्स में मांग की गति स्वस्थ बनी रही, जिसे कुशल सोर्सिंग, सुव्यवस्थित संचालन और अनुशासित लागत प्रबंधन का समर्थन मिला।

तिमाही के दौरान, हमने कई भौगोलिक क्षेत्रों में नए निर्यात अनुबंधों के ज़रिए अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को और मज़बूत किया, जिससे हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और डिलीवरी क्षमताओं पर वैश्विक भरोसा और सुदृढ़ हुआ। इसके साथ ही, हमने टिटवाला में एक नया स्टोर जोड़कर अपने भौतिक रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया, जिससे तेज़ी से बढ़ते उपनगरीय बाज़ार में ग्राहकों तक हमारी पहुँच बढ़ी।

# भारतीय स्टेट बैंक उभरते क्षेत्रों को ज़िम्मेदार और विस्तारयोग्य वित्तपोषण प्रदान करने के लिए है प्रतिबद्ध

**मुंबई, एजेंसी।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 'चक्र' उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सलेंस ङ्क सीओई) लॉन्च करने की घोषणा की, जो भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण उभरते क्षेत्रों को वित्तपोषण प्रदान करेगा। यह केंद्र बैंक की विकसित भारत 2047 के प्रति रणनीतिक प्रतिबद्धता को दृढ़ता प्रदान करते हुए, नए दौर के प्रौद्योगिकी आधारित और वहनीयता केंद्रित उभरते क्षेत्रों के लिए वित्तपोषण सक्षम बनाने के लिहाज़ से ज्ञान-आधारित मंच के रूप में काम करेगा।

एसबीआई ज़िम्मेदारी से पूंजी प्रवाह प्रदान कर, जोखिम मूल्यांकन क्षमताओं को मज़बूत कर और नए दौर के व्यावसायिक मॉडल तथा नीतिगत प्राथमिकताओं के अनुरूप नवोन्मेषी वित्तपोषण ढांचे विकसित कर इन विशाल पूंजी-आधारित क्षेत्रों को सक्षम बनाना चाहता है।

इस केंद्र का उद्घाटन वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के अध्यक्ष, चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी की उपस्थिति में किया। इस लॉन्च कार्यक्रम में




एसबीआई के प्रबंध निदेशक के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा वैश्विक बैंकों, प्रमुख समूहों, वित्तीय संस्थानों, उद्योग निकायों के प्रतिनिधि और इस परितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख प्रतिभागी भी मौजूद रहे।

केंद्रीय वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, श्री एम. नागराजू ने कहा, चक्र उत्कृष्टता केंद्र, भारतीय स्टेट बैंक की बेहद सराहनीय पहल है। ज्ञान-साझाकरण, परियोजना मूल्यांकन, क्षमता निर्माण और साक्ष्य-आधारित नीतिगत जुड़ाव के उद्देश्य से एक समन्वित केंद्र बनाने का दृष्टिकोण विकसित भारत 2047 की दिशा में भारत की प्रगति को सार्थक गति प्रदान करेगा।

यह केंद्र आठ उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी भंडारण, इलेक्ट्रिक वाहन, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डीकार्बनाइज़ेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डेटा सेंटर बुनियादी ढांचा, जो भारत के आर्थिक भविष्य के प्रमुख तत्व के रूप में उभर रहे हैं। उम्मीद है कि 2030 तक, इन आठ उभरे क्षेत्रों में 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजी निवेश होगा। यह केंद्र इस विशाल निवेश को सक्षम बनाने में मदद करेगा।

# इन्विक्टा डायग्नोस्टिक का दादर सेंटर शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** इनविक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड जो महाराष्ट्र के हेल्थकेयर सेवा क्षेत्र में अग्रणी डायग्नोस्टिक सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने घोषणा की है कि उसके दादर केंद्र में 30 जनवरी, 2026 से वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ हो गया है। यह केंद्र कंपनी की डायग्नोस्टिक सेवा क्षमताओं के विस्तार और महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र पर पीईटी-सीटी स्कैन, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी , पैथोलॉजी और एक्स-रे सहित उन्नत एवं नियमित जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

दादर केंद्र, टाटा मेमोरियल अस्पताल के निकट, लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे यह उच्च मांग वाले ऑन्कोलॉजी डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। इस निकटता के कारण उन मरीजों को तेज़ी से सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिन्हें बड़े तृतीयक देखभाल संस्थानों में पीईटी-सीटी जांच के लिए कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

इस परियोजना की कुल लागत लगभग 550 लाख है, जिसमें उपकरणों की लागत, स्थापना एवं अन्य संबंधित खर्च शामिल हैं। दादर केंद्र में सेवाओं की शुरुआत से मरीजों को समय पर डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, चिकित्सकों को तेज़ रिपोर्टिंग में सहायता मिलेगी, और उच्च आवश्यकता वाले हेल्थकेयर क्लस्टर्स में क्षमता निर्माण की कंपनी की रणनीति को और मजबूती मिलेगी।इनविक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के चेयरमैन एवं नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री संकेत विनोद जैन ने कहा,दादर केंद्र में वाणिज्यिक परिचालन की शुरुआत हमारी उस रणनीति के अनुरूप है, जिसके तहत हम प्रमुख शहरी हेल्थकेयर बाज़ारों में डायग्नोस्टिक क्षमता का विस्तार और उन्नत इमेजिंग सुविधाओं को जोड़ रहे हैं। यह केंद्र पीईटी-सीटी और सीटी जैसी उन्नत सेवाओं के साथ-साथ नियमित डायग्नोस्टिक सेवाओं को भी मज़बूत करता है और गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने पर हमारे फोकस को समर्थन देता है।

दादर केंद्र का स्थान हमें बड़ी संख्या में डायग्नोस्टिक मांग, विशेष रूप से समय-संवेदनशील इमेजिंग आवश्यकताओं, को पूरा करने में सक्षम बनाता है। हमें उम्मीद है कि यह केंद्र निरंतर उपयोग, परिचालन दक्षता और चिकित्सकों एवं मरीजों के साथ गहरे जुड़ाव को बढ़ावा देगा, क्योंकि हम महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

# नीतीश कुमार के काम का समर्थक रहा हूं, विधायक अमरेंद्र पांडे बोले- वो जमीनी स्तर के नेता

**पटना** । जेडीयू कार्यालय में बुधवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रेयाजुल हक राजू अपने समर्थकों के साथ जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गए। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, जेडीयू एमएलसी खालिद अनवर, मंत्री श्रवण कुमार और जेडीयू विधायक अमरेंद्र पांडे मौजूद रहे। सभी नेताओं ने रियाजुल और उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया। मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि जेडीयू लगातार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। रेयाजुल हक राजू के आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जेडीयू बिहार के विकास के एजेंडे को और तेज करेगी। अमरेंद्र पांडे बोले- रियाजुल जमीनी स्तर पर काम करते इस मौके पर जेडीयू विधायक अमरेंद्र पांडे ने भी रियाजुल हक राजू के पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया और कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं के आने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं, मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग जेडीयू से जुड़ रहे हैं।पार्टी में शामिल होने के बाद रेयाजुल हक राजू ने कहा कि वे भले ही पहले किसी अन्य दल में रहे हों, लेकिन मन से हमेशा नीतीश कुमार के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के लिए जो काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है और वे लंबे समय से उनके कार्यों के प्रशंसक रहे हैं रेयाजुल बोले- राजद अब पूंजीपतियों की पार्टी बन चुकी है रेयाजुल हक राजू ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद अब पूंजीपतियों की पार्टी बन चुकी है, इसी वजह से उन्होंने उस पार्टी को छोड़ने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि जेडीयू ही एक ऐसी पार्टी है जो सामाजिक न्याय के साथ विकास की राजनीति करती है। रियाजुल हक ने मुस्लिम समाज के लोगों से भी अपील की कि वे राजद छोड़कर जेडीयू से जुड़ें और नीतीश कुमार के विकास मॉडल को मजबूत करें। रेयाजुल हक के बारे में जानिए रेयाजुल हक उर्फ. राजू लंबे समय तक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े रहे और 2025 में विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल हुए। राजू गोपालगंज जिले की बरौली विधानसभा सीट से सक्रिय रहे हैं और 2025 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा





हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली, लेकिन उनके चुनाव लड़ने से महागठबंधन के वोट समीकरण पर असर की चर्चा हुई। महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में उन्हें बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। इस दौरान वे अल्पसंख्यक मुद्दों पर सरकार और प्रशासन के साथ संवाद का चेहरा रहे। उनके कार्यकाल में कोई बड़ा प्रशासनिक विवाद सामने नहीं आया, लेकिन राजनीतिक नियुक्ति को लेकर विपक्ष ने सवाल जरूर उठाए।

## बिहार : गया स्टेशन प्लेटफॉर्म से मृत सांप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**पटना ।।** बिहार के गया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर तलाशी के दौरान एक यात्री के बैग में मृत सांप देखकर रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के भी होश उड़ गए। बाद में इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, यह पूरा मामला गया रेलवे स्टेशन का है, जब मंगलवार की शाम रेलवे पुलिस की ओर से प्लेटफॉर्म पर गश्त किया जा रहा था। इसी दौरान जब आरपीएफ की एक टीम प्लेटफॉर्म नंबर एक बी पर गश्त कर रही थी, तब दो संदिग्ध युवक एक बैग लिए घूमते दिखे। जब पुलिस टीम ने युवकों को रोकने का इशारा किया, तो ये भागने लगे। पुलिस ने भी तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने जब इनके बैग की तलाशी ली, तो बैग से दुर्लभ प्रजाति का मृत रेड सैंड बोआ सांप बरामद किया गया। सांप दिखने के बाद प्लेटफॉर्म पर हड़कंप मच गया। बाद में दोनों तस्करों को रेलवे पुलिस अपने साथ ले गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बुधवार को बताया, "गश्ती के दौरान प्लेटफार्म संख्या 1बी पर दो व्यक्तियों को एक मृत सांप के साथ पकड़ा गया है। पूछताछ में एक ने अपनी पहचान जहानाबाद जिले के मखदुमपुर निवासी उपेंद्र कुमार बताई, तो दूसरे ने गया जिले के चाकंद के अमराहा गांव निवासी मोहम्मद सादुल्ला बताया। इनके पास जो बैग था, उसकी तलाशी ली गई, तो दुर्लभ प्रजाति का मृत रेड सैंड बोआ सांप बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना के बाद स्नैक कैचर और क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद सांप को जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों की कीमत में रेड सैंड बोआ सांप की मांग है। कहा जाता है कि अंधविश्वास और जादू टोना में इसका उपयोग किया जाता है। अवैध वन्यजीव व्यापार के कारण इसकी कीमत करोड़ों रुपये तक बताई जाती है। ये तस्कर इस मृत सांप को दूसरी जगह पहुंचाने की फिराक में थे। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। गिरफ्तार दोनों तस्करों के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। रेड सैंड बोआ सांप को दोमुंहा सांप भी कहते हैं। यह एक अत्यंत दुर्लभ और गैर-विषैला सरीसृप होता है।

## राजस्थान में न्यूनतम तापमान में आंशिक बढ़ोतरी होने का अनुमान

**पटना** । राजस्थान में आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में आंशिक बढ़ोतरी होने से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटो के दौरान राजस्थान में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। इस दौरान कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहा। वहीं अधिकतम तापमान बाड़मेर में 29.9 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान फतेहपुर (सीकर) में 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम केंद्र जयपुर का अनुमान है कि राज्य के अधिकांश भागों में आगामी तीन से चार दिन मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि बुधवार को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ। इसके असर से कुछ इलाकों में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इसी दौरान भरतपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में कहीं कहीं मध्यम से घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में आगामी तीन से चार दिन तक न्यूनतम तापमान में आंशिक बढ़ोतरी होगी। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ आठ फरवरी की रात से उत्तर पश्चिम क्षेत्र को प्रभावित करेगा।

# राकांपा विलय वार्ता पर टिप्पणी का फडणवीस को कोई हक नहीं: शरद पवार

**पटना,** । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राकांपा के दोनों गुटों के बीच विलय को लेकर हुई चचाओं का हिस्सा नहीं थे, इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने दावा किया कि राकांपा (शप) के नेता जयंत पाटिल और उनके भतीजे एवं राकांपा प्रमुख रहे अजित पवार विलय वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। अजित पवार की मृत्यु के बाद, शरद पवार और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं ने दावा किया था कि विलय को लेकर बातचीत लगभग अंतिम चरण में थी और अजित पवार ने दोनों गुटों को एक करनेकी घोषणा के लिए 12 फरवरी की तारीख तय कर ली थी। वहीं मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा था कि अगर वास्तव में विलय को लेकर बातचीत की जा रही होती, तो अजित पवार ने उन्हें इसकी जानकारी दी होती। फडणवीस की इन टिप्पणियों बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, "मुझे समझ नहीं आता कि उन्हें मेरा नाम लेने का क्या अधिकार है? जब वह विलय की बातचीत में कहीं भी शामिल नहीं थे, तो उन्हें इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है" उन्होंने दोहराया कि राकांपा (शप) नेता जयंत पाटिल और राकांपा प्रमुख अजित पवार ही इस विलय वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा, "जहां तक राजनीतिक बातचीत का सवाल है, हम फिलहाल किसी से चर्चा नहीं कर रहे । अजित पवार की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाल पर शरद पवार ने कहा कि उन्हें इस पद पर सेवा करने का अवसर मिलना खुशी और संतोष की बात है। हालांकि, उन्होंने बारामती में पवार परिवार द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान विद्या प्रतिष्ठान के परिसर में अजित पवार के स्मारक की योजना को लेकर किसी भी जानकारी से इनकार किया। उन्होंने कहा, "मैंने इसके बारे में अखबारों में पढ़ा है। अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। हम बैठकर फैसला करेंगे" अजित पवार के करीबी सहयोगी और पवार परिवार के करीबी किरण गुर्जर ने रविवार को कहा था कि स्मारक विद्या प्रतिष्ठान परिसर में बनाने की योजना है, जहां राकांपा नेता का अंतिम संस्कार किया गया था।



# रुद्रप्रयाग, नैनीताल में तेंदुओं के हमलों में दो व्यक्तियों की मौत

**पटना,** । उत्तराखंड में तेंदुओं के हमलों की दो अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग महिला और एक बच्चे की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले के सिंद्रवाणी गांव में मंगलवार दोपहर अपने घर के आंगन में खेल रहे पांच वर्षीय एक बच्चे को एक तेंदुआ उठाकर जंगल की ओर भाग गया। अधिकारियों ने बताया कि सूचना पर जिला प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और बच्चे की तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि कई घंटे की लंबी तलाश के बाद बच्चे का क्षत विक्षत शव देर रात बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि तलाश अभियान का नेतृत्व करने वाले रुद्रप्रयाग के उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि सात टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया गया जिसके बाद रात 11 बजे जंगल से बच्चे का शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चे की पहचान दक्ष बिष्ट के रूप में हुई है। सैनी ने बताया कि तेंदुए के संभावित खतरे को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाए जाएंगे और वन विभाग की एक टीम क्षेत्र में लगातार गश्त करेगी। धर, रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए क्षेत्र के आठ स्कूल में अगले दो दिनों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। एक अन्य घटना में, नैनीताल जिले में भीमताल के जूना स्टेट क्षेत्र में एक तेंदुए के हमले में 60 वर्ष की एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गंगा देवी सोमवार को अपने मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल में गयी थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि काफी तलाश के बाद महिला का शव मंगलवार सुबह जंगल के काफी अंदर से बरामद हुआ जिस पर तेंदुए के हमले के स्पष्ट ाशान थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पिछले काफी समय से तेंदुए की सक्रियता देखी जा रही है लेकिन वन विभाग ने अभी तक उसे पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने क्षेत्र में पिंजरा लगाए जाने की मांग की। नथुवाखान वन रेंज के रेंज अधिकारी विजय भटट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गयीं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गश्त तेज कर दी गयी है और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# सबरीमाला गोल्ड केस : केरल विधानसभा में फिर हंगामा, विपक्ष ने कहा- सरकार मामले को कमजोर कर रही

**पटना,** । । केरल विधानसभा में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी हंगामा हुआ। वजह रही सबरीमाला सोने की कथित चोरी मामले की जांच को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने आरोप लगाया कि पिनाराई विजयनसरकार आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस मामले की जांच जल्दबाजी में खत्म करना चाहती है। विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने सदन में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि भावशाली लोगों को बचाने के लिए जांच को जानबूझकर "स्टेज-मैनेज" किया जा रहा है। सतीशन ने मुख्यमंत्री की उस टिप्पणी की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने विधानसभा में हुई झड़पों को मजाक बताया था। इसके अलावा, सतीशन ने मांग की कि कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को विधानसभा की कार्यवाही से हटाया जाए। सरकार की ओर से मंत्री एम.बी. राजेश, पी. राजीव और वी. शिवनकुट्टी ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने सरकार के रुख का बचाव करते हुए कांग्रेस पर इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। एम.बी. राजेश ने रिकॉर्ड से टिप्पणियां हटाने की मांग को खारिज करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष की ओर से कोई अपमानजनक भाषा इस्तेमाल नहीं की गई है। वहीं, मंत्री पी. राजीव ने कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया कि इस मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में कैसे आया। इस बयान के बाद सदन में बहस और तेज हो गई। सत्ता पक्ष ने कुछ तस्वीरों का भी जिक्र किया, जिनमें कथित मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी राष्ट्रीय नेताओं के साथ दिखाई दे रहा है। इसके जवाब में विपक्ष ने कहा कि ऐसी ही तस्वीरें वामपंथी नेताओं के साथ भी मौजूद हैं और किसी एक पक्ष को निशाना बनाना दोहरे मापदंड को दिखाता है। निजी आरोपों और तीखी बहस के कारण विधानसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई।

विपक्ष ने जांच में गंभीर खामियों का आरोप लगाते हुए अपना विरोध जारी रखा और अंत में सदन से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद दिन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि, केरल हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) तय 90 दिनों की अवधि में चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई। इसके चलते तीन आरोपियों को कानूनी जमानत मिल गई। विपक्ष का कहना है कि इस देरी से उसका यह आरोप और मजबूत होता है कि जांच को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। वहीं, सरकार ने साफ किया है कि जांच कानून के दायरे और अदालत की निगरानी में आगे बढ़ रही है।



## संक्षिप्त डायरी

### लोगों ने तय कर लिया है कि टीएमसी को बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे : रामकृपाल यादव



**पटना,** । बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी चुनाव से पहले ही हार चुकी हैं और उन्हें हार का डर सता रहा है, क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। रामकृपाल यादव ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और इसी वजह से वहां की सरकार ममता बनर्जी के साथ नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के कई सहयोगियों पर पहले ही कार्रवाई हो चुकी है और यही कारण है कि वह डर के माहौल में बयानबाजी कर रही हैं। उन्होंने कहा, "लोगों ने तय कर लिया है कि टीएमसी को बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे" एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भी रामकृपाल यादव ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गलत लोगों के नाम नहीं हटाए जाएंगे और कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में भी जो लोग किसी समूह में शामिल हैं, उन पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। संसद की कार्यवाही पर बोलते हुए मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वही सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलने नहीं दे रहे हैं। रामकृपाल यादव ने कहा कि सदन की कार्यवाही नियम और प्रक्रिया के अनुसार चलती है और सभी को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है, लेकिन बहस में हिस्सा लेने के बजाय कार्यवाही बाधित की जा रही है। भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह समझौता कृषि और डेयरी से जुड़ा है, जो सीधे तौर पर किसानों से संबंधित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि और खेती का विकास देश का संप्रभु विषय है और इसमें किसी तरह की बाहरी दखलअंदाजी नहीं होने दी जाएगी।

### महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने भड़काऊ पोस्ट मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को दिए कार्रवाई के आदेश



**पटना,** । महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को एकअकाउंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई गजाभाऊ नाम के अकाउंट परपोस्ट की गई आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री के कारण की गई है। पुलिस के अनुसार, इस अकाउंट पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दावोस दौरे को लेकरएक व्यंग्यात्मक कार्टून छवि वाली पोस्ट की गई थी। इसे आपत्तिजनक माना गया है, क्योंकि यह देश के एक उच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस का कहना है कि ऐसी सामग्री से समाज में तनाव फैल सकता है, कुछ वर्गोंकी भावनाएं आहत हो सकती हैं, कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा पैदा हो सकता है और हिंसा भड़कने की आशंका भी है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के नोडल कार्यालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) और सूचना प्रौद्योगिकी मध्यस्थ दिशानिदेशों के तहत एक्स को निर्देश दिए हैं कि संबंधित अकाउंट और उसकी ऐसी सामग्री को तुरंत हटा दिया जाए या निष्क्रिय कर दिया जाए।नोटिस में साफ कहा गया है कि भारत में कारोबार करने वाली सभी कंपनियों पर भारतीय कानून लागू होते हैं। अगर ये आदेशों का पालन नहीं किया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। नोटिस में यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो इससे होने वाली किसी भी अनचाही घटना की जिम्मेदारी प्लेटफॉर्म की होगी। साइबर पुलिस के मुताबिक, यह मामला अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के बीच संतुलन का एक उदाहरण है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस लगातार ऐसी सामग्री पर नजर रख रही है, जो समाज में अशांति फैला सकती है। ऐसी शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी तरह की हिंसा या तनाव से बचा जा सके।

### असम राइफल्स की बड़ी कार्रवाई, कछार में 60 लाख रुपए की हेरोइन बरामद



**पटना,** । । असम के कछार जिले से नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की खबर सामने आई है। असम राइफल्स ने कछार जिला पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन में हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की है। बरामद की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह संयुक्त ऑपरेशन 2 फरवरी को अंजाम दिया गया। असम राइफल्स और कछार जिला पुलिस को ड्रग तस्करी से जुड़ी कुछ खास और भरोसेमंद खुफिया जानकारी मिली थी। इसी इनपुट के आधार पर दोनों एजेंसियों ने मिलकर एक सुनियोजित योजना बनाई और इलाके में निगरानी शुरू की। ऑपरेशन जिरिघाट बाजार के पास नंदनकानन पुल के आसपास के क्षेत्र में चलाया गया, जो जालिउरा से करीब 8 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने इलाके में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान टीम को 10 संदिग्ध बक्से मिले, जब इन बक्सों की जांच की गई, तो उनके अंदर से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। कुल 116.2 ग्राम हेरोइन छिपाकर रखी गई थी, जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह हेरोइन कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस तस्करी के पीछे कौन सा नेटवर्क काम कर रहा था। असम राइफल्स की ओर से कहा गया है कि यह ऑपरेशन नशीले पदार्थों के खिलाफ उनकी लगातार चल रही मुहिम का हिस्सा है। बल ने साफ किया है कि वह क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पर्यटन

केरल राज्य कई नदियों और पर्वत-पहाड़ियों से घिरा हुआ एक अनोखा पर्यटक स्थल है। जहां प्रतिवर्ष लाखों देशी-विदेशी पर्यटक यहां का सौंदर्य निहारने के लिए आते है। खास तौर पर यहां का विशिष्ट वन्य जीवन और जल प्रपात मन को मंत्रमुग्ध कर देते है।





# एक अनोखा पर्यटक स्थल

# केरल नेशनल पार्क





**आइए** जानते है केरल के महत्वपूर्ण नेशनल पार्क। जिनमें प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर मुख्य तौर इर्रावीकुलम नेशनल पार्क, पेरियार नेशनल पार्क, साइलेंट वैली नेशनल पार्क, वयनाड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पार्क, इडुकी नेशनल पार्क आदि कई छोटे-बड़े नेशनल पार्क आते हैं। गौरतलब है कि विश्व भर में केरल वन्यजीवों की आरामगाह के रूप में भी प्रसिद्ध है।



## इर्रावीकुलम

केरल और तमिलनाडु की सीमा पर स्थित इर्रावीकुलम नेशनल पार्क मुख्य रूप से नीलगाय तराह (हेमीट्रेगस हाइलो क्रिकस) के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया पार्क है। ज्ञात हो कि नीलगाय तराह एक दुर्लभ पशु है, जो सिर्फ हिमालय के ठंडे इलाकों में पाया जाता है।
वर्ष 1978 में इस वन्यजीव पार्क को नेशनल पार्क का दर्जा प्राप्त हुआ। 97 वर्ग किलोमीटर में फैला पेड़-पौधों से भरपूर, घास के बड़े मैदान से युक्त इर्रावीकुलम पार्क के उत्तरी सिरे को, जो तमिलनाडु राज्य को छूता है, उसे अन्नामलाई के नाम से विश्व में पहचाना जाता है। यहां से अनामुड्डी हिमालय की 2695 मीटर की सबसे ऊंची दक्षिणी चोटी पूरी भव्यता के साथ इस अभयारण्य में दिखाई देती है। यहां नील गिरी लंगूर, लायन टेल्ड मेकाक, चीते, बाघ आदि कई दुर्लभ प्रकार के जीव-जंतु और वनस्पतियां भी पाई जाती है।

## साइलेंट वैली

केरल के पश्चिमी छोर पर कुंडलई हिल्स पर साइलेंट वैली नेशनल पार्क स्थित है। मुख्य रूप से हाथी, बाघ और शेर, पूंछ वानर जैसे जीवों के साथ-साथ कई दुर्लभ किस्मों की औषधि और पेड़-पौधों के कारण यह पार्क प्रसिद्ध है। यहां का अनुकूल वातावरण और छोटी-बड़ी नदियां एवं पहाड़ इसे वन्यजीवों के लिए आरामगाह बनाते हैं।

**पेरियार** = केरल के पश्चिमी छोर पर पेरियार नेशनल पार्क स्थित है। यह मुख्य तौर पर बाघों के संरक्षण के लिए बनाया गया एक नेशनल पार्क है, जो दुनिया भर के नेशनल पार्क में अपना प्रमुख स्थान रखता है। इसे अंग्रेजों द्वारा सन् 1895 में अधिगृहीत किया गया था तथा अंग्रेजों ने उस वक्त यहां एक कृत्रिम झील और बांध का निर्माण भी किया था। पेरियार नेशनल पार्क 777 वर्ग किलोमीटर में फैला एक आरक्षित वन है। इसे प्रसिद्ध प्रोजेक्ट टाइगर के तहत वर्ष 1978 में प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। पेरियार नदी के नाम पर ही इसे पेरियार टाइगर रिजर्व भी कहा जाता है, जो पश्चिमी घाट की ऊंची श्रृंखला पर बसा सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। भारत का यह एकमात्र ऐसा अभयारण्य है, जहां हाथियों को केवल एक नाव की दूरी से देखा जा सकता है और उनकी तस्वीरें भी ली जा सकती हैं। यहां के वन्य जीवन और सुंदरता के कारण यह विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है।

## वयनाड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

बाघ और तेंदुए के लिए वयनाड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पार्क दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यह बांदीपुर नेशनल पार्क का ही हिस्सा है। इस अभयारण्य में हिरण, भालू, हाथी, बाघ-चीते, जंगली-सीएट बिल्ली, बंदर, जंगली कुत्ते, भैंसे ऐसे कई प्रकार के वन्य जीव-जंतु पाए जाते हैं। यहां पर अपार जैव विविधता है। यह अभयारण्य नील गिरी बायोस्फीयर रिजर्व का अविभाज्य भाग है, जिसे इस क्षेत्र की जैविक विरासत को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था।
यहां पर विशेष पाए जाने वाले सरीसृप हैं मॉनिटर छिपकली। साथ ही अनेक प्रकार के सांप यहां देखे जा सकते हैं। यहां पक्षियों में खास तौर पर मोर, उल्लू, कठफोड़वा, जंगली फाउल, बैबलर, कुक्कु आदि मुख्य हैं।



## इडुकी

केरल के दक्षिण भारतीय राज्य में बसा यहां के सर्वोत्तम स्थानों में से एक है इडुकी नेशनल पार्क। जो वन्य जीवों के लिए मुख्य तौर पर माना जाता है। यहां बाघ, हाथी, भैंस, भालू, जंगली सुअर, सांभर तथा जंगली कुत्ते-बिल्लियां आदि बड़े-बड़े झुंडों में घूमते नजर आते हैं। इस पार्क में जंगली फाउल, काली बुलबुल, लाफिंग थ्रश, कठफोड़वा, मैना आदि कुछ महत?वपूर्ण पक्षी भी दिखाई पड़ते हैं। यहां पर सांपों की अनेक प्रजातियों में विशेष कोबरा, वाइपर, क्रेट और कई विषरहित साप भी यहां पाए जाते हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि अगर आपने अभी तक केरल के नेशनल पार्क नहीं देखे हैं, तो एक बार जरूर जाइए। यहां के कई प्रजाति के वन्य जीवों को देखकर आप मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह पाएंगे।

# जानिए प्राचीन शहर यरूशलम को



**भूमध्य** सागर और मृत सागर के बीच इसराइल की सीमा पर बसा यरूशलम एक शानदार शहर है। शहर की सीमा के पास दुनिया का सबसे ज्यादा नमक वाला डेड-सी यानी मृत सागर है। कहते हैं यहां के पानी में इतना नमक है कि इसमें किसी भी प्रकार का जीवन नहीं पनप सकता और इसके पानी में मौजूद नमक के कारण इसमें कोई डूबता भी नहीं है।मध्यपूर्व का यह प्राचीन नगर यहूदी, ईसाई और मुसलमान का संगम स्थल है। उक्त तीनों धर्म के लोगों के लिए इसका महत्व है, इसीलिए यहां पर सभी अपना कब्जा बनाए रखना चाहते हैं। जेहाद और क्रूसेड के दौर में सलाउद्दीन और रिचर्ड ने इस शहर पर कब्जे के लिए बहुत सारी लड़ाइयां लड़ी। ईसाई तीर्थयात्रियों की रक्षा के लिए इसी दौरान नाइट टेम्पलर्स का गठन भी किया गया था।इसराइल का एक हिस्सा है गाजा पट्टी और रामल्लाह। जहां फिलिस्तीनी मुस्लिम लोग रहते हैं और उन्होंने इसराइल से अलग होने के लिए विद्रोह छेड़ रखा है। यह लोग यरूशलम को इसराइल के कब्जे से मुक्त कराना चाहते हैं। अंततः इस शहर के बारे में जितना लिखा जाए कम है। काबा, काशी, मथुरा, अयोध्या, ग्रीस, बाली, श्रीनगर, जाफना, रोम, कंधहार आदि प्राचीन शहरों की तरह ही इस शहर का इतिहास भी बहुत महत्व रखता है।



## प्राचीन और नया शहर

माउंट ऑफ ओलिब्स पर खड़े होकर आप सामने यरूशलम के प्राचीन शहर को देखते हैं, तो उसके मनोरम और भव्य दृश्य का नजारा देख आप मंत्रमुग्ध होकर सोचना बंद कर देते हैं। ओलिब्स पहाड़ी से सुंदर गुंबद और गुंबदों के पीछे दीवार नजर आती है। एक वर्ग किलोमीटर की पहाड़ी दीवारों से घिरा हजारों सालों का इतिहास लिए यह शहर दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी की आस्था का केंद्र हैं।



## इतिहास और विवाद

हिब्रू में लिखी बाइबिल में इस शहर का नाम 700 बार आता है। यहूदी और ईसाई मानते हैं कि यही धरती का केंद्र है। राजा दाऊद और सुलेमान के बाद इस स्थान पर बेबीलोनियों तथा ईरानियों का कब्जा रहा फिर इस्लाम के उदय के बाद बहुत काल तक मुसलमानों ने यहां पर राज्य किया। इस दौरान यहूदियों को इस क्षेत्र से कई दफे खदेड़ दिया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इसराइल फिर से यहूदी राष्ट्र बन गया तो यरूशलम को उसकी राजधानी बनाया गया और दुनिया भर के यहूदियों को पुनः यहां बसाया गया। यहूदी दुनिया में कहीं भी हों, यरूशलम की तरफ मुंह करके ही उपासना करते हैं।

## ऐतिहासिक म्यूजियम व स्मारक

धार्मिक स्थलों के अलावा यहां प्राचीन एवं धार्मिक ग्रंथों का द इसराइल म्यूजियम है। इसराइल का होलोकॉस्ट म्यूजियम जिसे याद वशेम कहा जता है जिसका खासा महत्व है। यहां पर यरूशलम के इतिहास से संबंधित दस्तावेज और शहीदों के स्मारक व स्मृति चिह्नों आदि के बारे में जानकारी है। दोनों ही म्यूजियम का इतिहास बहुत पुराना है।

## यरूशलम के जंगल

मुस्लिम इलाके में स्थित 35 एकड़ क्षेत्रफल में फैले नोबेल अभयारण्य में ही अल अक्सा मस्जिद, डोम ऑफ द रॉक, फव्वारे, बगीचे, गुंबद और प्राचीन इमारतें बनी हुई हैं। इसके अलावा छोटे से गॉर्डन ऑफ गेथेमिन की खूबसूरती भी देखने लायक है। इसके अलावा याद वशेम का इलाका भी यरूशलम के जंगल के नाम से प्रसिद्ध है।

## पवित्र परिसर

किलेनुमा चाहरदीवारी से घिरे पवित्र परिसर में यहूदी प्रार्थना के लिए इकट्ठे होते हैं। इस परिसर की दीवार बहुत ही प्राचीन और भव्य है। यह पवित्र परिसर ओल्ड सिटी का हिस्सा है। पहाड़ी पर से इस परिसर की भव्यता देखते ही बनती है। इस परिसर के ऊपरी हिस्से में तीनों धर्मों के पवित्र स्थल हैं। उक्त पवित्र स्थल के बीच भी एक परिसर है। यरूशलम में लगभग 1204 सिनेगॉग, 158 गिरजें, 73 मस्जिदें, बहुत-सी प्राचीन कब्रें, 2 म्यूजियम और एक अभयारण्य है। इसके अलावा भी पुराने और नए शहर में देखने के लिए बहुत से दर्शनीय स्थल हैं। यरूशलम में जो भी धार्मिक स्थल हैं, वे सभी एक बहुत बड़ी-सी चौकोर दीवार के आसपास और पहाड़ पर स्थित है। दीवार के पास तीनों ही धर्म के स्थल हैं। यहां एक प्राचीन पर्वत है जिसका नाम जैतून है। इस पर्वत से यरूशलम का खूबसूरत नजारा देखा जा सकता है। इस पर्वत की ढलानों पर बहुत-सी प्राचीन कब्रें हैं। यरूशलम चारों तरफ से पर्वतों और घाटियों वाला इलाका नजर आता है।

# दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी में आज होगा डब्ल्यूपीएल फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट के फाइनल में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। इस मैव में जीत के लिए दोनो ही टीमें पूरी ताकत लगा देंगी। अब तक दोनो ही टीमों ने इस टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। दिल्ली ने गुजरात जायंट्स को एलिमिनेटर मुकाबले में सात विकेट से हराकर चौथी बार फाइनल में जगह बनायी है। वहीं लीग की अंकतालिका मे शीर्ष प रहकर आरसीबी ने सीधे फाइनल में प्रवेश किया।

एलीमिनेटर मुकाबले में दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करते हुए गुजरात जायंट्स को सात विकेट पर 168 रनों पर ही रोक दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को 15.4 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली की ओर से लिजेल ली ने 24 गेंद में 43, शेफाली वर्मा ने 21 गेंद में 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 गेंद में 41 रन और लौरा वोल्वर्डट ने 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये। वहीं जायंट्स के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने दो विकेट लिए।

इस सत्र में आरसीबी ने दमदार खेल दिखाया है। लीग राउंड में आरसीबी ने लगातार 5 मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बनायी थी। सत्र सीजन के 15वें मैच में दिल्ली ने आरसीबी को 7 विकेट से हराया था। वह मुकाबला भी वडोदरा में ही खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अभी तक 9 मुकाबले हुए हैं। इसमें दिल्ली ने 6 जीते हैं जबकि आरसीबी ने तीन मैच जीते हैं।



### टीम इस प्रकार है

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** स्मृति मंधाना (कप्तान), ग्रेस हैरिस, जॉर्जिया वोल, गौतमी नाइक, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल, प्रथ्योषा कुमार, अरुंधति रेड्डी, दयालन हेमलता, पूजा वस्त्राकर, लिन्से स्मिथ।

**दिल्ली कैपिटल्स-** जेमिमाह रोड्रिग्स (कप्तान),शैफाली वर्मा, लिजेल ली (विकेटकीपर), लौरा वोल्वार्ड्ट, मारिज़ैन कप्प, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, लुसी हैमिल्टन, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, मिन्नू मणि, तानिया भाटिया, अलाना किंग, चिनेले हेनरी, प्रगति सिंह, एडडला स्रुजाना।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत की ईशा ने जीते दो स्वर्ण, पुरुष वर्ग में सम्राट को मिला कांस्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते हैा ईशा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ-साथ टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया ओलंपियन ईशा ने फाइनल में शुरुआत में पीछे होने के बाद भी शानदार वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल कर स्वर्ण पर निशाना लगाया। उन्होंने चीनी ताइपे की चेंग येन चिंग 235.4 और यू ऐ वेन 217.7 को पीछे छोड़ा। इसी के साथ ही ईशा ने सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण जीता है। वहीं भारत की ही सुरुचि सिंह फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। वहीं ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि ने 576 अंक, जबकि ईशा और मनु ने 575-575 अंक हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में सुरुचि 576, मनु 575 और ईशा 575 की तिकड़ी ने कुल 1726 अंक जुटाकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। वियतनाम और चीनी ताइपे दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।वहीं पुरुष वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के विश्व चैंपियन सम्राट राणा से फाइनल में असफल रहे और 220.3 अंक के साथ कांस्य पदक ही हासिल कर पाये। उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने स्वर्ण पदक जीता।पुरुष टीम स्पर्धा में सम्राट राणा 581, श्रवण कुमार 578 और वरुण तोमर 573 ने कुल 1732 अंक हासिल किये।

# भारत, इंग्लैंड, सहित ये चार टीमें टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में पहुंचेंगी : वॉन

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से शुरु हो रहे टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार संभावित टीमों के नाम बताये हैं। वॉन के अनुसार भारत, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीमें अंतिम चार में पहुंच सकती हैं। वॉन की इस सूची में पिछले साल की उपविजेता दक्षिा अफ्रीका का नाम नहीं है। वॉन के अनुसार इस बार दक्षिण अफ्रीकी टीम की संभावनएं काफी कम हैं।



वॉन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे अनुसार भारत, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल के प्रबल दावेदार हैं। इस बार टी20 विश्वकप का प्रारुप 2024 संस्करण जैसा ही रहेगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष-10 20 रैंकिंग वाली टीमों में से 9 टीमें हिस्सा लेंगी। वॉन ने लिखा, टी20 विश्व कप 2026 में मेरे अनुसार मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। इस बार कुल 20 टीमें खिताब के लिए उतरेंगी आएंगी। शीर्ष 10 रैंक वाली टीमों में से नौ टीमें खेलेंगी। इस बार बांग्लादेश ने इन टूर्नामेंट का बहिष्कार किया है। ऐसे में उसकी जगह पर स्कॉटलैंड की टीम उतरेगी।

ग्रुप चरण में पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप होंगे। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सुपर 8 चरण में जाएंगी। भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, नामीबिया और अमेरिका के साथ है। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी को अमेरिका के खिलाफ कारेग, उसके बाद 12 फरवरी को नामीबिया और 18 फरवरी को नीदरलैंड्स से खेलेगी। वहीं पाकिस्तान की टीम 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच से बाहर रहेगी। ऐसे में इस मैच में भारतीय टीम को बिना खेले ही वॉकओवर की स्थिति में भारत को पूरे अंक मिलेंगे।

इंग्लैंड को ग्रुप सी में रखा गया है। इंग्लैंड की आठ फरवरी को नेपाल, 11 फरवरी को वेस्टइंडीज , 14 फरवरी को स्कॉटलैंड और 16 फरवरी को इटली से खेलना है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है, जहां उसका सामना आयरलैंड से 11 फरवरी, जिम्बाब्वे से 13 फरवरी, श्रीलंका से 16 फरवरी और ओमान से 20 फरवरी को होगा। न्यूजीलैंड ग्रुप डी में है, जिसमें अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा शामिल। न्यूजीलैंड टीम 8 फरवरी को अफागानिस्तान, 10 फरवरी को यूएई, 14 फरवरी को साउथ अफ्रीका और 17 फरवरी को कनाडा के विरुद्ध खेलेगी।

# आईसीसी टी20आई रैंकिंग : ईशान किशन की बड़ी छलांग, टॉप-10 में ये तीन भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत का दबदबा साफ नजर आ रहा है। ताज़ा सूची में अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉप-10 में जगह बनाए हुए हैं और तिलक वर्मा भी बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल हैं। इसी बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार वापसी सीरीज के बाद 32 पायदान की छलांग लगाते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें स्थान पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बाएं हाथ के ईशान किशन ने महज तीन मैचों में 207 रन बनाए, जिसमें उनका पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक भी शामिल रहा। टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले जारी हुई इस रैंकिंग ने किशन की मजबूत फॉर्म पर मुहर लगा दी है।



### सूर्यकुमार यादव को फायदा, अभिषेक शर्मा कायम शीर्ष पर

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी रैंकिंग में आगे बढ़ते हुए पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, युवा ओपनर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं।

### साइम अयूब बने नंबर-1 टी20ह्र ऑलराउंडर

पाकिस्तान के ओपनर साइम अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर टी20ह्र ऑलराउंडर्स रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह सीरीज 3-0 से जीती थी, जिसमें 23 वर्षीय अयूब ने 119 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी झटके। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को शीर्ष स्थान से हटाया।

### पाकिस्तानी गेंदबाजों को भी फायदा

पाकिस्तान के मुख्य स्पिनर अब्रार अहमद ने भी बड़ी छलांग लगाते हुए गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। वह शीर्ष पर काबिज वरुण चक्रवर्ती से अब सिर्फ 28 अंक पीछे हैं। ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज, जिन्होंने सीरीज में पांच विकेट लिए थे, गेंदबाजों की सूची में आठ स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए।

### अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव

इंग्लैंड के लेग-स्पिनर आदिल राशिद दो पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर आठ स्थान की छलांग के साथ संयुक्त 23वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की टॉप-10 सूची में भी बदलाव देखने को मिला–इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो बटलर तीसरे स्थान पर पहुंचे, श्रीलंका के पथुम निसांका पांचवें और न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट नौवें स्थान पर पहुंच गए।

दक्षिण अफ्रीका के ओपनर रयान रिकेल्टन ने 42 स्थान की छलांग लगाकर 40वां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 16 पायदान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए। शानदार शतक जड़ने वाले क्विंटन डी कॉक को भी फायदा मिला और वह 15 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर पहुंच गए।

# बार्सिलोना ने अल्बासेटे को 2–1 से हराकर कोपा सेमीफाइनल में



मैड्रिड। लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक–एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने मंगलवार को दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2–1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की।बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है।वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है।उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा।फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।

# टी20 विश्वकप में अश्विन का रिकार्ड तोड़ सकते हैं बुमराह और अर्शदीप

मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ समय में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है।उसको देखते हुए टीम को इस बार टूर्नोमेंट में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह पर भी इस टूर्नामेंट में सबकी नजरें रहेंगी।ये दोनो ही इस टूर्नोमेंट में सबसे अधिक विकेट लेने के नये रिकार्ड बना सकते हैं।बूमराह और अर्शदीप का प्रदर्शन पहले भी अच्छा रहा है और इस बार भी ये दोनो नये रिकार्ड बना सकते हैं।इन दोनों के पास इस बार दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के सबसे अधिक 32 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का अवसर है।

**जसप्रीत बुमराह-** बुमराह ने अब तक 5 टी 20 विश्व कप खेले हैं और वह टी20 इतिहास में भारत के तीसरे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं। बुमराह ने 2016 से 2024 तक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 18 मैचों में 5.44 की शानदार इकॉनमी से 26 विकेट लिए हैं।

**अर्शदीप सिंह-** अर्शदीप ने अब तक टी20 विश्वकप के दो संस्कारणों में 27 विकेट लिए हैं। अर्शदीप सबसे अधिक विकेट लेने वालों की सूची में कुल मिलाकर 22वें स्थान पर हैं, जहां उनके साथ न्यूज़ीलैंड के ईश सोढ़ी और वेस्टइंडीज़ के ड्वेन ब्रावो भी शामिल हैं। हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था।

**आर अश्विन-**पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय और स्पिन गेंदबाज़ी के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन के नाम आईसीसी टीम विश्वकप इतिहास में सबसे ज़्यादा विकेट लेने भारतीय गेंदबाज हैं।साल 2012 से 2022 तक टूर्नामेंट खेलने वाले अश्विन ने 24 मैचों में 6.49 की इकॉनमी से 32 विकेट लिए हैं।ओवरऑल रैंकिंग में वह मिचेल स्टार्क के साथ संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में भी श्रीलंका को हराकर 3-0 से सीरीज जीती

**कोलंबे (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने यहां तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में भी मेजबान श्रीलंकाई टीम को करीबी मुकाबले में 12 रनों से हराकर 3-0 से सीरीज जीत ली है। पहले दोनों मुकाबले भी श्रीलंकाई टीम हारी थी। टी20 विश्वकप के ठीक पहले मिली इस करारी हार से श्रीलंकाई टीम को करारा झटका लगा है। इससे उसकी विश्वकप के लिए तैयारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। तीसरे टी20 में सैम करन की करन के 48 गेंदों में 58 रनों की सहायता से इंग्लैंड की टीम ने 128 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का सामना करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.3 ओवर में 116 रनों पर ही आउट हो गयी और इस प्रकार 12 रनों से मैच हार गयी। इस मैच में इंग्लैंड की टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर टीम के बल्लेबाज असफल रहे। पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 28 रन ही बना पायी।




सैम करन के 58 रनों की पारी के अलावा कई अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाया। इंग्लैंड की ओर से केवल 3 बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। सैम करन के अलावा जोस बटलर ने 25 और लियाम डॉसन ने 14 रन बनाए। इसके बाद 129 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई बल्लेबाजी भी ढ़ेर हो गयी। उसके पांच बल्लेबाजों ने दो अंकों को पार किया पर कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। , कुसल मेंडिस ने 26 रन , पथुम निसंका ने 23 जबकि जनित लियानगे ने 17 रन बनाये, कमिंदु मेंडिस ने 14 जबकि पवन रथनायके ने 13 रन बनाये। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथेल ने 4 जबकि विल जैक्स ने 3 विकेट लिए।

## पूर्व पाक कप्तान राशिद लतीफ को अब भी भारत–पाक मैच होने की उम्मीद

लाहौर ।पाकिस्तान ने जबसे टी20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की बात कही है।जिसके बाद से ही इस मामले को लेकर क्रिकेट जगत में घमासान मचा है।ये अटकलें लगायी जा रही हैं कि इस मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) किस प्रकार के कदम उठाता है।वहीं इस सब के बीच ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने दावा किया है कि उन्हें अब भी कोलंबो में भारत पाकिस्तान मैच के होने की उम्मीदें हैं।लतीफ ने कहा, मेरा मानना है कि यह फैसला सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है।इसका असर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईसीसी के काम करने के तरीके पर भी पड़ेगा।यह कोई रूटीन फैसला नहीं है।इसमें बातचीत के बाद बदलाव हो सकते हैं।एक फैसले में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का माहौल बदलने की क्षमताएं हैं।भारत–पाकिस्तान मुकाबला किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक मैच माना जाता है, जिसे देखने वालों की संख्या अन्य मैचों से कहीं अधिक होती है।विश्व स्तर पर सबसे अधिक प्रायोजकों की रुचि और प्रसारण राजस्व भी इसी मैच से आता है।लतीफ का मानना है कि अभी जो भी कहा जा रहा है वह अलग बात है पर 15 फरवरी को दोनो के बीच मैच होने की संभावनाएं बनी हुई हैं।साथ ही कहा कि क्रिकेट से कारोबार भी जुड़ा है।इसके फैसले राजनीतिक स्तर पर लिए जाते हैं जिनका पालन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीस) करती है।

# भारतीय मुक्केबाजों ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल में जीत से शुरुआत की



लानुसिया (एजेंसी)। भारतीय मुक्केबाजों ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ शुरुआत की है।इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज उतरे हैं।इसमें भारतीय मुक्केबाजों ने अपने शुरुअती मुकाबले जीत लिये हैं।भारत के हितेश गुलिया ने पुरुषों के एलीट 70 किग्रा वर्ग में अपने जबरदस्त प्रहारों से नीदरलैंड के फिन बोस को 5–0 से हराया।वहीं महिलाओं के एलीट 54 किग्रा वर्ग में प्रीति ने कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट के खिलाफ 5–0 से आसान जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट में प्रीति के अलावा भारत ही प्राची ने 57 किग्रा और प्रिया ने 60 किग्रा भार वर्ग में स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो को 5–0 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी।भारत की की काजल ने 65 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की असीम तनातार को 4–1 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में हितेश के अलावा सचिन ने 60 किग्रा भार वर्ग में मेजबान स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5–0 से हराया जबकि जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन ने 60 किग्रा वर्ग में डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4–1 से पराजित किया।अभिनाश जमवाल 65 किग्रा भार वर्ग में डेनमार्क के क़ालिद उस्मान को एकतरफ मुकाबले में 5–0 से हराने में सफल रहे। इसके अलावपा दीपक, आकाश और अंकुश भी जीत के साथ ही अगले दौर में पहुंच गये है। दीपक ने 70 किग्रा भार वर्ग में बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4–1 से हराया।वहीं आकाश ने 75 किग्रा और अंकुश ने 80 किग्रा भाग वर्ग में भी 4–1 के अंतर से जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई।

# मौजूदा भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम: धोनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम की संभावनाओं पर भरोसा जताया है। विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि टीम इंडिया के पास अनुभव, कौशल और संतुलन का सही मिश्रण है।

धोनी ने इस बात पर जोर दिया कि टीम की ताकत इस बात पर निर्भर करती है कि खिलाड़ी दबाव वाली स्थितियों को कितनी अच्छी तरह से संभालते हैं और उनका रोल कितने अच्छे से तय है। खिलाड़ी हमेशा मैच के लिए तैयार रहते हैं, चाहे वह बैटिंग हो या बॉलिंग, जिससे भारत को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर एक महत्वपूर्ण बढ़त मिलती है।

धोनी ने कहा, 'यह सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। आप जानते हैं, उन्होंने (भारतीय खिलाड़ी) पहले ही बैटिंग या बॉलिंग शुरू कर दी होगी, लेकिन एक अच्छी टीम में क्या चाहिए? सब कुछ है। उनके पास अनुभव है। खासकर जब इस फॉर्मेट की बात आती है, तो अनुभव बहुत ज्यादा है। उन्होंने दबाव में खेला है। जो भी खिलाड़ी टीम में जो भी भूमिका निभा रहे हैं, वे काफी समय से उस स्थिति में रहे हैं।'

हालांकि धोनी आशावादी नजर आ रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि ओस व्हाइट-बॉल क्रिकेट में सबसे सावधानी से बनाई गई योजनाओं को भी खराब कर सकती है। माही के मुताबिक, ओस परिस्थितियों को काफी प्रभावित कर सकती है। टॉस के फैसलों को महत्वपूर्ण बना सकती है, जिससे मैचों में संभावित रूप से अनुचित फायदे हो सकते हैं।

धोनी ने कहा, 'मुझे किस बात की चिंता है? मुझे ओस से नफरत है। ओस बहुत सी चीजें बदल देती है। इसलिए, जब मैं खेलता था, तो एक चीज जो मुझे सच में डराती थी, वह थी ओस। अगर हम कुछ बेहतरीन टीमों के साथ 10 मैच खेलते हैं, तो हम ज्यादातर बार विजेता बनकर उभरेंगे। अगर स्थितियां न्यूट्रल रहती हैं।'

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान ने यह भी बताया कि टी20 क्रिकेट अप्रत्याशित होता है, जहां एक खराब खेल या विपक्षी टीम का शानदार प्रदर्शन परिणाम को पूरी तरह से बदल सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'समस्या तब होती है जब आपके कुछ खिलाड़ी अच्छा नहीं खेलते और विपक्षी टीम का कोई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करता है। टी20 ग्रुप में ऐसा हो सकता है। तो, यही वह समय है। चाहे यह लीग स्टेज में हो, चाहे यह नॉकआउट स्टेज में हो, यहीं पर दुआओं की जरूरत होती है। आप जानते हैं, किसी को चोट नहीं लगनी चाहिए। जो भी भूमिकाएं दी गई हैं, लोगों को टीम के लिए अपनी भूमिकाएं निभानी चाहिए।'

# शनाका की कप्तानी में टी20 विश्वकप में उतरेगी श्रीलंकाई टीम, मेंडिस की वापसी

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने सात फारवरी से शुरु हो रहे टीम 20 विश्वकप 2026 के लिए दासुन शनाका की कप्तानी में अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है।इस टीम में कामिंदु मेंडिस की भी वापसी हुइ है।मेंडिस ने नवंबर 2025 के बाद से ही नहीं खेला है।अब तक खेले गए 35 टी20 मैचों में कामिंदु मेंडिस ने 3 अर्धशतक के साथ ही 540 रन बनाए हैं। चयनकर्ताओं ने पिछले अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अवसर दिया है। वहीं धनंजय डी सिल्वा को टीम से बाहर कर दिया गया है। वहीं चयनकर्ताओं ने अनुभवी ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा को टीम में शामिल नहीं किया है।सिल्वा का प्रदर्शन इस साल की शुरुआत से ही अच्छा नहीं रहा है।वह तीन पारियों में केवल 43 रन बना पाए और गेंदबाजी में भी केवल एक ही विकेट ले पाये थे।बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में प्रभावित न कर पाने से चयनकर्ताओं ने उन्हें 15 सदस्यीय स्कॉड से बाहर रखा है। वहीं शनाकाको को अनुभवी होने के कारण कप्तानी दी गई है।टी20 फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उन्होंने अब तक 123 टी20 मैचों में 1743 रनों के अलावा 43 विकेट भी लिए हैं।ईशन मलिंगा को भी टीम में शामिल किया है हालांकि उनके खेलने का फैसला फिट होने पर लिया जाएगा। उनकी फिटनेस को लेकर सवाल बने हुए हैं।इस तेज गेंदबाज को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की ञ्20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में कंधे में चोट लगी थी।उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। टीम की बल्लेबाजी पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, चरिथ असलंका और कुसल परेरा पर निर्भर करेगी।इसके अलावा युवा खिलाड़ी पवन रत्नायके को भी टीम में जगह मिली है, जिन्होंने हाल के समय में टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## म्यांमार में 5.9 तीव्रता का जोरदार भूकंप, कोलकाता और बांग्लादेश तक महसूस किए गए झटके

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार की रात को म्यांमार में आए 5.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने पड़ोसी देशों समेत व्यापक क्षेत्र में दहशत पैदा कर दी। इस भूकंप के तेज झटके भारत के पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश बांग्लादेश के कई हिस्सों में महसूस किए गए। यूरोपीय-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, भूकंप का केंद्र म्यांमार के अक्स्याब (सिटवे) शहर से लगभग 70 मील पूर्व में स्थित था। हालांकि यह भूकंप जमीन की गहराई में आया था, लेकिन इसकी तीव्रता इतनी अधिक थी कि सतह पर जोरदार कंपन महसूस किया गया। भारत में विशेष रूप से कोलकाता, हावड़ा और उत्तर 24 परगना जैसे इलाकों में इमारतों के हिलने से लोग घबराकर अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। कुछ ऐसी ही स्थिति बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भी देखी गई, जहां लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। राहत की बात यह है कि अभी तक म्यांमार, भारत या बांग्लादेश के किसी भी हिस्से से जान-माल के बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर रख रही हैं। विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय यह है कि पिछले 71 घंटों के भीतर म्यांमार में यह तीसरा भूकंपीय झटका है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह क्षेत्र इंडो-ऑस्ट्रेलियन और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन पर स्थित होने के कारण भूकंप के प्रति बेहद संवेदनशील है। प्लेटों के बीच होने वाली इस हलचल के कारण ही क्षेत्र में लगातार भूकंपीय गतिविधियां दर्ज की जा रही हैं, जिसने भू-वैज्ञानिकों को सतर्क कर दिया है।

## घने कोहरे की चादर में लिपटा शहर, ताजमहल ओझल; गिरते तापमान से बढ़ी ठिठुरन

लखनऊ (एजेंसी)। आगरा में फरवरी का मौसम जनवरी जैसा दिखा रहा है। बुधवार की सुबह शहर घने कोहरे की चपेट में रहा, इससे ताजमहल पूरी तरह कोहरे में छिप गया। दृश्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम-सी गई और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के साथ हल्की फुहार ने ठंड का अहसास और बढ़ा दिया। सुबह करीब नौ बजे तक घना कोहरा छाया रहा। इसके पहले मंगलवार को भी हालात कुछ इसतरह के ही रहे। सुबह देर तक कोहरा छाया रहा और उसके बाद बादल मंडराते रहे। दिन में कुछ समय के लिए धूप जरूर निकली, लेकिन ठंडी हवाओं के चलते उसका असर बेअसर साबित हुआ। गलन अधिक होने से लोग दिनभर ठिठुरते नजर आए। मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही सुबह कोहरा या धुंध बने रहने की संभावना जाहिर की थी। मंगलवार को दोपहर बाद कुछ समय के लिए धूप निकली, लेकिन लगातार चल रही ठंडी हवाओं के कारण राहत नहीं मिली। तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी मो. दानिश के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे कम होगा, जिससे आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में बदलाव की संभावना है।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर पलटा, यातायात 12 घंटे से बाधित रहा

पुणे (एजेंसी)। आदोशी टनल के पास मंगलवार देर शाम मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक प्रोपलीन गैस से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और पलटने के कारण गैस लीक होने लगी। प्रोपलीन गैस अत्यधिक ज्वलनशील होने के कारण इलाके में गंभीर खतरे की स्थिति पैदा हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुणे से मुंबई जाने वाली लेन को बंद कर दिया गया। एनडीआरएफ, फायर सर्विस, आईआरबी पुलिस और केमिकल विशेषज्ञ तुरंत मौके पर पहुंचे। राहत टीमें गैस लीक को रोकने और टैंकर को सीधा करने तुरंत पहुंच गई थी। इस हादसे के कारण 25 किलोमीटर लंबा जाम लगने से लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। बस और ट्रकों के साथ यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राहत की बात यह रही कि टैंकर पलटने के बावजूद किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। अधिकारियों ने बताया कि सही समय पर सूचना मिलने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

## अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, चुनाव आयोग को कम से कम पूरी तरह से निष्पक्ष दिखाना चाहिए

वाराणसी (एजेंसी)। इनदिनों चर्चा में दिख रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एसआईआर मामले पर अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी नाराज है या कोई नाराज है, हम इस बारे में तो कुछ नहीं कहना हैं, लेकिन हम ये जरूर कहना चाहते हैं कि अगर किसी का वोट काटा जा रहा है या बढ़ाया जा रहा है, तब वहां तर्कसंगत होना चाहिए। इससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। इसलिए चुनाव आयोग को निष्पक्ष रहना चाहिए और अगर कहीं से कोई शिकायत की जा रही है, तब उस पर पूरा ध्यान देकर के तत्काल समस्या को दूर करना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं दिखाई देगा, तब लोगों को लोकतंत्र के प्रति अश्रद्धा हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी जा रही ठीक है। जिस किसी को भी शिकायत होगी, वहां आगे जाएगा ही। चुनाव आयोग को चाहिए था कि अगर उनकी कोई शिकायत थी, तब उस संतुष्ट करते, लेकिन संतुष्ट नहीं कर पाया तभी, तब आगे गई और अगर उनकी बात में बल ना होता, तब वहां सुप्रीम कोर्ट ना जाती। उसको केवल राजनीतिक रूप से लड़ती लेकिन वहां सुप्रीम कोर्ट है। शंकराचार्य ने कहा कि हमारा यह कहना है कि चुनाव आयोग को कम से कम पूरी तरह से निष्पक्ष दिखना चाहिए। अन्यथा लोकतंत्र में लोगों की चर्चा बहुत कमजोर हो जाएगी जो कि भारत देश के लिए और हमारे स्थापित लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

## झारखंड में विरोध करने पर पशु तस्कर खुस्तर अंसारी ने ग्रामीणों पर बंदूक तान दी... घटना का वीडियो वायरल

रांची (एजेंसी)। झारखंड के धुरकी जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होते दिख रहे हैं। ताजा मामला धुरकी थाना क्षेत्र का है, जहां पशु तस्करी रोकने पर अपराधियों की टोली ने ग्रामीणों पर बंदूक तान दी। इस पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है, इससे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा से सटे इलाके से एक पिकअप से पशुओं की तस्करी की जा रही थी। तभी गांव के सतर्क ग्रामीणों ने वाहन को रोककर मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

# ट्रेड डील से अमेरिका ने भारत को खरीद लिया, अब किसान क्या आत्महत्या करेगा

### सांसद संजय राउत ने केंद्रीय मंत्रियों पर झूठ बोलने के लगाए आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस डील के तहत अमेरिका ने भारत को खरीद लिया है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों पर झूठ बोलने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि सरकार के लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत पर लगाए टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी करने का ऐलान किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संजय राउत ने बुधवार को कहा कि पीयूष गोयल समेत सरकार के सभी केंद्रीय मंत्री झूठ बोल रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ जो ट्रेड डील हुई है, वो हमारा देश लगभग अमेरिका के चरणों में डाल दिया है। अमेरिका ने हमको खरीद लिया है। बोलते हैं कि यह बहुत बड़ी हमारी विजय है। कौनसी विजय है भाई। आप बताइये। आप पूरे देश में जश्न मनाने की बात करते हो। उन्होंने कहा कि भारत को आज भी भारी टैरिफ देना पड़ रहा है।

राउत ने कहा कि 18 फीसदी टैरिफ आज भी कायम है, जो पहले 3 फीसदी था। उसके बावजूद अमेरिका के जो कृषि उत्पाद हैं, वो जीरो टैरिफ पर भारत के बाजार में आ जाएंगे, जिसमें सभी धान, फल, फूल, दूध, डेयरी प्रोडक्ट्स होंगे। हमारे किसान खून पसीना बहाकर जो माल बनाते हैं, उससे सस्ते दामों में अमेरिका अपना माल बेचेगा। तो क्या हमारा किसान आत्महत्या करेगा। उन्होंने कहा कि कोई एक रहस्यमय तरीके से हमारे सरकार के तरीके से लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है...।

बता दें वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ एक अच्छे व्यापार करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। गोयल ने अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा।

## निलंबित अधिकारी अग्निहोत्री का सरकार पर हमला, एससी-एसटी एक्ट के खिलाफ दिल्ली कूच का ऐलान

बरेली (एजेंसी)। यूजीसी बिल और माघ मेले के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई कथित अभद्रता के विरोध में इस्तीफा देने वाले चर्चित पीसीएस अधिकारी और पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बरेली पहुंचे अग्निहोत्री ने मीडिया से रूबरू होते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके इस्तीफे के बाद उन्हें निलंबित कर चार्जशीट थमाना उनकी आवाज को दबाने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी के इस्तीफे के जवाब में निलंबन और चार्जशीट की कार्रवाई की जाती है? अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि वे इस कार्रवाई को स्वीकार नहीं करेंगे और जल्द ही हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाकर अपने निलंबन को चुनौती देंगे। अलंकार अग्निहोत्री ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर डाली। उन्होंने कहा कि तंत्र का उपयोग उनकी सत्य की आवाज को कुचलने के लिए किया जा रहा है। अपनी भविष्य की रणनीति साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वाराणसी में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का आशीर्वाद लेने और प्रयागराज में वरिष्ठ वकीलों से कानूनी विमर्श करने के बाद वे अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। उन्होंने एससी-एसटी एक्ट को सामान्य वर्ग के लिए काला कानून करार देते हुए केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। अग्निहोत्री की मांग है कि सरकार इस कानून को समाप्त करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो वे आगामी 7 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगे और वहां एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। राजनीति में आने की अटकलों पर विराम लगाते हुए पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि फिलहाल उनका किसी राजनीतिक दल में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि सेवाकाल के दौरान प्रशासनिक पदों पर रहने के कारण सभी दलों के नेताओं और किसान यूनियनों से उनके अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन उनकी वर्तमान प्राथमिकता केवल एससी-एसटी एक्ट को रद्द कराना है। उन्होंने कहा कि वह अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग करते हुए दिल्ली में अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

## दुनिया के नए ग्लोबल आर्डर में किंग बनकर उभर रहा भारत... अमेरिका-चीन के दबाव में भी ताकत से खड़ा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बीते महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था 'टूट' रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ लाकर काम करना होगा। दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिसके कारण पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधे तौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की ओर ही था। दरअसल भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है। एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं। वहीं दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। इसके परेशानी भरे हालात में भी भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है।

इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा। इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नए अंतरराष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

आज भारत उन देशों में शामिल है जिनकी राय और फैसले वैश्विक राजनीति को प्रभावित करते हैं। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। भारत की इकोनॉमी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टॉप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए। लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं।

# पश्चिम बंगाल में सौ से ज्यादा सीटें जीतने का भाजपा अध्यक्ष नबीन ने बनाया प्लान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सत्ता हासिल करने के लिए एक अत्यंत गोपनीय और रणनीतिक ब्लूप्रिंट तैयार किया है। इसी क्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नितिन नबीन ने सांसदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें चुनावी रणनीति की बारीकियों और जमीनी हकीकत की समीक्षा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य केवल चुनावी औपचारिकताओं को पूरा करना नहीं था, बल्कि संगठन की ताकत और वोट बैंक को लेकर एक व्यापक रोडमैप तैयार करना था, ताकि राज्य में सत्ता परिवर्तन की मजबूत नींव रखी जा सके।

रणनीतिकारों के अनुसार, इस बैठक का माहौल काफी गंभीर था, जहां 12 लोकसभा सांसदों और दो राज्यसभा सांसदों के साथ वन-टू-वन चर्चा की गई। बैठक के दौरान हर क्षेत्र की विस्तृत रिपोर्ट ली गई और पार्टी ने राज्य की 100 से अधिक ऐसी विधानसभा सीटों को चिन्हित किया है, जहां बीजेपी जीत की प्रबल स्थिति में है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि यदि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाए और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाए, तो बंगाल की सियासत में एक बड़ा उलटफेर संभव है। इसी रणनीति को पार्टी ने प्लान 100से ज्यादा का नाम दिया है। नितिन ने सांसदों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में केवल ऊपरी प्रचार तक सीमित न रहें, बल्कि हर जोन में कार्यकर्ताओं को संगठित कर स्थानीय समस्याओं पर राज्य सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करें। सांसदों को निर्देशित किया गया है कि वे जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाएं। विशेष रूप से बांग्लादेश की सीमा से सटे इलाकों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया है, जहां सुरक्षा, घुसपैठ और विकास जैसे मुद्दे चुनावी दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इन सीमावर्ती क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। बैठक में यह भी तय किया गया कि केवल सांसदों के फीडबैक तक ही सीमित नहीं रहा जाएगा। आने वाले दिनों में पार्टी अध्यक्ष प्रदेश के विधायकों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भी संवाद करेंगे ताकि रणनीति को और अधिक धार दी जा सके। बीजेपी की इस बढ़ती सक्रियता और प्लान 100 प्लस के कार्यान्वयन ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। एक तरफ जहां बीजेपी



बूथ स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भी अपने गढ़ को बचाने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। चुनावी बिगुल बजने से पहले ही बंगाल की यह बिछती हुई राजनीतिक बिसात आने वाले समय में एक बेहद दिलचस्प और कड़े मुकाबले की ओर इशारा कर रही है।

## बलिया में अवैध अतिक्रमण हटाने गई टीम पर भारी पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

बलिया (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अवैध अतिक्रमण हटाने गई राजस्व और पुलिस की टीम पर स्थानीय उपद्रवियों ने जानलेवा हमला कर दिया। खेजुरी थाना क्षेत्र के हथौज गांव में तालाब (गडही) की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंची टीम पर अचानक हुए पथराव से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस हिंसा में एक लेखपाल, एक कानूनगो और दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल करना पड़ा। घंटों तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने एक महिला सहित सात लोगों को हिरासत में लिया है। पूरा विवाद हथौज गांव में स्थित तालाब के किनारे बनी अवैध झोपड़ियों और पक्के निर्माण को लेकर है। बताया जा रहा है कि गांव के ही निवासी सिद्धार्थ राय ने इस अतिक्रमण के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सोमवार को एसडीएम सिकंदरपुर, तहसीलदार और राजस्व टीम भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। जैसे ही टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की, वहां मौजूद भीड़ उग्र हो गई और पुलिस टीम को निशाना बनाकर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हमले में लेखपाल अमित राय, कानूनगो राजेश कुमार और सिपाही प्रेम पटेल व शैलेंद्र गुप्ता चोटिल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कुछ शरारती तत्वों के बहकावे में आकर ग्रामीणों ने राजस्व टीम और पुलिस पर हमला किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कई थानों की फोर्स को मौके पर बुलाया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। उपद्रव के बावजूद प्रशासन ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए अवैध निर्माण को पूरी तरह जमींदोज कर दिया है। लेखपाल की तहरीर पर खेजुरी पुलिस ने दो नामजद और करीब 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# कर्नाटक में प्रदर्शन कर रहे बीजेपी-जेडीएस विधायकों ने विधानसभा में गुजारी रात

### मॉर्निंग वॉक के बाद चाय पी, गाने गाए और मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर लगाए नारे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बीजेपी और जनता दल-सेक्युलर (जेडीएस) के विधायकों ने कथित शराब घोटाले को लेकर आबकारी मंत्री आरबी थिम्मापुर के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक विधानसभा में रात गुजारी। बुधवार सुबह भी बीजेपी-जेडीएस विधायकों का प्रदर्शन जारी रहा। कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष व विधायक बीवाई विजयेंद्र और विपक्ष के नेता आर अशोक समेत कई विधायक विधानसभा परिसर में मॉर्निंग वॉक करते हुए नजर आए। बाद में सभी विधायक एक जगह इकट्ठा हुए, चाय पी और आगे की कार्रवाई पर चर्चा की। कुछ देर बाद विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू हुआ, जिसमें बीजेपी और जेडीएस के विधायक विधानसभा के प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर बैठ गए और एक्साइज मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। उन्होंने गाने भी गाए और भारत माता की जय के नारे लगाए।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी विधायक चन्नाबसप्पा ने एक भक्ति गीत भी गाया। विजयेंद्र, अशोक और विधानसभा में विपक्ष के उपनेता अरविंद बेल्लाड समेत अन्य विधायक भी उनके साथ शामिल हुए। कथित शराब घोटाले के मामले में बीजेपी-जेडीएस के विधायक राज्य के आबकारी मंत्री आरबी थिम्मापुर का इस्तीफा मांग रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने दावा किया कि कर्नाटक के इतिहास में पहली बार शराब एसोसिएशन ने खुद एक्साइज डिपार्टमेंट में 6,000 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी मंत्री हर महीने 250 करोड़ से 300 करोड़ रुपए वसूल रहे थे। उनके मुताबिक हर डिप्टी कमिश्नर की पोस्ट के लिए 2 करोड़ रुपए और कांस्टेबल लेवल की पोस्टिंग के लिए भी 10 लाख रुपए लिए जा रहे थे। अशोक ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग का भी जिक्र किया, जिसमें कथित तौर पर एक डिप्टी कमिश्नर ने कहा था कि मंत्रियों को कट देना पड़ता है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि मंत्री के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत दर्ज की गई है।

अशोका ने आरोप लगाया कि इन सबके बावजूद मंत्री सबूत मांग रहे हैं और सीएम सिद्धारमैया, जिनके पास वित्त मंत्रालय भी है, पूरी सरकार उनका साथ दे रही है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस हाईकमान के पास बहुत सारा पैसा पहुंच रहा है। चुनावों के लिए यह भारी भरकम 6,000 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ है। हम धरना दे रहे हैं और जब तक एक्साइज मंत्री थिम्मापुर इस्तीफा नहीं देते, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# मनीष तिवारी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर तत्काल चर्चा कराने दिया स्थगन प्रस्ताव



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर संसद में राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने लोकसभा के महासचिव को पत्र लिखकर प्रश्नकाल, शून्यकाल और दिन की अन्य सभी कार्यवाहियों को स्थगित कर इस गंभीर सार्वजनिक विषय पर बहस कराने की अनुमति मांगी है।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने अपने पत्र में कहा कि यह मामला राष्ट्रीय हित, आर्थिक सुरक्षा और विदेश नीति से सीधे जुड़ा हुआ है, जिस पर संसद की जानकारी और चर्चा अनिवार्य है। उन्होंने लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर से कथित रूप से ऐसा बयान सामने आया है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत के प्रधानमंत्री इस व्यापार समझौते की शर्तों पर सहमत हो गए हैं। तिवारी के अनुसार, यह दावा अत्यंत गंभीर है और इसकी सच्चाई सदन के सामने स्पष्ट की जानी चाहिए।

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि इस कथित समझौते के तहत भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने, अमेरिका और वेनेजुएला से तेल आयात में भारी वृद्धि करने, भारतीय टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को लगभग शून्य करने तथा 500 बिलियन डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो इसके दूरगामी आर्थिक और सामाजिक प्रभाव पड़ सकते हैं।

तिवारी ने अपने पत्र में यह भी रेखांकित किया कि रूसी कच्चे तेल की खरीद से देश में ईंधन की कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद मिली है। यदि इसमें अचानक बदलाव किया गया, तो आम नागरिकों, परिवहन क्षेत्र और उद्योगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इसके साथ ही, बड़े व्यापार समझौते घरेलू विनिर्माण, किसानों और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस पूरे मामले पर तुरंत स्पष्ट बयान दे और संसद में विस्तृत चर्चा की अनुमति दे। तिवारी ने कहा कि व्यापार, ऊर्जा और विदेश नीति जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बिना पारदर्शिता के लिए गए निर्णय देशहित में नहीं हैं।

# सुनेत्रा पवार के डिप्टी सीएम बनने के बाद भी खत्म नहीं हो रहीं एनसीपी गुटों के एक होने की अटकलें

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन ने न केवल राज्य की राजनीति को स्तब्ध कर दिया है, बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भीतर सत्ता और समीकरणों के नए दौर को भी जन्म दे दिया है। अजित पवार के निधन के महज चार दिन बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी गई। इस त्वरित राजनीतिक घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, विशेषकर एनसीपी के दोनों गुटों के विलय और पवार परिवार की एकजुटता को लेकर।

अजित पवार के निधन के बाद शुरुआती दिनों में ऐसा लगा था कि शरद पवार और अजित गुट के बीच की दूरियां अब खत्म हो जाएंगी। स्वयं 85 वर्षीय वयोवृद्ध नेता शरद पवार ने मीडिया से कहा था कि अजित की अंतिम इच्छा पार्टी को फिर से एकजुट देखने की थी। दुख की इस घड़ी में पूरा परिवार और दोनों गुटों के कार्यकर्ता एक साथ नजर आए थे। लेकिन यह एकजुटता महज कुछ घंटों की ही साबित हुई। जैसे ही सुनेत्रा पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली, शरद पवार ने सार्वजनिक रूप से यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस फैसले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस बयान ने स्पष्ट कर दिया कि पर्दे के पीछे की राजनीति ने एक अलग ही करवट ले ली है।

रिपोर्टों के अनुसार, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे जैसे वरिष्ठ नेता अब अजित पवार की विरासत और पार्टी की कमान को संभालने की पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित कर रहे हैं। प्रफुल्ल पटेल ने खुद को अध्यक्ष पद की रेस से बाहर करते हुए घोषणा की है कि पार्टी कार्यकर्ता सुनेत्रा पवार को ही अध्यक्ष के रूप में देखना चाहते हैं। सरकार ने भी सक्रियता दिखाते हुए पुणे और बीड़ जिलों के पालक मंत्री की जिम्मेदारी सुनेत्रा पवार को सौंप दी है, जो पहले दिवंगत अजित पवार के पास थी। प्रफुल्ल पटेल का मानना है कि सुनेत्रा पवार को पार्टी की कमान सौंपना ही अजित दादा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सबसे बड़ी चर्चा एनसीपी के दोनों गुटों के विलय को लेकर थी, जिसे प्रफुल्ल पटेल ने फिलहाल सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकाय चुनावों में तालमेल और पार्टी का पूर्ण विलय दो अलग बातें हैं। पटेल ने उन दावों को भी दरकिनार कर दिया जिनमें शरद पवार गुट के साथ दोबारा जुड़ने की बात कही जा रही थी। उन्होंने कहा कि अजित पवार ने स्वयं कभी विलय का कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं रखा था। नेताओं के बीच होने वाली मुलाकातों को उन्होंने केवल पारिवारिक संबंधों तक सीमित बताया।

इस पूरे घटनाक्रम ने महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। अपने सबसे भरोसेमंद उत्तराधिकारी को खोने के बाद शरद पवार संभवतः पार्टी और परिवार को एक झंडे के नीचे लाना चाहते थे, लेकिन एनसीपी का नया नेतृत्व उनसे दूरी बनाता दिख रहा है। जिस तरह से सुनेत्रा पवार को आगे बढ़ाया जा रहा है और शरद पवार को निर्णयों से दूर रखा गया है, उससे संकेत मिलते हैं कि एनसीपी के भीतर



अजित पवार का गुट अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखने के लिए संकल्पित है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या शरद पवार की पार्टी को फिर से एक करने की अंतिम इच्छा अधूरी रह जाएगी? महाराष्ट्र की राजनीति का यह नया अध्याय अब किस दिशा में मुड़ेगा, इस पर पूरे देश की निगाहें टिकी हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**